

सूर्योदय प्रातः 6:25 | सूर्यास्त संध्या 5:41 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. अष्टमी, संवत 2082 | तापमान अधिकतम 24° न्यूनतम 10°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 09 फरवरी 2026, वर्ष : 16, अंक : 353, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,580.40 | 266.47 (0.32%) |
| निफ्टी | 25,693.70 | 50.90 (0.20%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,52,300.00 |
| चांदी | 2850.00 |

## भारत-मलेशिया के बीच सम्पन्न हुई द्विपक्षीय वार्ता

# व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मिली नयी ऊंचाई

- 11 महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हुए हस्ताक्षर
- प्रधानमंत्री की 2026 की पहली विदेश यात्रा
- पुराने सम्बन्धों और घनिष्ठ जन-सम्बन्धों को किया गया याद
- नरेन्द्र मोदी ने अनवर इब्राहिम को भारत आने का दिया निमंत्रण




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2026 की पहली विदेश यात्रा भारत और मलेशिया के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को नयी ऊंचाइयों पर ले जानेवाली साबित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री महामहिम दातो सेरी अनवर इब्राहिम के बीच रविवार को पुत्राजाया स्थित पर्दाना पुत्र परिसर में प्रतिनिधिमंडल स्तर की सार्थक वार्ता हुई।

वार्ता के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में कुल 11 महत्त्वपूर्ण दस्तावेज और समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। इनमें डिजिटल भुगतान और सुरक्षा सहयोग, सेमी कंडक्टर विकास और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, भ्रष्टाचार निवारण और आपदा प्रबंधन, भारतीय कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तथा तकनीकी शिक्षा और मलेशिया का अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होना है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी का रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री महामहिम दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने पर्दाना पुत्र परिसर में औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद, दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के आधिकारिक आवास सेरी पदार्ना में सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की। नेताओं ने व्यापक चर्चा की और 2024 में दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

उन्होंने साझेदारी की नींव रखनेवाले भारत-मलेशिया के सदियों पुराने सम्बन्धों और घनिष्ठ जन-सम्बन्धों को याद किया। नेताओं ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र, स्वच्छ ऊर्जा, अवसंरचना, स्टार्टअप, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, पर्यटन और सांस्कृतिक सम्बन्धों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सम्बन्धों के सम्पूर्ण परिदृश्य की समीक्षा की। नेताओं ने सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की।

● शेष पृष्ठ 11 पर

### मोदी ने मलेशिया में उद्योग जगत के शीर्ष लोगों के साथ की बैठक

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया में प्रमुख उद्योग जगत के प्रमुखों के साथ बैठक कर भारत-मलेशिया के बीच व्यापार और निवेश सहयोग को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने मलेशिया की चार अग्रणी कम्पनियों के शीर्ष प्रतिनिधियों से संवाद किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री ने पेट्रोनेस के अध्यक्ष एवं समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बरजाया कॉरपोरेशन बरहाद के संस्थापक तन श्री दातो' सेरी विन्सेंट तन ची यून, खजाना नेशनल बरहाद के प्रबंध निदेशक दातो' अमीरुल फैसल वान जाहिर तथा फिसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेन सेंगे से मुलाकात की।

● शेष पृष्ठ 11 पर



### भारतीय प्रवासियों से किया संवाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मलेशिया में भारतीय प्रवासी समुदाय के विशिष्ट सदस्यों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने मंत्रियों, सांसदों, सीनेटरों तथा आजाद हिंद फौज के वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री ने मलेशिया के डिजिटल मंत्री तुआन गोबिंद सिंह देव, मानव संसाधन मंत्री रमनन रामकृष्णन, प्रधानमंत्री विभाग में उप मंत्री तुआन एम. कुलसेगरन तथा राष्ट्रीय एकता के उप मंत्री तुआन आर. युनेसवरन सहित अन्य प्रमुख भारतीय मूल के नेताओं से बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने मलेशिया के विकास और प्रगति में भारतीय प्रवासी समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय समुदाय भारत-मलेशिया संबंधों को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रवासी भारतीय नेताओं ने भारत और मलेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूती देने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की तथा भारत के परिवर्तन से जुड़े उनके दृष्टिकोण और पहलों का समर्थन व्यक्त किया।

### मलेशिया में खुलेगा भारतीय महा वाणिज्यिक दूतावास

■ प्रधानमंत्री की यात्रा में क्या-क्या हुई घोषणाएं



**घोषणाएं**

- यात्रा के दौरान की गयीं घोषणाओं में मलेशिया में भारतीय महावाणिज्य दूतावास की स्थापना का निर्णय शामिल है, जिससे वहां रह रहे भारतीय समुदाय को कांसुलर सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी।
- कुआलालंपुर स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मलाया में एक समर्पित तिरुवल्लुवर केन्द्र स्थापित करने और मलेशियाई नागरिकों के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति शुरू करने की घोषणा की गयी।
- डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में एनपीसीआई इंटरनेशनल लिमिटेड और पेनेट एसडीएन बीएचडी के बीच सीमा-पार भुगतान समझौता।
- यूनिवर्सिटी ऑफ साइबरजया और आयुर्वेद प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सहमति

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की मलेशिया की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय सम्बन्धों को नयी मजबूती मिली है। यात्रा के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, डिजिटल, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण समझौतों के साथ जनहित से जुड़ी अहम घोषणाएं भी की गयीं, जो भारत-मलेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, यात्रा के दौरान भारत और मलेशिया के बीच ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण, आपदा प्रबंधन, भ्रष्टाचार की रोकथाम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन, सहमति पत्र और अन्य दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ। इसके साथ ही 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी, जिसमें व्यापार और निवेश सहयोग को आगे बढ़ाने से जुड़े सुझाव शामिल हैं।

● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### होली पर रेलवे चलायेगा लगभग 1500 ट्रेनें

**नयी दिल्ली :** होली का त्योहार नजदीक है और इस त्योहार पर घर लौटने वाले यात्रियों की संख्या हर साल बढ़ जाती है। इसे देखते हुए भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए मार्च महीने में 1,410 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाने का एलान किया है। यह संख्या मांग बढ़ने पर 1,500 तक बढ़ायी जा सकती है।

आपको बता दें कि पिछले साल 2025 में 1,144 स्पेशल ट्रेनें चलायी गयी थीं। रेलवे का यह कदम सुनिश्चित करता है कि त्योहार के दौरान यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा मिल सके। स्पेशल ट्रेनों का संचालन न केवल भीड़ को नियंत्रित करेगा, बल्कि प्रमुख शहरों और ग्रामीण इलाकों के बीच कनेक्टिविटी भी मजबूत करेगा। इस बार के अभियान में हर जोन ने यात्रियों की बढ़ती मांग के अनुसार ट्रेन परिचालन में वृद्धि की है।

### बस्तर पंडुम उत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे शाह

**जगदलपुर :** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित 'बस्तर पंडुम उत्सव 2026' के समापन समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। अमित शाह के आगमन को देखते हुए यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। अमित शाह अपने दौरे के आखिरी दिन यानी 09 फरवरी 2026 को जगदलपुर (बस्तर) जायेंगे। यहां वह 'बस्तर पंडुम उत्सव' के समापन समारोह में शिरकत करेंगे। यह उत्सव बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और वहां लौट रही शांति का प्रतीक माना जा रहा है। 'बस्तर पंडुम उत्सव' के समापन समारोह को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है, वहीं गृहमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी राज्य के डीजीपी, एसीएस होम की संभवत 31 मार्च से पहले यह आखिरी बैठक हो सकती है, जिसमें रणनीतियों पर चर्चा होगी।

## सिंधु समझौता सस्पेंड होते ही एक्शन में मोदी सरकार

**चिनाब नदी पर सावलकोट हाइड्रो प्रोजेक्ट को मिली हरी झंडी**



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को सस्पेंड करने के बाद मोदी सरकार ने चिनाब नदी पर बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा प्रोजेक्ट की दिशा में अहम कदम उठाया है। सरकारी कम्पनी एनएचपीसी ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सावलकोट हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। एनएचपीसी ने चिनाब नदी पर बननेवाले इस सावलकोट हाइड्रो प्रोजेक्ट के लिए 5129 करोड़ रुपये की लागत से जुड़ा टेंडर खोला है। यह पूरा प्रोजेक्ट एक ही पैकेज के तहत तैयार किया जायेगा। टेंडर दस्तावेज के मुताबिक, इस पैकेज में डाइवर्जेंट टनल का निर्माण, एडिट, डीटी और कोफर डैम का निर्माण शामिल है। इसके अलावा मांडिया नाला डीटी, इससे जुड़े सडक निर्माण कार्य, राइट बैंक स्पाइरल टनल, एक्सेस टनल और डैम से जुड़े सभी सहायक कार्य भी इसी पैकेज का हिस्सा होंगे।

● शेष पृष्ठ 11 पर

### उग्रवादी संगठनों के तीन कैडर गिरफ्तार

**इंफाल :** राज्य में जबरन वसूली और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए इंटेलिजेंस आधारित कॉम्बिंग, घेराबंदी और तलाशी अभियान बड़े पैमाने पर चलाये जा रहे हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय की तरफ से रविवार को जारी बयान के अनुसार शनिवार को सुरक्षा बलों ने प्रीपाक (प्रो) के एक सक्रिय जबरन वसूली करने वाले कैडर, सगोलसेम जॉयचंद्र सिंह (47) उर्फ बुंगचा, जो काकवा मखा नामेइरकपम लीकाई का रहनेवाला है, को इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबंग थाना क्षेत्र के कोंगबा नंदेइबम लीकाई इलाके से गिरफ्तार किया गया।

## 11 साल बाद बढ़ी सरकारी वकीलों की फीस

**मंत्रालय जारी कर चुका है अधिसूचना**



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने अदालतों में सरकार की ओर से पैरवी करने वाले वकीलों को बड़ी राहत देते हुए उनकी फीस में बढ़ोतरी कर दी है। लगभग 11 साल बाद यह संशोधन किया गया है। केन्द्रीय कानून मंत्रालय ने 05 फरवरी को इस सम्बन्ध में अधिसूचना भी जारी कर दी है, जिसके तहत विभिन्न श्रेणियों के सरकारी वकीलों को अब पहले की तुलना में काफी अधिक पारिश्रमिक मिलेगा। अधिसूचना के अनुसार, नियमित अपील और अंतिम सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश होनेवाले 'ए' श्रेणी के वकीलों को अब प्रति मामले में प्रति दिन 21,600 रुपये का भुगतान किया जायेगा। वहीं, 'बी' और 'सी' श्रेणी के वकीलों को 14,400 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। इससे पहले 'ए' श्रेणी के वकीलों को 13,500 रुपये और 'बी' व 'सी' श्रेणी के वकीलों को 9,000 रुपये प्रति दिन फीस मिलती थी।

● शेष पृष्ठ 11 पर

## एसआईआर के नाम पर मुस्लिम मतदाताओं के वोट काटे जा रहे : अखिलेश यादव

एजेंसी

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर एक प्रेसवार्ता की।



इस दौरान उन्होंने बीजेपी, चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर जम कर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से बिहार का चुनाव जीता गया है। अब पश्चिम बंगाल में लगातार यही कोशिश हो रही है। इस कारण बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्ती को बीजेपी की काली करतूत को उजागर करने के लिए काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। प्रेसवार्ता में सपा अध्यक्ष अखिलेश अपने साथ सुल्तानपुर निवासी नंदलाल को भी लेकर आये थे। उन्होंने चुनाव आयोग और बीजेपी पर आरोप लगाकर कहा कि नंदलाल से बीजेपी ने एसआईआर का फॉर्म 7 भरा लिया। बीजेपी पर हमला बोल कर अखिलेश यादव ने कहा कि द्वापर और त्रेता के नामवाले लोगों, दशरथ और नंदलाल से हमें बहुत मदद मिल गयी।

## कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर हिमन्त बिस्व सरमा ने लगाया पाकिस्तानी लिंक का आरोप



एजेंसी

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई से जुड़े पाकिस्तान लिंक के आरोपों को बेहद गम्भीर बताते हुए कहा कि किसी वर्तमान सांसद का नाम सामने आने से यह मामला सामान्य जांच से कहीं आगे निकल जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई से जुड़े आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब संसद का एक सदस्य, वह भी विपक्ष का वरिष्ठ नेता, ऐसे मामलों में नामजद होता है, तो इसकी गम्भीरता कई गुना बढ़ जाती है। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा राजधानी दिसपुर के लोक सेवा भवन में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि मामले की शुरुआती जांच असम पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने की थी, जिसके बाद सीआईडी पुलिस थाने में औपचारिक मामला दर्ज किया गया। एसआईटी की रिपोर्ट पर विचार के बाद राज्य मंत्रिमंडल इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मामले की प्रकृति और दायरा ऐसा है, जिसकी जांच किसी केन्द्रीय एजेंसी से करायी जानी चाहिए।

## सऊदी अरब दौरे के पहले दिन कई कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत-सऊदी रक्षा सम्बन्धों को मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के गवर्नर अहमद बिन अब्दुल अजीज अल-ओहाली से मुलाकात कर औद्योगिक तालमेल और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के अवसरों को बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की।

**इंडिया पवेलियन के उद्घाटन के साथ ऐतिहासिक शुरुआत!**

**रविवार** को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सऊदी अरब में आयोजित #WorldDefenseShow2026 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को प्रदर्शित करनेवाले इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत संजय सेठ ने स्वदेशी रक्षा उपक्रमों और प्रदर्शकों के साथ बातचीत की।




## अंदर के पन्नों पर


3 फाइलेरिया मुक्त रांची के लिए हर नागरिक की...

5 मेयर चुनाव में कॉपी पेस्ट राजनीति पर उठा...

7 सियासी खींचतान तेज, समर्थन को लेकर...

9 प्रशांत किशोर ने बगहा से शुरू की बिहार...

10 अंडर-19 विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का...


## कार्टून कोना




# रेल मंत्री ने बंगाल के लिए प्रमुख रेल अवसंरचना परियोजनाओं का किया अनावरण




एजेंसी

**कोलकाता :** केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी की उपस्थिति में सिउरी रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया। कुमारपुर रोड ओवर ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित किया तथा नयी आसनसोल-बोकारो रेल सेवा को हरी झंडी दिखायी।

इस अवसर पर सिउरी में विधायक अनूप कुमार साहा, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और उससे सटे क्षेत्रों में रेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने, सुरक्षा बढ़ाने तथा क्षेत्रीय सम्पर्क में सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम हैं। रेल मंत्री ने बताया कि इस वर्ष पश्चिम बंगाल के लिए रेलवे बजट में रिकॉर्ड 14,205 करोड़ का आवंटन किया गया है, जो पूर्ववर्ती सरकार के औसत आवंटन से तीन गुना से अधिक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पश्चिम बंगाल में लगभग 92,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जो राज्य में बुनियादी ढांचे के व्यापक परिवर्तन में सहायक होंगी।

श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल में रेल सम्पर्क को बढ़ाने के लिए एक दर्जन से अधिक नयी ट्रेनों की शुरुआत की गयी है। यह उल्लेखनीय है कि पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पश्चिम बंगाल से शुरू की गयी तथा पहली अमृत भारत ट्रेन भी यहीं से प्रारम्भ हुई। यह क्षेत्र के विकास के लिए माननीय प्रधानमंत्री की 'पूर्वोदय' की दूरदर्शी पहल को दर्शाता है। रेल मंत्री ने यह भी कहा कि इस वर्ष के रेल बजट में पश्चिम बंगाल के लिए पहली बुलेट ट्रेन की घोषणा की गयी है, जो सिलीगुड़ी से प्रारम्भ होगी। साथ ही, प्रधानमंत्री

● शेष पृष्ठ 11 पर

### मिजोरम-असम को जोड़नेवाली नयी ट्रेन सेवा को रेल मंत्री दिखायेंगे हरी झंडी

**पूर्वोत्तर** क्षेत्र में कनेक्टिविटी और यात्री-केंद्रित बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के भारतीय रेलवे के विजन के अनुरूप रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आगामी 09 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सायरंग - सिलचर के बीच एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे और गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर नई पैसेंजर सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। यह पहल अंतर-राज्यीय कनेक्टिविटी को एक महत्त्वपूर्ण बढ़ावा देगी, साथ ही यात्रियों के लिए आराम, सुविधा और देखभाल को भी बढ़ायेगी। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने रविवार को बताया कि सायरंग रेलवे स्टेशन पर होने वाले इस कार्यक्रम में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा भी मौजूद रहेंगे।

## एक झलक

### भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए परिवार व्यवस्था को सुधारना आवश्यक : राकेश लाल

**रांची** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को रातु रोड स्थित अलकापुरी में सर्व हिन्दू समाज की ओर से हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आरएसएस बिहार-झारखंड क्षेत्र के सद्भाव प्रमुख राकेश लाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए सबसे पहले परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे आयोजनों को स्वदेशी परंपराओं के अनुसार मनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए पेड़ लगाने, जल संरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग को रोकने जैसे तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मनीष सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने हिंदू संस्कृति के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कॉलोनी की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत मधुर गीतों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया और उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।

### बेड़ो में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल

**बेड़ो** : थाना क्षेत्र में रविवार की शाम लगभग साढ़े छह से सात बजे तक में तीन जगहों पर हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व ऑटो सवार दो युवक गंभीर रूप घायल हो गए। जहां पहली दुर्घटना में बेड़ो के रतन टोली गांव के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर एक बाइक सवार युवक ग्राम मसमानो ठाकुरगांव थाना भंडरा जिला लोहरदगा निवासी 19 वर्षीय दुर्गा कुमार राम पिता बोध राम असंतुलित होकर गिरने से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गया। घायल युवक ने बताया कि वह बहन को रांची छोड़कर कर वापस घर लौट रहा था। तभी यह घटना घटी। दुसरी घटना में करांजी गांव के पास एक बाइक सवार रोहित बैठा 28 वर्ष पिता स्व राजेश बैठा तुको बेड़ो निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरी घटना में गुमला रोड में खिरदा मोड़ के पास एक ऑटो को पीछे से अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया जिससे बेड़ो थाना क्षेत्र सिझुवागांव निवासी 36 वर्षीय चामा उरांव स्व मिलु उरांव और कोकड़े जोभी टोली गांव निवासी 27 वर्षीय कृष्णा उरांव पिता दसु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गया। जहां सभी घायलों को चिकित्सक डा सुनील कंडुलना ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं गंभीर रूप से घायल रोहित बैठा व चामा उरांव को रिम्स रेफर कर दिया।

### रांची के खटंगा में आजसू का मिलन समारोह

**रांची** : ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) की ओर से खेलगांव के खटंगा में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और समाजसेवियों को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आज विकास के रास्ते से भटक चुका है। खनिज संपदा से समृद्ध होने के बावजूद राज्य की पहचान अब लेबर स्टेट के रूप में बनती जा रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य को फिर से सही दिशा में ले जाने के लिए युवाओं को आगे आकर नेतृत्व संभालने की आवश्यकता है। सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी से लगातार युवा जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी ही राज्य के नवनिर्माण की मजबूत नींव रख सकती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर झारखंड के विकास और सशक्तिकरण के लिए काम करने का आह्वान किया।

## झारखंड में 10 फरवरी से छायेंगे आंशिक बादल

# तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी की सम्भावना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में 10 फरवरी से आंशिक बादल छाने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल राज्यभर में पछुआ हवाएं (उत्तर-पश्चिम दिशा से) चल रही हैं, जिसके कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वहीं सोमवार से हिमालयी क्षेत्र में



पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिसका असर आने वाले दिनों में झारखंड के मौसम पर पड़ सकता है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर मौसम साफ रहा। ठंडी हवाएं मध्यम गति से चलती रहीं, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ, हालांकि धूप में हल्की गर्मी भी महसूस की गई। पछुआ हवा के प्रभाव से रांची सहित कई जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया गया। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री कम दर्ज हुआ, जबकि डाल्टनगंज में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री कम रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 31.8 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान गुमला में 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री और न्यूनतम 9.1 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 28.5 और न्यूनतम 11.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 28.8 और न्यूनतम 8.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 28.5 और न्यूनतम 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 31.8 और न्यूनतम 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आरटीसी कॉलेज में कुरमी/ कुड़मी अधिकार महारैली को लेकर की बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : कुरमी/ कुड़मी अधिकार महारैली कि तैयारी बैठक आरटीसी इंटर महाविद्यालय टहुदाग ओरमांझी में रणधीर कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस के बतौर मुख्य अतिथि कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि कुरमी अधिकार महारैली 1 मार्च को रांची के प्रभात तारा मैदान में अपने हक अधिकार को लेकर लाखो की संख्या में उपस्थित होंगे। सभी लोग अपनी दल गत नीति से ऊपर उठ कर समाज के विभिन्न मांगो का समर्थन कर रहे हैं इसके लिए प्रत्येक गांव में कमेटी का गठन किया जा रहा है। प्रत्येक गांव में बैठक कर लोगों को आने के लिए तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। जिला परिषद सदस्या सरिता देवी ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए महिलाएं तैयार हैं हम अपना अधिकार सरकार से लड़ के लेंगे।अब लड़ाई अंतिम चरण पर हैं आर पार कि लड़ाई हो गई है। हमारे बच्चे तेज होकर भी कॉलीफाइड नहीं कर पाते हैं कुरमी को बीसी 2 में रखा गया है जिसका आरक्षण मात्र 2% मिलता है। जबकि हमारी आबादी लगभग 30% है। इस बैठक में मुख्य रूप से अधिवक्ता अंजीत महतो, अलखनाथ महतो, विजय आनंद, जलेश कुमार महतो, सुनील कुमार,योगेश महतो, महेंद्र महतो, सुनील महतो, जंगल महतो, भूषण महतो, वीरेंद्र महतो, बालक महतो, शंकर महतो,चंद्र मोहन महतो, भानु प्रताप महतो, विष्णु चरण महतो लक्ष्मण महतो, रामकिशोर महतो, जगदीश महतो, महेश्वर मेहता, रामलखण महतो आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

## रोड निर्माण के लिए कृषि जमीन अधिग्रहण का किया विरोध

# कृषि जमीन की रक्षा करे सरकार : सुफल महतो




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू/राहे** : बुंडू-बंता रोड चौड़ीकरण के नाम पर माझीडीह, कुबाडीह, पुरानानगर, महेशपुर, खाटंगा, डोमनडीह गांव के कृषि जमीन पर नये रोड निर्माण की कोशिश के खिलाफ प्रभावित किसानों ने शिवटंगरा मैदान में विरोध प्रदर्शन कर कृषि जमीन नहीं देने का लिया शपथ लिया।उत्तेजित किसान कृषि जमीन हमारा जान है,जान देंगे- जमीन नहीं देंगे, जमीन अधिग्रहण कानून 2013 का उल्लघंन नहीं चलेगा, चौड़ीकरण के नाम पर कृषि जमीन पर नये रोड का निर्माण नहीं चलेगा, सरकार कृषि जमीन की रक्षा करे ,बिना ग्राम सभा जमीन अधिग्रहण नहीं चलेगा आदि नारे लग रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा बुंडू- बंता रोड चौड़ीकरण के नाम पर माझीडीह, कुबाडीह, पुरानानगर, महेशपुर, खाटंगा, डोमनडीह, गांव के किसानों के कृषि जमीन पर नये रोड निर्माण की कोशिश के खिलाफ किसानों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, एवं उपायुक्त रांची को किसानों ने ज्ञापन सौंपकर कृषि जमीन पर नये रोड निर्माण के लिए जमीन नहीं देने तथा कृषि जमीन की रक्षा का गुहार लगा चुके हैं,80 प्रतिशत किसानों की सहमति का खुल्लम खुल्ला उलंघन हो रहा है।छोटे छोटे जमीन का टूकड़ा किसानों का जीवन का आधार है। झारखंड में मात्र 25 प्रतिशत ही कृषि जमीन है, वाकी पठारी जमीन है। सरकार कृषि जमीन की रक्षा करे वरना जबरन जमीन अधिग्रहण का तीखा विरोध होगा, किसानों के सामने जीने - मरने का सवाल है। महेशपुर ग्राम प्रधान अक्षय महतो ने कहा उक्त गांवों में ग्राम सभा कर कृषि जमीन रोड निर्माण के लिए नहीं देने के फैसले का प्रति सरकार को दिया जा चुका है।इस अवसर पर सर्वेश्वर महतो, प्रेम नाथ महतो, निरंजन अहिर, विशेश्वर महतो, नारायण महतो, पुशुवा महतो, राजेन्द्र गोझू, पशुपति महतो, कुशल महतो, गोबिंद महतो,बिहारी महतो, धनेश्वर अहिर, अजय, हेमंती देवी, मौला देवी, भवानी देवी, कोकिला देवी, विधा देवी, संपत्ति देवी, सुखंती देवी,सितोला देवी, सति देवी, प्रतिमा देवी, करूणा देवी, उषा देवी, कमला देवी मधुसूदन महतो, हरिप्रसाद महतो, राजकुमार महतो, गिरीधर महतो, दिनबंधू महतो, कलेश्वर महतो, जनार्दन महतो, गिरिजा महतो, प्रदीप महतो, मुकेश महतो,चक्रधर महतो,अमर महतो, बिंदेश्वर महतो, बसंती देवी, चंचला देव,झालो देवी, चांदो देवी, ललनी देवी,रोजोवाला देवी , प्रकाश महतो,सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।अंत में किसानों के कृषि जमीन पर रोड निर्माण की किसी भी प्रकार के कोशिश का विरोध करने का निर्णय लिया गया। किसानों के विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अक्षय महतो ने किया।

## सर्व हिन्दू समाज ने अलकापुरी में किया हिन्दू सम्मेलन आयोजित



**रांची** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में अलकापुरी, रातु रोड पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मनीष सिन्हा जी ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने हिंदू संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। कॉलोनी की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत मधुर गीतों ने समां बांध दिया। मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस बिहार-झारखंड क्षेत्र के सद्भाव प्रमुख राकेश लाल जी (लालपुर निवासी) ने उद्बोधन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए परिवार व्यवस्था को सुधारना आवश्यक है। जन्मदिन जैसे कार्यक्रम स्वदेशी तरीके से करने चाहिए। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना, पानी बचाना और प्लास्टिक का उपयोग रोकना जैसे तीन प्रमुख बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। 1 मार्च को चुटिया में विराट हिंदू संगमः इसी श्रृंखला में पूरे रांची महानगर में 156 स्थानों पर हिंदू संगम आयोजित होंगे। 1 मार्च को चुटिया के शास्त्री मैदान में भव्य विराट हिंदू सम्मेलन होगा।

## नगर भ्रमण पर निकले बजरंग बली, उमड़ा आस्था का जन शैलाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के केशा गांव स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को बजरंग बली की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान आस्था का जन शैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान कई अनुष्ठान संपन्न हुए। सुबह में यज्ञाचार्य ध्रुव मिश्रा, अरविंद पांडेय,कामेश्वर पाठक व सोनू पंडा के अगुवाई में बतौर यजमान मनोज सिंह सपत्नी रोहिणी सिंह, अरुण प्रताप सिंह रेवती देवी,वासुदेव साहू अनीता देवी, रमेश साहू रीता देवी,रितेश साहू अर्चना देवी, अनिल साहू मिनी देवी, सुखदेव गोप,उगन देवी, जगदीश गोप देवंती देवी, राम नाथ गोप रेणु देवी, कमलेश गोप वीणा देवी,महेंद्र गोप जीतन देवी,गंगा साहू सधन देवी ने विधि विधान से वेदी पूजन, विविध अधिवास और महा स्नान आदि अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद पारंपरिक गाजे बाजे के साथ हनुमान जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। यज्ञ मंडप परिसर से शुरू हुई नगर भ्रमण पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए यज्ञ मंडप परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल सैंकडों भक्तों के जय श्री राम, जय हनुमान आदि देवी देवताओं के जयकारे से पूरा गांव गूंज उठा। इस अवसर पर भक्ति गीतों पर महिला और पुरुष उत्साह



के साथ झूमते भी दिखे। नगर भ्रमण में भाजपा नेता राम नारायण भगत ने कहा कि हनुमान जी को हिंदू धर्म में बहुत ही लोकप्रिय देवता माना जाता है। हनुमान जी अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं। नगर भ्रमण के बाद शैय्याधिवाश का अनुष्ठान संपन्न हुआ। संध्या में 12 घंटे का अखंड हरि कृतन व आरती के बाद महा भंडारे का प्रसाद वितरित की गई। अनुष्ठान को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर राजेंद्र सिंह,जगदीश गोप,मनोज सिंह, विजय गोप,रितेश साहू,गोविंद भगत, संदीप गोप, मनोज लोहरा, अरुण प्रताप सिंह, सत्यनारायण साहू, रंजन प्रसाद,शिवम सिंह, अनिल साहू,सजंय सिंह रमेश साहू, संजय साहू, कमलेश गोप, दीपक साहू, बबलू गोप,रामनाथ गोप, पवन उरांव,कृष्णा गोप, शंकर गोप,राहुल साहू, दिनेश सिंह,कुंदन साहू,करन गोप, बजरंग सिंह, शंकर राम, कमलेश गोप,विकास साहू, पंकज सिंह, महेंद्र गोप, उमेश सिंह सहित गांव के युवा,समाजसेवी पूरे उत्साह और समर्पण से लगे हुए हैं।

## बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहु सपरिवार पहुंचे मां छिन्नमस्ता के दरबार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहु अपने परिवार के साथ विश्व प्रसिद्ध रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्ता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान उन्होंने मां छिन्नमस्ता से बरही विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड की सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली और विकास की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात अरुण साहु ने कहा कि माँ छिन्नमस्ता की कृपा से क्षेत्र में आपसी भाईचारा बना रहे, युवाओं को बेहतर अवसर मिले और आम जनता का जीवन स्तर और बेहतर हो। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे सेवा और जनकल्याण की भावना मजबूत होती है। मौके पर साबी देवी, नेहा साहु, शिल्पी साहु, सुभाष साहु, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री सुधीर मंगलेश, सतीश कुमार, प्रभात कुमार, रजीत कुमार, बबलू साहु, सजीत साहु, विक्की साहू आदि मौजूद थे।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन ने पतरातू में की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू** : पीटीपीएस पतरातु में एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक पतरातु की साप्ताहिक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता भाकप अंचल सचिव सह एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक पीवीयूएनएल शाखा सचिव कामरेड मनोज कुमार महतो के द्वारा किया गया इस बैठक में मजदूरों की समस्याओं एवं 12 फरवरी 2026 के राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने पर चर्चा किया गया वही कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि 12 फरवरी 2026 के राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए दीवाल लेखन, नूकर सभा ,पर्चा पोस्ट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र , इंडस्ट्रियल एरिया एवं एनटीपीसी लेबर गेट में मजदूर एवं आम जनता के बीच जाकर आम हड़ताल के बारे में समझाएंगे एवं यह हड़ताल आपके लिए क्यों जरूरी है यह भी बताएंगे वही यूनियन ऑफिस से लेकर कटिया चौक लेबर गेट अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट इंडस्ट्रियल एरिया,बिरसा मार्केट तक मोटरसाइकिल जुलूस कर चार लेबर कोड रद करो काला कानून रद्द ,करो मोदी सरकार मुदार्बाद अडानी अबानी की सरकार मुदार्बाद पूंजीपतियों के सरकार मुदार्बाद 12 फरवरी के हड़ताल को सफल बनाएं आदि नारे लगाते हुए हड़ताल का प्रचार प्रसार किया गया। उपस्थितसाथी- मनोज कुमार महतो ,मनोज पहन नरेश बेदिया ,विक्की कुमार किशोर कुमार महतो रमेश महतो संदीप ठाकुर चंदन नायक सुनील उरांव प्रदीप सिंह प्रकाश बेदिया सूरज कुमार सलीम अंसारी सहूल अंसारी रॉकी दास धर्मेश साहू नरेश कुमार सिंह किताब आलम जितेंद्र मुंडा शिव मिंज सुजीत राम सनी लाल बेदिया रवि कुमार रूपेश साहू, विजय कुमार, विनय गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, आनंद कुमार, शिवम कुमार, अनिल कुमार दिनेश कुमार महतो, विक्की महतो, सुजीत सहित अन्य मौजूद थे।

## मृतक के शोक संतप्त परिजनों से मिलीं कृषि मंत्री



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के चनकोपी चरका टंगरा गांव में नहाने के दौरान बीते दिनों दो बच्चों की डूबकर हुई मौत के मामले में शनिवार को राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शोक संतप्त परिजनों से उनके घर पर मुलाकात किया। यह घटना बेहद ही दुखद और समाज को भविष्य को लेकर सचेत करने वाली है। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि बेटे को खोने का गम असहनीय होता है। उसके दर्द को शब्दों से बयां नहीं किया जा सकता। चरका टंगरा गांव निवासी बिरसा उरांव के नौ वर्षीय पुत्र संजीत उरांव और सुनील उरांव के सात वर्षीय पुत्र सूर्या उरांव की मौत से पूरा क्षेत्र मर्माहत है। परिवार ही नहीं गांव के लोग भी इस घटना को नहीं भुला पा रहे हैं। इस मामले में अधिका रियों को अविलंब मुआवजा राशि भुगतान को लेकर प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद किया जाएगा। वहीं मौके पर उप प्रमुख मुद्दसिर हक, जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, रूपदेव उरांव, पवन लकड़ा, कईयूम अंसारी, विष्णु उरांव व गीता उरांव समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## तिलकुट बेचनेवाले का बेटा यूजीसी नेट जेआरएफ में बना टॉपर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय के युवक अशोक कुमार साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99. 41% अंक प्राप्त कर नेशनल लेवल में 127 वां रैंक प्राप्त कर टॉप किया और जेआरएफ हासिल किया। उक्त प्रदर्शन को देखते हुए इस उपलब्धि पर अशोक कुमार साहू का सम्मान करने हेतु उनके आवास आदर्श नगर कोकर, रांची में जाकर लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राम विलास साव एवं राजद नेता हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह टीएसफोर के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू, तथा (घांसी समाज) के प्रदेश संयोजक सह रांची जिला अध्यक्ष मुकुंद नायक ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र, माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किये। ज्ञात हो कि अशोक साहू के पिता टहल साहू महावीर चौक स्थित अपर बाजार रांची में ठेले पर समोसा-जलेबी एवं तिलकुट बेचते हैं। जिन्होंने कठिन और विपरीत परिस्थिति में अपने पुत्र की पढ़ाई में हर संभवत सहयोग किया और उनकी मेहनत को सही दिशा दी। अशोक साहू की सफलता न केवल परिवार का गर्व का विषय है, बल्कि समाज के अन्य छात्रों और अभिभावकों के लिए उच्च शिक्षा की प्रेरणा भी है अशोक साहू मूल रूप से ग्राम तेलियडीह, प्रखंड टंडवा,जिला चतरा के निवासी हैं।

## राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चिन्ताजनक : नीलकंठ सिंह मुंडा

**खूंटी** : राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा रविवार को लांदुप पंचायत में आयोजित वनभोज कार्यक्रम में शामिल होकर स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और क्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आज उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। रोजगार के अभाव, विकास योजनाओं के ठप पड़ने और लगातार बढ़ते पलायन से लोग बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना था कि सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## जनता तड़प रही, अधिकारी सो रहे! चार साल से अधूरा ओवरब्रिज बना अभिशाप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : ओवरब्रिज निर्माण के नाम पर चल रहा यह कार्य अब विकास नहीं बल्कि सरकारी संवेदनहीनता और ठेकेदार-NHAI की मिलीभगत का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। पिस्का रेलवे स्टेशन से नारो बाजार तक पिछले करीब चार वर्षों से दर्जनों घरों में रहने वाले सैकड़ों लोग धूल, कीचड़, शोर और खतरे के बीच जीने को मजबूर हैं, लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) और निर्माण कंपनी के अधिकारियों की नींद अब तक नहीं टूटी। निर्माण स्थल पर न तो सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही आम लोगों की सुविधा का कोई ध्यान रखा गया है। जगह-जगह खुले गड्ढे, बिखरा मलबा और अधूरा



काम हादसों को खुला न्योता दे रहा है। बरसात में सड़कें नाले में तब्दील हो जाती हैं, वहीं गर्मी में उड़ती धूल लोगों की सांसें तक छीन रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चार साल में न जाने कितनी बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार फाइलें दौड़ती रहीं और जमीनी हकीकत जस की तस बनी रही। बच्चों का स्कूल जाना दूभर हो गया है, बुजुर्ग घरों में कैद होकर रह गए हैं और कई परिवार मानसिक व आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई घरों में दरारें पड़ चुकी हैं, कंपन से मकान हिल रहे हैं, लेकिन न तो किसी प्रकार का मुआवजा दिया गया और न ही सर्वे कराया गया। यह साफ दशार्ता है कि कंपनी और NHAI को जनता की जान-माल से कोई सरोकार नहीं है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य को तेज कर सुरक्षा, जलनिकासी और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन, सड़क जाम और धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन, ठलअक और निर्माण कंपनी की होगी।

## एडमिट कार्ड के निर्देशों का पालन करें, समय से पहुंचें परीक्षा केन्द्र

# डर नहीं, भरोसे के साथ दें बोर्ड परीक्षा : विवेक प्रधान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : श्री अग्रसेन स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने आगामी 17 फरवरी से शुरू हो रही सीबीएसई बोर्ड परीक्षा बच्चों को दिया सुझाव। सीबीएसई की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी हो चुका है। बच्चे परीक्षा की अंतिम तैयारी में जी-जान से जुटे हैं। ऐसे में अब परीक्षा से ठीक पहले विद्यार्थियों को किन बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, इस संबंध में श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के प्राचार्य विवेक प्रधान ने अपनी बात रखी है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड में दर्ज सभी दिशा-निदेर्शों को गंभीरता से पढ़ना और उसका पालन करना चाहिए। सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में विद्यार्थियों को यातायात के साधनों और दूरी को ध्यान में रखते हुए समय से पहले परीक्षा केंद्र के लिए निकलना चाहिए,



ताकि अंतिम समय की हड़बड़ी और तनाव से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र में विद्यार्थी विद्यालय की निर्धारित यूनिफॉर्म में ही जाएं और अपने साथ केवल एडमिट कार्ड, आईडी कार्ड और आवश्यक स्टेशनरी सामग्री ही रखें। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में ले जाना पूर्णतः वर्जित है। नियमों का उल्लंघन परेशानी में डाल सकता है। विद्यार्थियों को अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के चक्कर में न पड़ें। किसी भी जानकारी के लिए केवल अपने विद्यालय या सीबीएसई की आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। प्राचार्य ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण अवश्य है, लेकिन यह डरने का नहीं बल्कि आत्मविश्वास दिखाने का अवसर है। विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष नियमित अध्ययन किया है और अब समय है उस तैयारी पर पूरा विश्वास रखने का। परीक्षा के दौरान शांत मन से प्रश्नपत्र पढ़ें, जल्दबाजी से बचें और जो आता है, उसे पूरे आत्मविश्वास के साथ लिखें। घबराहट और नकारात्मक विचार केवल एकाग्रता को कमजोर करते हैं। इसलिए सकारात्मक सोच, धैर्य और पूरे विश्वास के साथ परीक्षा दें।

## सड़क दुर्घटना में घायल केन्द्रीय सचिव चंद्रदेव महतो से मिलने पहुंचे जेएलकेएम के पदाधिकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय सचिव एवं झुमरा पहाड़ के चतरोचट्टी प्रखंड अंतर्गत चिलगो निवासी चंद्रदेव महतो तथा बोकारो जिला के कसमार प्रखंड अंतर्गत हिसिम निवासी ताराचंद महतो बीते 06 फरवरी को गोला (रामगढ़) के भेंडा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। दुर्घटना के तुरंत बाद दोनों घायलों को ईलाज के लिए सदर अस्पताल, रामगढ़ में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान चंद्रदेव महतो के दाहिने पैर में गंभीर फ्रैक्चर पाए जाने के कारण उन्हें बेहतर इलाज हेतु गुलमोहर हॉस्पिटल, बूटी मोड़, रांची रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जेएलकेएम के केंद्रीय महासचिव संतोष चौधरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो तथा जिला महामंत्री मुख्तार अंसारी गुलमोहर हॉस्पिटल, रांची पहुंचे और चंद्रदेव महतो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि जेएलकेएम परिवार चंद्रदेव महतो के हर सुख-दुःख में साथ खड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिस तरह की भी सहायता की आवश्यकता होगी, संगठन हर संभव मदद करेगा और किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने ईश्वर से चंद्रदेव महतो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

## एक झलक

### अब 15 फरवरी तक खुला रहेगा लोक भवन, रांची उद्यान

• **पूर्व निर्धारित तिथि में विस्तार करने के राज्यपाल ने दिये निर्देश**

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोक भवन, रांची उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में विस्तार करते हुए इसे 15 फरवरी, 2026 तक खुला रखने के निर्देश दिये हैं। राज्यपाल ने राज्य के नागरिकों में लोक भवन, रांची उद्यान देखने के प्रति उत्साह एवं बढ़ती सहभागिता को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित अवधि (02 फरवरी से 08 फरवरी, 2026) को आगामी एक सप्ताह के लिए विस्तारित करने के निर्देश दिये हैं। अब लोक भवन, रांची उद्यान 15 फरवरी, 2026 तक आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु खुला रहेगा।

उद्यान भ्रमण का समय पूर्व की भांति प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक निर्धारित है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने के इच्छुक नागरिक लोक भवन के गेट संख्या 02 से सुरक्षा जांचोपरांत अपराह्न 01 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं।

### केन्द्रीय बजट से झारखंड को मिलेगी विकास की नयी रफ्तार : राजीव प्रताप रूडी

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और सांसद राजीव प्रताप रूडी ने केंद्रीय बजट 2026-27 को आत्मनिर्भर और विकसित भारत को सशक्त आधार प्रदान करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से झारखंड को विकास की नई गति मिलेगी। वे रविवार को रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि इस बजट में झारखंड के लिए कर हस्तांतरण और अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य को 51,236 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण प्रस्तावित है, जबकि वर्ष 2014 से अब तक झारखंड को कुल 3.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर हस्तांतरण मिल चुका है। इसके अतिरिक्त, 2014-26 के दौरान अनुदान के रूप में 1.04 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं, जो सहकारी संघवाद की नीति का स्पष्ट प्रमाण है। सांसद रूडी ने बताया कि 2020-21 से जनवरी 2026 तक झारखंड को 50 वर्षों की ब्याज-मुक्त विशेष पूंजीगत सहायता योजना के तहत कुल 11,567 करोड़ रुपये मिले हैं। इससे राज्य में सड़क, सिंचाई, शहरी अवसंरचना और औद्योगिक परियोजनाओं को गति मिली है।

### एकता कमेटी का नि:शुल्क मेडिकल कैम्प सम्पन्न

**रांची** : भारतीय एकता कमेटी, रांची के तत्वावधान में रविवार को टैंक रोड स्थित मुख्य कार्यालय परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सह दवा वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। जरूरतमंद और असहाय बीमार लोगों की सहायता करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर में मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयां भी नि:शुल्क प्रदान की गईं। मेडिकल कैंप में डॉ. एन. आबदीन, डॉ. एन. के. झा, डॉ. जमील अख्तर, डॉ. अमित कुमार सहित अन्य डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कमेटी के सदस्यों और स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

---

राहे, सोनाहातु, तमाड़ और कांके प्रखंड में 10 फरवरी को विशेष कैम्प का आयोजन

# फाइलेरिया मुक्त रांची के लिए हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी जिलेवासियों से विशेष कर (राहे, सोनाहातु, तमाड़ और कांके प्रखंड) अपील करते हुए कहा की राष्ट्रीय लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे जिले को फाइलेरिया (हाथीपांव) से पूर्णतः मुक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर हमारे सामने है। यह बीमारी रोकथाम योग्य है और इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है—बशर्ते हम सभी मिलकर इस अभियान में पूर्ण सहयोग दें। 10 फरवरी 2026 को जिले के 619 बूथों पर Mass Drug Administration(MDA) कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

-प्रभावित प्रखंडः राहे, तमाड़, सोनाहातु, कांके (कांके, सोनाहातु एवं तमाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र)

- लक्षित आबादीः लगभग 4,91,014 व्यक्ति (गर्भवती महिलाएं, 2 वर्ष से कम आयु के बच्चे एवं अत्यंत गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर)

- दी जाने वाली दवाएं : DEC + Albendazole – पूरी तरह निःशुल्क एवं सुरक्षित

- 10 फरवरी को बूथ पर दवा न ले पाने वाले व्यक्तियों को 25 फरवरी 2026 तक घर-घर जाकर दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची, द्वारा सभी से अपील हुए कहा 10 फरवरी 2026 को अपने नजदीकी बूथ पर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा अवश्य लें। अपने परिवार, पड़ोसियों, रिश्तेदारों और मित्रों को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

चिकित्सक (डॉक्टर) द्वारा दी जाने वाली मुख्य सलाह और जानकारी

दवा : फाइलेरिया को रोकने के लिए वर्ष में एक बार अऽउ (डाईथाइलकाबार्माजीन) और अल्बेंडाजोल की गोलियां लेनी चाहिए। तीव्र सूजन होने पर एंटीबायोटिक्स भी दी जा सकती हैं।

सफाई : प्रभावित अंग (हाथ या पैर) को प्रतिदिन साबुन और साफ पानी से धोना, फिर मुलायम कपड़े से सुखाना बेहद आवश्यक है।

सूजन कम करनाः प्रभावित अंग को दिन में कई बार ऊपर (हृदय के स्तर से ऊपर) उठाएं ताकि तरल पदार्थ का बहाव हो सके।

व्यायामः अंगों में तरल पदार्थों के प्रवाह को बढ़ाने के लिए विशिष्ट व्यायाम करें।

त्वचा की देखभाल : घावों को फंगस या बैक्टीरिया से बचाने के लिए एंटीफंगल/एंटीबैक्टीरियल क्रीम का प्रयोग करें।

बचाव : मच्छरों के काटने से बचें, मच्छरदानी का प्रयोग करें और शरीर को ढक कर रखें।

---

## केन्द्रीय बजट पर भाजपा के दावों की हकीकत से कोई मेल नहीं : सतीश पौल मुंजनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी द्वारा केन्द्रीय बजट 2026-27 को लेकर किये गये दावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि यह बयान वास्तविकताओं से परे राजनीतिक प्रचार मात्र है। बजट में झारखण्ड के लोगों की बुनियादी समस्याओं—महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय, युवाओं के अवसर और सामाजिक सुरक्षा—का ठोस समाधान कहीं दिखाई नहीं देता। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि कर हस्तांतरण और अनुदान को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करना भ्रामक है, क्योंकि यह संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है, कोई विशेष कृपा नहीं। झारखण्ड जैसे खनिज संपन्न राज्य को उसके अधिकार से कम संसाधन मिल रहे हैं, जबकि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन लगातार जारी है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि राज्य को विशेष उद्योग पैकेज, रोजगार सृजन या कृषि क्षेत्र के लिए क्या ठोस नई घोषणाएं मिलीं। मुजनी ने कहा कि रेलवे, सड़क और हवाई परियोजनाओं की चर्चा करने से पहले भाजपा यह स्पष्ट करे कि झारखंड राज्य का बकाया पैसा 136000 करोड़ एवं राज्य में लाखों युवाओं को रोजगार कब मिलेगा, किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी क्यों नहीं दी गई, और महंगाई पर नियंत्रण के लिए बजट में कौन-सा ठोस कदम उठाया गया। आदिवासी कल्याण के नाम पर योजनाओं की घोषणा तो की जाती है, पर जमीन पर विस्थापन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। भाजपा हर बजट को 'ऐतिहासिक' बताकर जनता की अपेक्षाओं को अनदेखा करती आई है।

---

# बीसीआई प्लेटिनम-टाइटेनियम चैप्टर की बैठक में उपलब्धियों की हुई समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बीसीआई प्लेटिनम और टाइटेनियम की संयुक्त बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक में दोनों चैप्टर के साल भर में सदस्यों की ओर से किये गये कार्यो का लेखा जोखा सदस्यों के समक्ष रखा गया। इसमें प्लेटिनम चैप्टर के सदस्यों ने रेफरेंस के माध्यम से कुल 27 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, प्लेटिनम चैप्टर के सदस्यों ने छह करोड़ से अधिक का व्यापार किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले दोनों चैप्टर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों को सम्मनित किया गया। इसके अलावा टीम लीडर के लिए शिल्पी केजरीवाल हुई। सात गोल्डेन सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बैठक में मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि बीसीआइ के तीन वर्ष पूरे हो गये है। अभी इस बीसीआइ परिवार से 130 से अधिक सदस्य जुड़ चुके हैं। यह कारंवां लगातार आगे बढ़ रहा है। मिलजुल कर एक दूसरे के सहयोग से अपने व्यापार को बढ़ा रहे है। आपके व्यापार को बढ़ाने में 130 लोग सहयोग कर रहे हैं। बीसीआइ आपके लिए सदैव खड़ा है। आपके व्यापार को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि बीसीआइ की महक अब रांची से बाहर निकल कर अन्य जिलों में फैल रही है। जल्द ही रांची के बाहर भी बीसीआइ के नये चैप्टर का गठन किया जायेगा। बैठक में सदस्यों ने रेफरेंस के माध्यम से मिले कारोबार के लिए सदस्यों का आभार जताया। वहीं, बीसीआइ के निदेशक धीरज ग्रोवर, शिव कुमार, रमेश कुमार एवं अजय कुमार ने रिश्ते बनाएं, व्यापार बढ़ाएं के मुल मंत्र के साथ सभी सदस्यों को पुरा सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि रांची के बाहर भी बीसीआइ का दायरा बढ़ाते हुए नये चैप्टर का गठन करेंगे। बैठक का संचालन संयम जैन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सजीत कुमार ने दिया। मौके पर हिमानी गुप्ता, शिप्रा साह, अनुज अग्रवाल, संतोष सोनी, राजेश अग्रवाल, रोहन साहा, अमर बाजोरिया समेत अन्य लोग मौजूद थे।

---

श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर में 248वें भंडारा महाप्रसाद का हुआ वितरण

# 04 हजार भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस डाक्टर संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एमड्ड आरड्ड एसड्ड श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा राँची के सयुंक्त तत्वाधान में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 252 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा डॉ विजय लक्ष्मी डाड्ड सूर्य कुमार डाड्डसौम्या माहेश्वरी एवं उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। आज का अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारे के वितरण के समय पूरा मंदिर परिसर राधे- राधे एवं गुरुजी के जयकारों से गूंज उठा,श्री राधा कृष्ण जी का दिव्य आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, महाप्रसाद में मसालेदार पुलाव, पुड़ी, आलु गोभी की सब्जी, केसर युक्त खीर, एवं आलू चिप्स का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का गया। तत्पश्चात भजन- संध्या में संस्था के भजन गायक मनीष सोनी द्वारा श्री राधा कृष्ण, श्री श्याम प्रभु पर आधारित गाए मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई।

---

## मेगा नेत्र जांच शिविर में 300 लोगों ने करायी आंखों की जांच, जरूरतमन्दों को मिला नि:शुल्क चश्मा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड चित्रांश विचार मंच एवं सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल के संयुक्त प्रयास से दृष्टि नेत्रालय द्वारा आज स्कूल परिसर में मेगा आई चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में लगभग 300 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। जांच के उपरांत जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल के डायरेक्टर अमरेश कुमार श्रीवास्तव, शिक्षिका रश्मि भूषण, हरविंदर कौर एवं शिक्षक शुभम अग्रवाल और अमित लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं दृष्टि आई हॉस्पिटल की टीम बंटी बरियार, डॉ. मनोज कुमार, राकेश प्रसाद सिन्हा, स्वाति कच्छप, प्रभा कुजूर, प्रीति कुमारी, विकास कच्छप एवं सुधांशु कुमार ने पूरी तत्परता से नेत्र जांच की। झारखंड चित्रांश विचार मंच के अध्यक्ष संजय पिपरवाल, उपाध्यक्ष राजीव सहाय एवं श्रीकांत शरण, सचिव प्रखर जयपुरियार, कोषाध्यक्ष साकेत बिहारी शरण तथा सदस्य प्रमोद कुमार सिन्हा, डॉ के पी सिन्हा ,आनंद श्रीवास्तव, पंकज पीयूष, अशोक प्रसाद, विकास सहाय एवं मनीष वर्मा ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

---

# रांची के मां शारदा संगीत संस्थान के सभी कलाकार हुए सम्मानित




■ **गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में पंचायती राज मंत्रालय की झांकी में किया था शानदार प्रदर्शन**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रविवार को रिलेशंस कि ओर से हरमू रोड स्थित मां शारदा संगीत संस्थान में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात है कि पिछले दिनों 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में पंचायती राज मंत्रालय की झांकी में रांची के कलाकारों ने अपनी कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। मां शारदा संगीत संस्थान ( न्यास) के कलाकारों ने फिर एक बार देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रांची सहित पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर झांकी के माध्यम प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना को आकर्षक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 3 करोड़ लोगों को मालिकाना हक, संपत्ति कार्ड वितरण तथा बैंकों से आसान ऋण सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दशार्या गया था। इस प्रस्तुति ने दर्शकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस पंचायती राज मंत्रालय कि ओर से टीम लीडर अजय कुमार के नेतृत्व में श्वेता रानी,रुचि, संगिनी श्रेया, नीतीश भारद्वाज, प्रगति, अलीशा, रितु, स्निग्धा, अमन गुप्ता, प्रवीण पटकता, आकाश, मनप्रीत, आदित्य, अमन, अभिजीत, गौतम और पीयूसर गुरु मेरे भाग लेकर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्थान, शहर वाशियों और राज्य को गौरवान्वित किया।

---

## प्रफुल्ल राय जयन्ती सह नागपुरी दिवस सम्पन्न मनपूरन नायक व राकेश रमण 'रार' सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नागपुरी भाषा परिषद, रांची के तत्वावधान में नागपुरी साहित्य के प्रणेता स्वर्गीय प्रफुल्ल कुमार राय की जयंती सह नागपुरी दिवस रविवार को मोराबादी स्थित शहीद स्मृति भवन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2026 का 'प्रफुल्ल सम्मान' सुप्रसिद्ध साहित्यकार राकेश रमण 'रार' तथा प्रख्यात लोक कलाकार 'मांदर सम्राट' मनपूरन नायक को प्रदान किया गया। नागपुरी के पुरोधा स्व. जगतमणि महतो को मरणोपरांत 'नागपुरी सेवी सम्मान' से अलंकृत किया गया। समारोह में उपस्थित साहित्यकारों, कलाकारों और भाषा-प्रेमियों ने सम्मानित विभूतियों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन एवं स्व. प्रफुल्ल कुमार राय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। वक्ताओं ने नागपुरी गद्य-साहित्य और भाषा-जागरण में प्रफुल्ल राय के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने नागपुरी भाषा को साहित्यिक स्वर और सामाजिक पहचान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

# जेसीआई रांची ने लगाया नि:शुल्क दंत व रक्तदान शिविर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेसीआई रांची ने 8 फरवरी 2026 को सेवा की मिसाल पेश करते हुए एक निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर और एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। जेसीआई कार्यालय में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना और जीवन बचाने की दिशा में योगदान देना था।रक्तदान शिविरः बन कर रक्त दाता, दें किसी को जीवन की नई आशा इसमें कुल 42 सदस्यों ने पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम को सफल बनाने मैं नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक रांची का योगदान मिला। सुबह 10:00 बजे से शुरू हुए इस रक्तदान शिविर में युवाओं और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर वहीं सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित दंत चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. रोहित अग्रवाल ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने मरीजों की जांच की और ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक किया।साथ ही आयोजित निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 56 सदस्यों ने अपनी जांच करवाई। इन दोनों कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में अध्यक्ष जेएफडी अभिषेक जैन, सचिव जेएफएम साकेत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जेसी ऋषभ जैन, वीपी कम्युनिटी जेएफएम अनुभव अग्रवाल, निदेशक ब्लड एंड हेल्थ कैंप्स जेएफएम अमन पोद्दार प्रोजेक्ट, प्रोजेक्ट चेयरमैन जेसी रविश तोदी और सह-प्रोजेक्ट चेयरमैन जेसी प्रवीण अग्रवाल ने मुख्य भूमिका निभाई। यह जानकारी जेसीआई रांची के प्रवक्ता जेसी रवि सामौता ने दी।

---

# अनेक श्याम प्रेमियों ने किया श्याम ध्वजा निशान बाबा श्री श्याम को अर्पित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : फाल्गुन मास खाटू नरेश का पवित्र महीना माना जाता है। श्री खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर सहित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भी विभिन्न भक्तगण व्यक्तिगत रूप से अथवा सामूहिक रूप से श्री खाटू नरेश का पवित्र ध्वजा निशान अर्पित करते हैं। इसी क्रम में आज श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में धुर्वा, पिस्कामोड़ एवं नेवरी विकास से आए अनेक श्याम प्रेमियों ने श्याम ध्वजा निशान बाबा श्री श्याम को अर्पित किया। सर्वप्रथम प्रातः 6:00 बजे धुर्वा से आए लगभग 60 निशान धारियों ने बाबा श्याम के दरबार में निशान ध्वजा चढ़ाया। अपराह्न 11:00 बजे पिस्कामोड़ के श्याम प्रेमियों का दल झूमते नाचते गाते हुए बाबा के दरबार में निशान अर्पण किया। श्याम प्रेमियों ने फल प्रसाद मेवा का भोग लगाया ।12:15 के आरती के बाद प्रातः काल से ही नेवरी से निकले हुए श्याम प्रेमियों का दल श्री श्याम मंदिर हरमू रोड पहुंचा । सभी स्थानों से आए निशान धारियों के स्वागत में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान मंदिर में शामिल हुए। श्री श्याम मित्र मण्डल रांची की ध्वजा निशान शोभा यात्रा 25 फरवरी को है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

### पहाड़ी बाबा का भव्य शृंगार पूजन कर हुई भव्य आरती



**रांची** : श्री शिव बारात आयोजन केन्द्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के संस्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल ने बताया कि रविवार को दोपहर 3:00 बजे से रांची पहाड़ी मंदिर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में पहाड़ी बाबा का महाशिवरात्रि को लेकर मेहंदी हल्दी का कार्यक्रम हर साल की भांति इस साल भी किया गया। पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार ,पूजन कर भव्य आरती की गई श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार की महिला टीमों के द्वारा मेहंदी हल्दी का कार्य किया गया साथ ही भक्तिमय भजन के साथ सभी भक्तगण झूम कर पहाड़ी बाबा के इस मेहंदी हल्दी के कार्यक्रम को सफल बनाएं।

---

डालसा का वरिष्ठ नागरिकों-ग्राहकों के लिए साइबर फ्रॉड जागरूकता सत्र का आयोजन

# आशा वर्कर और पीआरआई सदस्यों को दी गयी विधिक जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना के आदेश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची अनिल कुमारा मिश्रा-1 के नेतृत्व में डालसा सचिव की देखरेख में बास्केटबॉल ग्राउण्ड सेल सिटि पुन्दाग रांची में वरिष्ठ नागरिकों ग्राहकों के लिए साइबर फ्रॉड जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया तथा विधिक जागरूकता के माध्यम से साईबर फ्रॉड से बचाव और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी संगीता सिंह, प्रहलाद उपाध्याय, संगीता सिंह, पिंकु कुमारी, सुरज मुण्डा, अरविन्द कुमार तथा इंदुसिंद बैक के राहुल त्रिवेदी, प्रियंका, आदिल मेंहदी, अपुरबी कुमारी, राहुल कुमार, अनुश्मिता, निर्मल देव, राजेश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि साइबर फ्रॉड डिजिटल युग का एक गंभीर खतरा है, जिसमें इंटरनेट और तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके वित्तीय या व्यक्तिगत जानकारी चुराई जाती है। यह धोखाधड़ी, हैकिंग, और ऑनलाइन स्कैम के माध्यम से लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाती है। इससे बचने के लिए सावधानी, मजबूत पासवर्ड, और संदिग्ध लिंक से दूरी जरूरी है। उन्होंने नालसा टॉल फ्री नम्बर 15100 पर भी प्रकाश डाले। यह भी ज्ञात हो कि आज दिनांक 08.02.2026 को जयपुर पंचायत के गारू गांव में डालसा और एनयूएसआरएल नगड़ी कांके के संयुक्त तत्वाधान में आशा वर्कर और पीआरआई सदस्यों की समस्याओं पर जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें आशा वर्करों की समस्याएं, उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डालसा की ओर से एलएडीसी मेम्बर सौरव पांडे, पीएलवी राजेंद्र महतो, शारदा देवी, भानु देवी, मालती देवी, सरिता देवी, बबीता कुमारी, फुलेश्वरी देवी, देवती देवी और चालक राजा वर्मा साथ ही साथ एनयूएसआरएल की ओर से अमन आयुष, निखिल, अर्पित, पीयूष, सिद्धार्थ, स्वर्णिम, शालिनी, प्रतिभा, श्रेया, प्रांजल, अंजित, आशीष, रिद्धि और आकाश ने उनके अधिकारों की जानकारी दी।

---

## जेसीआई रांची पुरुषोत्तमपुर की नयी टीम ने सम्भाला पदभार, मनोज कुमार बने अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेसीआई रांची पुरुषोत्तमपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार ने रविवार को कांके रोड स्थित ओडीआर रॉक गार्डेन में आयोजित तीसरे इंस्टॉलेशन सेरेमनी में अपनी टीम के साथ पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष उत्तम ओझा ने नए अध्यक्ष को पदभार सौंपा, जबकि शुभम टंडन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी टीम के सदस्यों को भी पदभार ग्रहण के साथ शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्षभर में किए जाने वाले सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा के महासचिव बिदेंश्वर बेक ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और संस्था को नई पहचान दिलाएं। विशिष्ट अतिथि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने भी नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा और समर्पण से ही संगठन मजबूत बनता है तथा युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। कार्यक्रम में जेसीआइ की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन, जोनल अध्यक्ष गौरव सेठ और जेडवीपी शुभम टंडन ने भी अपने विचार साझा किए। मंच संचालन सोनल अग्रवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सचिव राजीव रंजन ने दिया। इस मौके पर संजीव कुमार पोद्दार, सज्जन अग्रवाल, नामेश्वर ओझा, नीतिन सिंह, श्वेता ओझा, अरविंद राजगढ़िया, अरुण कुमार झा, विनायक गुप्ता, तन्वी अग्रवाल, अयांश अग्रवाल, विशाल पाडिया, अमित शर्मा, प्रिया लाखोटिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक झलक

### झुमरातिलैया के पास सड़क हादसे में मौत पंसस प्रतिनिधि घायल

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरा तिलैया के समीप शनिवार की रात एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान हरली-पेटो निवासी शशि कुमार (पिता स्व. सुरेश प्रसाद कुशवाहा) के रूप में हुई है। वहीं, घायल रामाशीष कुमार हरली पंचायत की पंचायत समिति सदस्य के पति सह प्रतिनिधि हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शशि कुमार और रामाशीष कुमार शनिवार रात बाइक से झुमरा की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हजारीबाग से बगोदर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे शशि कुमार सड़क पर दूर जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी सांसें थम गईं। वहीं, पीछे बैठे रामाशीष कुमार के घुटने में गंभीर चोट आयी है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जैसे ही शशि कुमार की मौत की खबर लोगों तक पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि शशि बेहद मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे, उनकी असामयिक मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है।

### शिक्षा ही समाज के उज्वल भविष्य व राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है : मुन्ना सिंह

**हजारीबाग :** पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह रविवार को कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत ढेंगुरा पंचायत स्थित किड्स कैंपस जॉन स्कूल तथा गदोखर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। किड्स कैंपस जॉन स्कूल में आयोजित समारोह के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ढेंगुरा पंचायत के उप-मुखिया गुलाम सरवर और दिलशाद जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने सिटी पब्लिक स्कूल, गदोखर में आयोजित वार्षिक समारोह में भाग लिया, जहां कार्यक्रम के संचालक सालिक जफर ने बुके एवं अंगवस्त्र देकर सिंह का सम्मान किया। इस अवसर पर मिस्टर खान, गुलाम जी, साबिर जी और नौशाद खान सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और जिम्मेदार नागरिक निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भाकपा-माले युवा मोर्चा के गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष बने मुकेश शर्मा

**धनबाद :** भाकपा-माले की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय गोविंदपुर, रतनपुर में हुई। बैठक से पहले दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद आरवाईए (इंकलाबी नौजवान सभा) की बैठक जिला प्रभारी कामरेड सोनू शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें बेरोजगारी, शिक्षा, महंगाई, निजीकरण और संविधान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश शर्मा को भाकपा-माले युवा मोर्चा का गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष तथा मोहम्मद हुसैन को सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जनसंघर्षों से जोड़ने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निकाय चुनाव में जीत का मंत्र : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिये टिप्स

# नगर निकाय चुनाव आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस राजनीतिक मामलों की कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक लेक्सस होटल, धनबाद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आगामी नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और जमीनी स्तर पर सक्रियता के टिप्स दिये। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकाय चुनाव आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ चुनाव है, जिसमें बूथ से लेकर वार्ड स्तर तक मजबूत रणनीति और समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से



जनसंपर्क बढ़ाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और संगठन को एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया। बैठक में निकाय चुनाव प्रभारी राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो तथा प्रभारी अशोक चौधरी ने भी कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान धनबाद नगर निगम के कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी शमशेर आलम एवं चिरकुंडा नगर परिषद की प्रत्याशी मालती देवी को विजयी बनाने को लेकर बूथ स्तर से वार्ड स्तर तक संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बजेंद्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद खान, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौरव, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, सभी प्रखंड व नगर अध्यक्ष, विभिन्न मंच-मोर्चों के जिला अध्यक्ष, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, रविंद्र वर्मा, राजेश्वर सिंह यादव, मुख्तार खान, अवध नारायण, रवि रंजन, जिला परिषद सदस्य शोराब अंसारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस की मजबूत जीत का संकल्प लिया गया।

### नगरपालिका (आम) निर्वाचन के तहत महापौर एवं वार्ड पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पंजी के निरीक्षण हेतु तिथियां एवं स्थान

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, हजारीबाग के निर्देशानुसार नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के तहत महापौर एवं वार्ड पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पंजी के निरीक्षण हेतु तिथियां एवं स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा जारी सूचना के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों 11 फरवरी, 16 फरवरी एवं 20 फरवरी 2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर उपस्थित होकर व्यय लेखा पंजी की जांच कराना अनिवार्य होगा। वार्ड संख्या 01 से 12 तक के महापौर एवं वार्ड पार्षद अभ्यर्थियों के लिए निरीक्षण स्थल नया समाहरणालय सभागार निर्धारित किया गया है। वार्ड संख्या 13 से 24 तक के अभ्यर्थियों की जांच द्वितीय तल, नया समाहरणालय में तथा वार्ड संख्या 25 से 36 तक के अभ्यर्थियों की जांच ग्राउंड फ्लोर, नया समाहरणालय, हजारीबाग में की जायेगी। नोडल पदाधिकारी-सह-राज्य कर पदाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों से अपील कि है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपनी व्यय लेखा पंजी की जांच कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही निर्वाचन नियमों के विरुद्ध मानी जायेगी।

## चौपारण में झामुमो नेताओं की पहल जरूरतमन्दों के बीच कम्बल का वितरण





**चौपारण :** प्रखंड अंतर्गत दादपुर पंचायत के ग्राम बनियाचक अमरोल, ब्रजदास केंदुआ तथा चयकला पंचायत के हरिजन टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राणा एवं झामुमो जिला उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) अब्दुल सलाम के संयुक्त प्रयास से गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम से क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली। कंबल वितरण के दौरान नेताओं ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। समाज के कमजोर वर्गों की मदद से ही सामाजिक समरसता और भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी झामुमो की ओर से इस तरह के जनहितकारी और सामाजिक कार्य लगातार किये जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में कम्बल मिलने से उन्हें काफी सहूलियत होगी। मौके पर पंचायत अध्यक्ष राजेश राणा, अरशद अली, मुख्तार आलम, जफीर ड्राइवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बसंत 2026 के समापन समारोह में 25 विभूतियों को सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में बसंत 2026 का समापन पेनमैन ऑडिटोरियम में भव्य समारोह के साथ हुआ, जहां 25 विशिष्ट पूर्व छात्र और पूर्व शिक्षकों को बसंत सम्मान-2026, डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवॉर्ड-2025 तथा विशेष शताब्दी सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो. प्रेम व्रत ने ऑनलाइन सम्बोधित किया। मंच पर निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा, उपनिदेशक प्रो. धीरज कुमार, पी. एम. प्रसाद, पद्मश्री प्रो. हर्ष कुमार गुप्ता, पूर्व निदेशक प्रो. एस. पी. बनर्जी, प्रो. आर. एम. भट्टाचार्जी



तथा प्रो. राजीव उपाध्याय उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि शताब्दी वर्ष में ऐसे सम्मान संस्थान की गौरवशाली विरासत और वैश्विक पहचान को और मजबूत करते हैं। डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवॉर्ड के तहत यंग एलुमनस अचीवर अवॉर्ड शुभांकर प्रत्युष पाठक को दिया गया, जबकि एंटरप्रेन्योरशिप अवॉर्ड श्री बॉबी मोहंती को मिला। नागेन्द्र कुमार मेमोरियल अवॉर्ड डॉ. अजय कुमार मोइत्रा, ओम प्रकाश सिन्हा और श्रीनिवासन पद्मनाभन को प्रदान किया गया। रिसर्च एंड एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड डॉ. इंद्रनील बर्धन, डॉ. ओ. पी. मिश्रा और डॉ. जितेंद्र किकानी को मिला। भास्कर भट्टाचार्य मेमोरियल अवॉर्ड संजीव कुमार सिंह को दिया गया। डायरेक्टर अवॉर्ड फॉर कंट्रीब्यूशन टू सोसाइटी के. ए. पी. सिन्हा (आईएएस) और डॉ. विपुल कुमार (आईपीएस) को प्रदान किया गया। जसवंत सिंह गिल मेमोरियल इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्सीलेंस अवॉर्ड ऑल-वुमन माइन रेस्क्यू टीम को दिया गया। विशेष शताब्दी सम्मान प्रो. एस. पी. बनर्जी, नरेश वशिष्ठ, अमृत सागर चोपड़ा, पी. एम. प्रसाद, पद्मश्री प्रो. हर्ष कुमार गुप्ता, डॉ. मोहिंदर सिंह गुलाटी, प्रो. ओ. पी. वर्मा, स्व. जसवंत सिंह गिल (मरणोपरांत) और स्व. आर. एन. शर्मा (मरणोपरांत) को प्रदान किया गया। बसंत सम्मान-2026 डॉ. रंजीत रथ, डॉ. अरुण कुमार नायक, प्रो. पी. एस. गुप्ता और प्रो. फाल्गुनी सेन को दिया गया। समारोह का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और एलुमनस संवाद के साथ हुआ।

## नशामुक्ति अभियान के खिलाफ चला जागरूकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरकट्ठा :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजित कुमार विमल एवं थाना प्रभारी बरकट्ठा पंकज सिंदुरिया के द्वारा बरकट्ठा थाना अंतर्गत गगंपांचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा सभी बच्चों एवं अभिभावकों से नशे के सेवन से बचने की अपील की गई एव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नशे का कारोबार करने वालों के विरुद्ध हजारीबाग पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी, साथ ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा डिवाइन पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को विदाई के अवसर पर शुभकामनाएं दी गयी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा सभी अभिभावकों से अनुरोध किया गया कि मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में समय से अपने-अपने सेंटर पर सुरक्षित पहुंचने की अपील किया। जागरूकता अभियान के दौरान बताया गया कि कोई भी अभिभावक नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें इसके अलावे यह भी अपील किया गया कि नशे के विरुद्ध इस लड़ाई में हजारीबाग पुलिस को सहयोग करें तथा नशा मुक्त राष्ट्र का निर्माण करें।

## गुलाम अहमद रजा 'पठान' बने झारखंड राज्य के पावरलिफ्टिंग खेल की नयी ताकत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेड़रा पंचायत निवासी कमालुद्दीन खान उर्फ बाबू खान के पुत्र गुलाम अहमद रजा पठान ने पावरलिफ्टिंग खेल में अपने कठिन परिश्रम और दमखम से राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित कर अपने राज्य को गौरवान्वित किया है। होनहार पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी गुलाम अहमद रजा खेल जगत में वे 'पठान' नाम से जाने जाते हैं, डब्लूपीसी पावरलिफ्टिंग से जुड़े इस खिलाड़ी ने सब-जूनियर वर्ग से लेकर सीनियर वर्ग तक शानदार प्रदर्शन करते हुए खुद को स्ट्रांगमन ऑफ इंडिया के रूप में स्थापित किया है। 82.5 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले गुलाम अहमद रजा ने पावरलिफ्टिंग में अपनी असाधारण ताकत का परिचय देते हुए 282.5 किलोग्राम की



जबरदस्त डेडलिफ्ट सफलतापूर्वक लगातार सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा, यह उपलब्धि उन्हें देश के शीर्ष पावरलिफ्टर्स की श्रेणी में खड़ा करती है। गौरतलब है कि गुलाम अहमद रजा ने बेहद कम उर्म में खेल की शुरुआत की। अपने कोच अखलाख खान के कुशल मार्गदर्शन में उन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर सीनियर वर्ग तक अपनी प्रतिभाओं से मजबूत पहचान बनायी। कोच अखलाख खान ने उनकी तकनीकी स्ट्रेंथ और मानसिक मजबूती को निखारने में अहम भूमिका निभाई हैं। गुलाम अहमद रजा 'पठान' की इस उपलब्धि से विष्णुगढ़ प्रखंड समेत हजारीबाग जिले एवं झारखंड राज्य के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है, युवा खिलाड़ियों के लिए वह आज प्रेरणा का स्त्रोत बन चुके है, उनका कहना है कि सही कोचिंग, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ कोई भी खिलाड़ी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर सकता है, राज्य के संगठनों और समर्थकों को पूरा उम्मीद है कि आने वाले समय में गुलाम अहमद रजा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी भारत और अपने झारखंड राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## लोन सेटलमेंट विवाद में लोन रिकवरी एजेंट की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** लोन रिकवरी एजेंट अमित कुमार अग्रवाल की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार को सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित सूर्य हाइलैंड सोसाइटी में विकास खंडेलवाल के घर से अमित कुमार अग्रवाल का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। वहीं, सदर थाना क्षेत्र निवासी मृतक के परिजनों की ओर से पहले ही अमित अग्रवाल के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में यह भी बताया गया था कि अमित के मोबाइल फोन पर 15 लाख रुपये की फिरौती की मांग की जा रही है। पुलिस ने टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर जांच शुरू की। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर विकास खंडेलवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपित ने हत्या की बात कबूल की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर अमित अग्रवाल का शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपित और मृतक के बीच करीब एक करोड़ रुपये के लोन सेटलमेंट को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण अमित अग्रवाल की हत्या की गई। फिलहाल पुलिस आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि शनिवार देर शाम अमित अग्रवाल का अपहरण किया गया था और रविवार को उनका शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## बसंत 2026 में डीएलसी के लाइव स्टॉल रहे आकर्षण का केन्द्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बसंत 2026, वार्षिक एलुमनी मिलन समारोह के दौरान दीप्टी लेडीज क्लब (डीएलसी) द्वारा लगाये गये स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल तीनों दिनों तक लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने रहे। डीएलसी की अध्यक्ष शकुंतला मिश्रा के नेतृत्व में पूरी टीम ने बेहतरीन समन्वय के साथ लाइव फूड स्टॉल का संचालन किया। स्टॉल पर गोलगप्पा (4 पीस) मात्र 20 में उपलब्ध था, जबकि दही बड़ा (2 पीस) 50 और आलू दम दही बड़ा 80 में परोसा गया। चाट प्रेमियों के लिए पापड़ी चाट 50 तथा झालमुड़ी 30 प्रति प्लेट में लोगों ने खूब पसंद की। मीठे में तिल लड्डू 15 प्रति पीस और गुलाब



जामुन 30 में उपलब्ध रहे, जिन्हें हर आयु वर्ग के लोगों ने चाव से खाया। इसके अलावा चावल बड़ा 50, चिकन बिरयानी 200 प्रति प्लेट, मालपुआ 30, चेना पोड़ा 50 तथा पानी पुरी (4 पीस) 20 ने भी खूब वाहवाही बटोरी। लाइव काउंटर पर आलू टिक्की चाट, लिट्टी चोखा, डोसा, इडली, वडा पाव, मोमो, फर्रा, चिकन पकौड़ा और गाजर का हलवा जैसे व्यंजनों की खुशबू पूरे परिसर में फैलती रही। तीनों दिनों तक एलुमनी, अतिथियों और छात्रों की भीड़ स्टॉल पर उमड़ती रही। स्वाद और आत्मीय सेवा के संगम ने इस स्टॉल को कार्यक्रम की सबसे जीवंत जगह बना दिया। डीएलसी की पूरी टीम ने अपने समर्पण और आतिथ्य से बसंत 2026 को और भी यादगार बना दिया।

### खेत में पेड़ से लटकता मिला विवाहित महिला का शव, पहचान में जुटी पुलिस

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ापीपल के समीप एक खेत में रविवार को पेड़ पर दुपट्टा के सहारे झूलता हुआ एक विवाहित महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी रवि कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

## गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में जिला स्तरीय सम्मेलन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में रविवार को जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जिले भर में जनजागरण अभियान को तेज करना, गांव-गांव में बाल संस्कार केंद्रों की स्थापना, नशा उन्मूलन अभियान को व्यापक रूप देना, नए युवाओं को गायत्री परिवार से जोड़ना तथा जिले में विराट पुस्तकमेला आयोजित करने का सामूहिक संकल्प लेना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां गायत्री, गुरुदेव एवं वंदनीया माताजी के पूजन के पश्चात गायत्री मंत्रोच्चार के साथ



किया गया। सम्मेलन में दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ आईआईटी के प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार, डॉ. पंकज कुमार मिश्रा (आईआईटी धनबाद), बीसीसीएल के महाप्रबंधक मृत्युंजय मिश्रा सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सम्मेलन में जिले के सभी आठों प्रखंडों से बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु शामिल हुए। वक्ताओं ने समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना, युवाओं को सकारात्मक दिशा देने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण पर जोर दिया। सभी उपस्थित लोगों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को श्री विभूति शरण सिंह, ए.के. गौतम, अधिवक्ता सह मीडिया प्रभारी भूपेंद्र शर्मा, अरविंद आनंद, नरेश भट्ट, ममता सिंह, लता प्रसार, लता जायसवाल, उमा शर्मा, मीरा सिंह, उषा कुमारी, कुमार भृगु, संजय सिन्हा, अशोक स्वर्णकार, गजेंद्र सिंह, डॉ. रूबी सिंह, प्राचार्य मुनीडीह बादल चंद्र मंडल, सतीश सिंह, भुवनेश्वर शास्त्री, महेश प्रसाद गुप्ता, राजकुमारी शर्मा, विमल दास समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

# बेसहारा बेटियों की शाही शादी, बैंड-बाजा संग झूमे बाराती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सात फेरों से बंधा जन्मों का ये बंधन, प्यार से रब ने है जोड़ा प्रीत का दामन...। सिद्धू-कान्हु मैदान रामगढ़ में अभूतपूर्व सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2026 का यह दृश्य जेहन में सदैव यादगार रहेगा। खासकर उन 101 जोड़ों को, जिन्होंने और उनके परिजनों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी कि उनके दूल्हे इस कदर सजी-धजी कार में बैंड, बाजा, बारात के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजियों के बीच झूमते-गाते और नाचते उनके साथ सात फेरे लेंगे। राज्य के महामहिम राज्यपाल समेत कई गणमान्य हस्तियां उनके शादी में शामिल होकर उन्हें सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद देंगे और प्रसिद्ध गायक,



अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी मृदुल एवं झारखंड के प्रसिद्ध लोकगायक सजनी मोर फेम दीपक तिर्की मंच से अपने सुरों से समां बांधेंगे और नृत्य कर धमाल मचाएंगे। प्रसिद्ध म्यूजिकल फेरे स्पेशल राघव पंडित और उनकी टीम शादी का रस्म अदायगी करायेंगे और लाखों लोग उनके विवाह का साक्षी बनेंगे। लेकिन यह शाही शादी हकीकत में तब्दील थी। दरअसल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल इन 101 गरीब घरानों की बेटियों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। इन जोड़ों को शाही शादी के सपने दिखाए और फिर उनके ख्वाब को पंख भी लगाए। बेटियों के कन्यादान और फिर शादी के बाद विदाई के दौरान मसीहा सांसद मनीष जायसवाल विचलित और भावुक हो गए। नव वर-वधू से कहा कि जिंदगी में कभी किसी चीज की जरूरत हो, इस भाई, इस बेटे को जरूर याद कर लेना। यह मनीष सदैव हाथ जोड़े, शीश नवाए आपके लिए खड़ा मिलेगा। उन्होंने विदाई के वक्त दुल्हनों को बेटी की तरह घर बसाने और दूल्हों को पत्नी एवं परिवार की जिम्मेदारी का भी एहसास कराया और नवजीवन बेहतर ढंग से चलाने का आग्रह किया। वास्तव में इनमें कुछ ऐसे जोड़े जिनके नेत्र की रोशनी चली गई। कई दिव्यांग थे। कुछ ऐसे लोग थे, जिन्हें दो जून की रोटी भी मुश्किल से मयस्सर हो रही। इन सभी 101 जोड़ों के सुखी दांपत्य जीवन के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने गृहस्थ बसाने के साथ जिंदगी चलाने के लिए इलेक्ट्रिक रिक्शा (टोटो) के साथ दर्जनों प्रकार के साजो-सामान के साथ विदाई किया ताकि उनकी आगे की गृहस्थी भी हंसी-खुशी फूले-फले और सुखमय तरीके से चल सके। विवाह समारोह का खास लम्हा रहा जब 101 जोड़ों का जयमाला सितारा आकृति में हुआ और पोपर्स का धमाल एवं जमकर आतिशबाजी हुई। बारात में छऊ नृत्य, झूमर, शहनाई, ढोल वादन, नगाड़े और मांदर के थाप, ताशा की तड़तड़ाहट और बाघ, भालू के साथ हाथों में सर्प प्रदर्शन करते अलग अलग भेष में सजे लोग कतरब दिखा रहे थे। हजारीबाग के आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषियों के भगवा रंग के कपड़ों संग बारात में शामिल होना बारात के ओज को बढ़ा रहा था। सांसद जायसवाल ने यहां तक कहा कि भविष्य में नव वर के लिए वह नौकरी-रोजगार के लिए भी पहल करेंगे। म्यूजिकल मंत्रोच्चार से 101 जोड़ों का विवाह रचाने वाले कोलकाता से पधारे राघव पंडित जी ने भी सांसद मनीष जायसवाल की इस नेक व पुण्य पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब सराहना की और कहा कि जहां का जनप्रतिनिधि मनीष जायसवाल जैसा हो वहां लोगों के जीवन में चिंता कम होगी। कोई पीता के चेहरे पर निरासी नहीं होगी और कोई मन उदास नहीं होगी क्योंकि उन्हें पता है कि उनका जन्म प्रतिनिधि सजग है और उनके सुख- दुःख का सहभागी है। प्रसिद्ध भोजपुरी गायक और सांसद मनोज तिवारी ने सांसद मनीष जायसवाल के सोंच को सलाम किया और उनके इस पहल को खुद भी अपने क्षेत्र में उतारने की बात कही। मनोज तिवारी ने कहा कि मनीष जायसवाल ने असाधारण पुनीत कार्य कर इतिहास रच दिया है।

## एक झलक

### तेज रफ्तार आर्टिका ने टोटो को मारी टक्कर, गर्भवती महिला सहित तीन घायल

**बाघमारा (धनबाद) :** जोगता–कपुरिया मुख्य सड़क पर भेलाटांड़ बस्ती के समीप शनिवार क रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार आर्टिका ने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टोटो सवार रामपुर निवासी रवि बनर्जी उर्फ भानु, उनकी पत्नी रेणु बनर्जी तथा टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को भेलाटांड़ फीडर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें असर्फी अस्पताल, धनबाद रेफर कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार रवि बनर्जी एवं उनकी पत्नी को आईसीयू में रखा गया है। बताया गया है कि रेणु बनर्जी के सिर और पैर में गंभीर चोटें आयी हैं। परिजनों ने बताया कि वह तीन माह की गर्भवती हैं, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रवि बनर्जी अपनी पत्नी और बच्ची के साथ टोटो से जोगता की ओर से रामपुर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही आर्टिका ने टोटो को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद सड़क पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### सिन्दरी कॉलेज के सेवानिवृत्त लेखापाल का निधन

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी कालेज सिंदरी के सेवानिवृत लेखापाल बच्चू प्रसाद का 78 वर्ष के आयु में सिंदरी स्थित आवास पर निधन हो गया। वे कुछ समय से बिमार थे। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड गये हैं। उनके निधन पर सिंदरी कालेज के प्राचार्य डॉ. केके पाठक, प्रो मनोज कुमार तिवारी, अजय कुमार,अरुण कुमार शर्मा, प्रो राजनाथ विश्वकर्मा, सुरेश सिंह ने शोक व्यक्त किया है। उनका दाह्य संस्कार दामोदर नदी के सिंदरी स्थित श्मशान घाट पर हुआ।

### बैंक मोड़ स्थित काली मंदिर में हुआ प्रसाद वितरण श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**धनबाद :** बैंक मोड़ सेंटर प्वाइंट के समीप स्थित प्राचीन काली मंदिर परिसर में शनिवार को धार्मिक माहौल के बीच प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल के भाई अंकुर अग्रवाल ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर अंकुर अग्रवाल ने विधिवत पूजा–अर्चना कर मां काली से क्षेत्र की सुख–समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा के उपरांत उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की और सभी को प्रसाद ग्रहण कराया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से आयोजन में उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने इस धार्मिक पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला बताया।

### एंटी क्राइम चेकिंग अभियान 1187 वाहनों की सघन जांच

**धनबाद :** अपराधियों पर शिकंजा कसने और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के लिए शनिवार शाम से देर रात तक जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ व्यापक एंटी क्राइम जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण और विधि–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों, संवेदनशील इलाकों तथा थाना सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान कुल 1187 वाहनों को रोका गया, जिनमें दोपहिया, चारपहिया एवं अन्य वाहन शामिल थे। पुलिस ने ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा समेत सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया।शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए ब्रेथ एनालाइजर का उपयोग किया गया। एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहनों में सवार संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि करते हुए उनकी सघन तलाशी ली गई। पुलिस ने चोरी के वाहन, जाली नंबर प्लेट, अवैध हथियार एवं आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी को लेकर विशेष सतर्कता बरती। देर रात सड़कों पर अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों से भी पूछताछ की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ इस प्रकार के सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि जांच के दौरान पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112 पर दें।

# मेयर चुनाव में कॉपी पेस्ट राजनीति पर उठा सवाल, धनबाद में सियासी बहस तेज




नगर निगम चुनाव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** मेयर प्रत्याशी रवि बुंदेला ने अन्य प्रत्याशी पर अपने चुनावी विजन, पोस्टर और सोशल मीडिया कंटेंट की नकल करने का आरोप लगाते हुए इसे 'कॉपी-पेस्ट राजनीति' करार दिया है। रवि बुंदेला का कहना है कि पिछले तीन महीनों से वे धनबाद के विकास, स्वच्छ प्रशासन और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर लगातार जनता के बीच अपना विजन रखते आ रहे हैं। वहीं हाल के दिनों में फेसबुक पर 'मेयर प्रत्याशी अमित अग्रवाल' नामक हैंडल से उसी तरह का कंटेंट, भाषा और डिजाइन साझा किया जा रहा है, जिसे उनके अभियान से जोड़ा जा रहा है। बुंदेला समर्थकों का दावा है कि शब्दों से लेकर पोस्टर डिजाइन तक में समानता साफ देखी जा सकती है और केवल नाम बदलकर वही सामग्री साझा की जा रही है। इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि क्या कुछ प्रत्याशी अपना स्वतंत्र रोडमैप प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए रवि बुंदेला ने कहा कि धनबाद की जनता समझदार है और वह नकल व असली नेतृत्व के फर्क को भली-भांति पहचानती है। उन्होंने यह भी कहा कि नेतृत्व उधार नहीं लिया जा सकता और शहर के विकास के लिए मौलिक सोच और साहसिक निर्णयों की आवश्यकता होती है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद चुनावी माहौल को और गरमाएगा और मतदाता अब केवल वादों से नहीं, बल्कि प्रत्याशियों की सोच और विजन की मौलिकता से भी निर्णय लेगा। बहरहाल, धनबाद में मेयर पद की लड़ाई अब सिर्फ. जीत-हार तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सवाल भी बन गई है कि शहर को दिशा देने वाला नेतृत्व कैसा होना चाहिए–नकल पर आधारित या अपने स्पष्ट विजन के साथ आगे बढ़ने वाला।

**महापौर प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल ने आरोपों को बताया निराधार**

**इधर** नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राजनीतिक आरोपझ्रप्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है। महापौर पद के प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल पर लगाए गए आरोपों को लेकर सियासी तापमान अचानक बढ़ गया है। इस पूरे मामले में अग्रवाल ने आरोप लगाने वाले रवि बुंदेला के दावों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार, असत्य और भ्रामक करार दिया है। अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन पर लगाया गया कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप पूरी तरह तथ्यहीन है। उन्होंने कहा कि न तो उन्होंने स्वयं कोई आपत्तिजनक पोस्ट प्रकाशित की है और न ही ऐसा करने की उनकी कोई मंशा रही है। संबंधित पोस्टर का निर्माण और प्रकाशन एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत अन्य व्यक्तियों द्वारा किया गया था, जिससे उनका प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी माहौल में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अग्रवाल ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं, जिनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है। महापौर प्रत्याशी ने इन आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से सावधान रहें और केवल सत्य एवं प्रमाणित तथ्यों पर ही विश्वास करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता सच को समझती है और ऐसे भ्रामक आरोपों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

## वार्ड 50 में चुनावी सरगर्मी तेज, पार्षद प्रत्याशी सुषमा यादव ने विकास को बनाया मुख्य मुद्दा



**जोड़ापोखर (धनबाद) :** धनबाद नगर निगम चुनाव में चुनाव चिन्हों के आवंटन के साथ ही सभी वार्डों में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान तेज कर मतदाताओं को साधने में जुट गये हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 50 में भी चुनावी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। वार्ड 50 से पार्षद पद की प्रत्याशी सुषमा शिवकुमार यादव ने विकास कार्यों की निरंतरता को अपना प्रमुख मुद्दा बनाते हुए जनता से समर्थन और आशीर्वाद की अपील की है। रविवार को उन्होंने 35 नंबर कॉलोनी, 13 नंबर ईदगाह मोहल्ला, मोहलबनी, नगीना बाजार, वाई क्वार्टर समेत कई इलाकों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से वोट मांगे। जनसंपर्क के दौरान सुषमा यादव ने कहा कि वार्ड में पूर्व पार्षद द्वारा कोई ठोस विकास कार्य नहीं कराया गया, जिसके कारण आज क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि जनता का समर्थन मिला तो वार्ड में नाली-नाला निर्माण, पक्की सड़कों का निर्माण, चबूतरा निर्माण, यात्री शेड, स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, पेयजल, बिजली और प्रदूषण जैसी समस्याओं का समाधान करना उनका लक्ष्य है। सबका साथ, सबका विकास के उद्देश्य के साथ वे चुनाव मैदान में उतरी हैं और वार्ड 50 को एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## चुनाव चिह्न मिलते ही पार्षद प्रत्याशियों ने झोंकी प्रचार में पूरी ताकत



**सिन्दरी (धनबाद) :** नगर निगम चुनाव को लेकर सिंदरी क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव चिन्ह मिलते ही पार्षद प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 54 से प्रत्याशी रंजीत कुमार को चुनाव चिन्ह सिटी आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही रंजीत कुमार ने डोमगढ़ हटिया से अपने प्रचार अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने बीते 11 वर्षों में वार्ड में फैली अव्यवस्था को लेकर पूर्व पार्षद पर निष्क्रियता और कार्यों के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वार्ड में लंबे समय तक प्रतिनिधि की अनुपस्थिति के कारण जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित रही। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने रोजगार, सड़क, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रत्याशी रंजीत कुमार ने जनता को भरोसा दिलाया कि चुने जाने पर वार्ड की बुनियादी समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में रोजगार सृजन को लेकर भी ठोस पहल करने का आश्वासन दिया। नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड 54 में मुकाबला रोचक होता जा रहा है और आने वाले दिनों में प्रचार अभियान और तेज होने की संभावना है।

## कल्याणेश्वर शिव मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**धनबाद :** झरिया के जामाडोबा कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध कल्याणेश्वर शिव मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया। इस भव्य धार्मिक आयोजन में धनबाद नगर निगम के मेयर प्रत्याशी एवं झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह का भव्य स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने उन्हें गमछा पहनाकर सम्मानित किया। इसके पश्चात उन्होंने विधिवत भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और धनबाद जिला सहित पूरे क्षेत्र के नागरिकों के लिए सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत संजीव सिंह ने श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर प्रांगण में उपस्थित लोगों से आत्मीय संवाद किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आपसी भाईचारे, सद्भाव तथा सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को मेयर प्रत्याशी के समक्ष रखा। संजीव सिंह ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और जनसेवा, जनहित तथा क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय गणमान्य लोग एवं मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और सुव्यवस्थित आयोजन ने समारोह को भव्य और सफल बना दिया।

## जनता मजदूर संघ बच्चा गुट ने मेयर प्रत्याशी इन्दु सिंह को दिया समर्थन



**सिन्दरी (धनबाद) :** जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) की ओर से रविवार को सिंदरी के प्रियदर्शिनी पार्क, रोहडाबांध में वनभोज सह समर्थन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धनबाद नगर निगम की मेयर प्रत्याशी इंदु देवी के पक्ष में एकजुटता दिखाई दी। इस अवसर पर जनता मजदूर संघ के महामंत्री अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, मेयर प्रत्याशी इंदु देवी, उनकी बहू आसनी सिंह सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे। बिना माइक के आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि इंदु देवी मजदूरों और आम जनता की हितैषी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपने विकास और सुरक्षा के लिए इंदु देवी को विजयी बनायें। अभिषेक सिंह ने कहा कि देश की कोयला राजधानी धनबाद आज भी सफाई और बुनियादी सुविधाओं के मामले में पिछड़ा हुआ है। ऐसे में एक मजबूत और जमीनी नेतृत्व की जरूरत है, जिसे इंदु देवी पूरा कर सकती हैं। वहीं, आसनी सिंह ने कहा कि उन्हें अपने परिवार और जनता का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने बताया कि उनके ससुर ने कारागार से भी जनता के नाम आशीर्वाद भेजा है और कहा है कि वे धनबाद जिले के लोगों के दिलों में बसते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संघर्ष और एकजुटता के साथ जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 54 की पार्षद प्रत्याशी दामिनी द्विवेदी, जनता मजदूर संघ सिंदरी के महामंत्री वेद प्रकाश ओझा ने भी अपने विचार रखे। वनभोज कार्यक्रम में समर्थकों की भारी भीड़ देखी गयी, जिससे संगठन की मजबूती और चुनावी माहौल में सक्रियता का संकेत मिला।

# विधायक के दिवंगत अनुज डॉ. बुद्धदेव महतो का अस्थि विसर्जन सम्पन्न



त्रिवेणी घाट पर नम आंखों से दी गयी अंतिम विदाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद/सिन्दरी :** सिन्दरी विधायक चन्द्रदेव महतो के छोटे भाई, प्रख्यात समाजसेवी एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो की अस्थियों का विसर्जन सोमवार को पूरे धार्मिक विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संगम तट स्थित त्रिवेणी घाट पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर घाट का वातावरण पूरी तरह शोकाकुल रहा और हर ओर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं की गईं। अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में विधायक के बड़े भाई चन्द्रदेव महतो ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। तीर्थ पुरोहितों के निर्देशन में उन्होंने अपने दिवंगत छोटे भाई की अस्थियों को पवित्र नदी में प्रवाहित किया और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा मोक्ष की कामना की। इस भावुक क्षण में परिवार के सदस्यों की आंखें नम दिखीं।

**वैदिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ अनुष्ठान**

**त्रिवेणी** घाट पर सर्वप्रथम अस्थि कलश का विधिवत पूजन किया गया। इसके पश्चात मंत्रोच्चार, तर्पण एवं अन्य धार्मिक क्रियाओं के साथ अस्थियों का विसर्जन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**गण्यमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

**इस** शोकपूर्ण अवसर पर महतो परिवार के सदस्यों के अलावा क्षेत्र के कई सामाजिक, राजनीतिक और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो के सामाजिक योगदान, उनके सौम्य स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

**सिन्दरी क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति**

**परिवार** की ओर से कहा गया कि डॉ. बुद्धदेव महतो का असामयिक निधन केवल महतो परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे सिन्दरी क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सजग, संवेदनशील और सेवाभावी व्यक्तित्व को खो दिया है।

# माध्यमिक छात्रों ने किया आईआईटी आईएसएम का शैक्षणिक भ्रमण




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिन्दरी (धनबाद) :** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी के छात्रो ने रविवार को आईआईटी आईएसएम धनबाद का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस दौरान छात्रों ने संस्थान के परिसर में आयोजित नवाचार आधारित प्रयोगों एवं वैज्ञानिक प्रदर्शों को देखा। विभिन्न प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, अनुसंधान कार्यो तथा वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोजों की विस्तृत जानकारी दी गई। संस्थान के विशेषज्ञों ने सरल भाषा में छात्रों को बताया कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इस दौरान छात्रो ने कई एक प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस कार्यक्रम के संचालन में दक्षिणेश्वर ठाकुर, पवन प्रजापति, नरेश राय, कन्हाई कुंभकार, अनिमेष, संध्या मिश्रा एवं श्वेता की भूमिका सराहनीय रही। विद्यालय परिवार ने आईआईटी आईएरएम धनबाद प्रबंधन एवं वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। और भविष्य में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की योजना पर बल दिया। जिससे छात्रो को शैक्षणिक विविधता का ज्ञान प्राप्त हो सके।

# सत्ता परिवर्तन नहीं, व्यवस्था बदलने की चाहत : नागेश्वर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** नगर निगम चुनाव की सरगर्मी के बीच वार्ड 29 के पार्षद प्रत्याशी नागेश्वर महतो उर्फ सप्पू महतो ने रविवार को अपना विजन साझा किया। 23 तारीख को होने वाली वोटिंग से पहले उन्होंने क्षेत्र की जनता के सामने विकास का एक ठोस खाका पेश करते हुए विरोधियों पर तीखा हमला बोला। बताया गया कि चुनावी मैदान में कई लोग आए हैं, लेकिन जनता को जुमला देने के लिए। सप्पू महतो ने कहा कि उनका यह चुनाव केवल पद के लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र की दशा सुधारने के लिए है। उन्होंने पेयजल संकट पर गहरी चिंता जताते हुए कहा, गर्मी में पानी के लिए जनता त्राहि-त्राहि करती है। मैंने इसके लिए पीएचडी विभाग और निगम को कई बार लिखित शिकायत दी और जनता के साथ धरने पर भी बैठा, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने जर्जर सड़कों, बिजली की किल्लत और बेरोजगारी के कारण बढ़ती चोरियों को क्षेत्र के पिछड़ेपन का मुख्य कारण बताया। नागेश्वर महतो पार्षद बनने के बाद के अपने संकल्पों को दोहराया।

**विकास कार्यों में पारदर्शिता**

सरकारी राशि का शत-प्रतिशत उपयोग केवल क्षेत्र के विकास में होगा। डिजिटल सेवाः एक कॉल पर जनता को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। वार्ड का विकेंद्रीकरणः पूरे क्षेत्र को 8 भागों में बांटकर अलग-अलग टीमें देखरेख करेंगी। सामाजिक सहयोग जरूरतमंद युवतियों की शादी में आर्थिक व शारीरिक सहयोग, डेकोरेटर सेवाओं में विशेष छूट।

## संतोष सिंह ने धनबाद पुलिस लाइन में शमशेर आलम के समर्थन में किया जनसम्पर्क

**धनबाद :** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने रविवार को धनबाद पुलिस लाइन क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर आलम के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर कांग्रेस की नीतियों और शमशेर आलम के सामाजिक व राजनीतिक योगदान से अवगत कराया। संतोष सिंह ने कहा कि शमशेर आलम एक जमीनी नेता हैं, जिन्होंने हमेशा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने भरोसा जताया कि शमशेर आलम के नेतृत्व में क्षेत्र का समुचित विकास होगा और जनता की आवाज मजबूती से उठेगी। जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। कई लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी के प्रति समर्थन जताते हुए आगामी चुनाव में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी खनन के दौरान ट्रैक्टर चालक की संदिग्ध मौत, आक्रोश में शिक्षक के घर पर हमला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद) :** खरखरी ओपी क्षेत्र के न्यू परसबनिया कॉलोनी के समीप रविवार दोपहर अवैध मिट्टी खनन के दौरान एक ट्रैक्टर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान फुलारीटांड़ बस्ती निवासी विश्वनाथ रवानी उर्फ लाला रवानी के रूप में की गई है। घटना के बाद अवैध खनन में संलिप्त दर्जनों ट्रैक्टर और एक जेसीबी के चालक अपने-अपने वाहन लेकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने मिट्टी खनन स्थल से सटे टुंडू हाईस्कूल के शिक्षक सरयू रविदास के घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। उपद्रवियों ने फ्रिज, वाशिंग मशीन, पंखा, कूलर सहित घर में मौजूद लगभग सभी घरेलू सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और करीब 40 हजार रुपये नकद लूट लेने का भी आरोप है। हालात बिगड़ते देख शिक्षक सरयू रविदास ने अपनी पत्नी और पुत्र के साथ एक कमरे में खुद को बंद कर किसी तरह जान बचाई। आक्रोशित लोगों का आरोप था कि जिस जमीन पर अवैध मिट्टी खनन हो रहा था, वह जमीन शिक्षक की है। हालांकि स्थानीय सूत्रों के अनुसार संबंधित भूमि गैर आबाद जमीन बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। शाम करीब 4:30 बजे बाघमारा विधायक शत्रुघन महतो भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रैक्टर व जेसीबी चालकों की तलाश की जा रही है। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन, स्थानीय पुलिस और ट्रैक्टर मालिकों के बीच वार्ता जारी थी, लेकिन किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका। मृतक का शव समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर ही पड़ा हुआ था।

# धनबाद के सभी 1016 बूथ होंगे मॉडल बूथ, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। 23 फरवरी 2026 को होने वाले मतदान के मद्देनजर जिले के सभी 1016 मतदान केन्द्रों को मॉडल बूथ के रूप में विकसित किया गया है, जहां मतदाताओं को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर निगरानी तंत्र तक प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह जानकारी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र के 468 भवनों में 974 तथा चिरकुंडा नगर परिषद के 32 भवनों में 42 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबल तैनात रहेंगे, ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

**संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा**

**उपायुक्त** ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में 158 सामान्य, 648 संवेदनशील और 168 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिह्नित किये गये हैं। वहीं चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में 40 सामान्य और 2 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

**एफएसटी, एसएसटी, चेक पोस्ट और कंट्रोल रूम एक्टिव**

**चुनाव** को निष्पक्ष बनाये रखने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) स्टेटिक सर्विलांस टीम (एस एसटी), सीसीटीवी कैमरे, चेक पोस्ट, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल और एक्सपेंडिचर सेल पूरी तरह सक्रिय हैं। उपायुक्त ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत आम नागरिक सीधे कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल या चुनाव प्रेक्षकों से भी कर सकते हैं।

**मतदान सामग्री का डिस्पैच और मतगणना की तैयारी**

23 फरवरी को मतदान सामग्री का डिस्पैच बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से किया जाएगा, जबकि मतदान के बाद सामग्री धनबाद पॉलिटेक्निक में रिसीव की जायेगी। मतगणना 27 फरवरी को धनबाद पॉलिटेक्निक में ही होगी। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 6000 से अधिक कर्मियों, 180 बसों और 500 से अधिक वाहनों की व्यवस्था की गयी है।

**स्वीप अभियान से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत**

**मतदान** प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग को सक्रिय कर दिया गया है। जिन क्षेत्रों में पिछले चुनाव में मतदान कम रहा था, वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

**सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी**

**प्रेस** वार्ता में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले में हर मतदान केंद्र पर पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त बल के साथ क्विक रिस्पांस टीम और रशिंग पार्टी भी तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल 24 घंटे सक्रिय है और फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली हर सामग्री पर नजर रखी जा रही है।

**फेक न्यूज पर सख्ती, मीडिया से सहयोग की अपील**

**एसएसपी** ने मीडिया से अपील की है कि फेक न्यूज, भ्रामक और सौहार्द बिगाड़ने वाली खबरों से परहेज करें। मतदाताओं को प्रलोभन देने की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रत्याशी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**लाइसेंसी हथियार जमा करना अनिवार्य**

**जिले** में कुल 1016 लाइसेंसी शस्त्र हैं, जिनमें से अब तक 189 जमा कराये जा चुके हैं। शेष लाइसेंसधारियों को 15 फरवरी तक अपने हथियार नजदीकी थाना में जमा करना अनिवार्य है। तय समय तक हथियार जमा नहीं करने या छूट के लिए आवेदन नहीं देने पर लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

**नकद लेन-देन पर कड़ी नजर**

**चुनाव** के दौरान 1.99 लाख रुपये से अधिक नकद राशि मिलने पर उसके स्रोत और उपयोग की जानकारी देनी होगी। 10 लाख रुपये से अधिक नकद मिलने पर आयकर विभाग को सूचना दी जायेगी। सभी बैंकों को संदिग्ध खातों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं। प्रेस वार्ता में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, सभी निर्वाची पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय.....

## किसकी हुई कितनी जीत?

भारत और अमेरिका के बीच 02 फरवरी को व्यापार समझौते की घोषणा हुई। इस समझौते की घोषणा भी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने ही की। इसके उपरान्त भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी सूचना देशवासियों को दी। डॉनल्ड ट्रम्प और नरेन्द्र मोदी, दोनों इस नये समझौते को अपनी-अपनी जीत बता रहे हैं। टैरिफ कम करने को नरेन्द्र मोदी की बड़ी जीत के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। मोदी की प्रशंसा में कहा जा रहा है कि चंद दिनों के भीतर उन्होंने दो बड़े व्यापार समझौते किये...एक तो यूरोपीय यूनियन (ईयू) से मुक्त व्यापार समझौता और दूसरा ट्रम्प से टैरिफ कम करा लिया। यह और बात है कि दोनों समझौतों में काफी अन्तर है। ईयू को अमेरिका से छिटकने के कारण ही भारत की आवश्यकता पड़ी। क्योंकि ट्रम्प यूरोप के देशों पर अनावश्यक धौंस दिखा रहे थे। वहीं, भारत को भी एक नये व्यापार साथी की तलाश थी। हालांकि, ईयू से व्यापार समझौता कब तक धरातल पर उतरेगा और इसका क्या असर होगा, यह समय बतायेगा। लेकिन, अमेरिका से समझौते का तत्काल प्रभाव भारत पर पड़ेगा, क्योंकि इसमें न केवल अमेरिका, बल्कि रूस-ईरान जैसे देशों से उसके सम्बन्धों पर असर पड़ेगा। ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका अब 25 की जगह 18 फीसदी टैरिफ लगायेगा, जबकि भारत शून्य टैरिफ लगायेगा। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा और 500 बिलियन डॉलर ; अर्थात लगभग 45.47 लाख करोड़ के अमेरिकी सामान खरीदेगा। जिस तरह ट्रम्प ने यह बताया है कि भारत क्या करेगा और कैसे करेगा, उससे प्रतीत होता है कि यह समझौता केवल व्यापार का नहीं, बल्कि दबाव, मजबूरी और रणनीतिक बदलाव के तहत किया गया है। विपक्ष इस समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे को बता रहा है। वहीं, इस बाबत विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है कि अमेरिकी न्याय विभाग ने जो कुछ फाइल्स से खुलासा किया है, वह बेबुनियाद है। एक आशंका यह भी है कि इस समझौते के पीछे अमेरिका की अदालत से गौतम अडानी को मिला समन है। मोदी सरकार इस समझौते को अपनी जीत बता रही है, तो फिर उसे साबित करना चाहिए कि यदि भारत अमेरिका से 45 लाख करोड़ रुपये के सामान खरीदेगा, तो बदले में अमेरिका भी क्या उससे इतनी ही कीमत या इससे अधिक कीमत के सामान खरीदेगा ? यदि नहीं, तो फिर यह जीत कैसी है ! अमेरिका ने तो भारत पर अब 18 प्रतिशत टैरिफ की बात कही है, लेकिन भारत की तरफ से जो शून्य टैरिफ लगेगा, उसमें भारत की जीत कैसे हुई ! प्रसंगवश, उल्लेखनीय है कि शपथ ग्रहण के बाद ही डॉनल्ड ट्रम्प ने टैरिफ का राग छेड़ते हुए भारत के साथ व्यापार घाटे को बड़ा मुद्दा बनाया था। ट्रम्प ने 25 प्रतिशत के टैरिफ के साथ ही पिछले वर्ष अगस्त में रूसी तेल खरीदने के लिए दंड के रूप में अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ भारत पर लगाया था, क्या तब मोदी ट्रम्प के इतने महान नेता और प्रिय मित्र नहीं लग रहे थे ? सर्वविदित है कि टैरिफ के दबाव से भारत के निर्यात में कमी आयी थी। अगस्त 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 6.86 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर में घट कर 6.30 अरब डॉलर रह गया था। वहीं, अमेरिका से आयात अगस्त में 3.60 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर में बढ़ कर 4.84 अरब डॉलर हो गया था। अर्थात, भारत लगातार घाटा सह रहा था और अब फिर से वही हालात बन रहे हैं। ट्रम्प ने रूस की जगह वेनेजुएला से तेल खरीदने की जबरदस्ती भारत पर थोपी है। वेनेजुएला से भारत अपनी शर्तों पर तेल खरीदता, तो यह अलग बात होती, लेकिन निकोलस मादुरो अमेरिका की कैद में हैं और ऐसे में यह घोषणा एहसास कराती है कि ट्रम्प भारत को भी अपनी कैद में करने का गुमान पाले हुए हैं। इस समझौते में ईरान का उल्लेख नहीं है, लेकिन चाबहार परियोजना से पीछे हटना भी बता रहा है कि भारत की विदेश और अर्थ नीति अब ट्रम्प की मेहरबानी पर आ टिकी है। इस समझौते की खतरनाक बात यह है कि कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोला गया है। अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस ने कहा है कि अब अमेरिका के किसानों के उत्पाद भारत के बाजार में बिकेंगे। इससे अमेरिका के ग्रामीण इलाकों में पैसा आयेगा। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि भारत के ग्रामीण इलाकों के बारे में मोदी सरकार क्या सोच रही है? देश को जवाब का इंतजार है।

## 'घूसखोर पंडित' फिल्म विवाद से उपजे सवाल

विशेष — डॉ. मयंक चतुर्वेदी

नीरज पांडे और मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' को आप महज एक फिल्म के शीर्षक तक सीमित मत रखिए, कहना होगा कि यह उस दीर्घकालिक और सुनियोजित नैरेटिव का विस्तार है, जिसके तहत भारतीय समाज के भीतर एक वर्ग और एक पहचान को अपराध, पतन और नैतिक गिरावट के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। पिछले कई दशकों से भारतीय दर्शक एक अजीब दोहरे मानदंड का साक्षी है। जब आतंकवाद या हिंसा दिखायी जाती है, तब यह तर्क बार-बार दोहराया जाता है कि 'आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता।' फिल्मों और वेब सीरीज में आतंकवादी की धार्मिक पहचान को जान-बूझ कर धुंधला किया जाता है, नाम बदले जाते हैं, पृष्ठभूमि छिपा दी जाती है, ताकि किसी विशेष समुदाय की भावनाएं आहत न हों, किन्तु जैसे ही विषय भ्रष्टाचार, शोषण या सत्ता का दुरुपयोग होता है, कैमरा अचानक जनेऊ, तिलक, पूजा-पाठ और उपनाम पर टिक जाता है।

अब यह भ्रम टूट जाना चाहिए कि भारतीय सिनेमा और ओटीटी मनोरंजन कर रहे हैं। सच यह है कि ये प्लेटफॉर्म आज यह तय कर रहे हैं कि समाज में अपराधी कौन है। हालांकि फिल्म 'घूसखोर पंडित 'पर देशभर में न सिर्फ ब्राह्मण समाज बल्कि बीएसपी प्रमुख मायावती से लेकर अन्य जाति-बिरादरियों के प्रमुखों की आई आपत्तियों और एफआईआर दर्ज होने के बाद फिल्म मेकर्स ने प्रमोशनल मटेरियल को हटाने का फैसला लिया है, किंतु इस दिशा में हो रहे नकारात्मक प्रयासों ने फिर ये बताया है कि हिन्दू समाज को तोड़ने के लिए उसमें जाति के आधार पर वैमनस्य पैदा करने तथा किसी की पहचान को आरोपित करने के लिए कैसे कला के नाम पर वैचारिक हमला किया जा सकता है। नीरज पांडे और मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' को आप महज एक फिल्म के शीर्षक तक सीमित मत रखिए, कहना होगा कि यह उस दीर्घकालिक और सुनियोजित नैरेटिव का विस्तार है, जिसके तहत भारतीय समाज के भीतर एक वर्ग और एक पहचान को अपराध, पतन और नैतिक गिरावट के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। पिछले कई दशकों से भारतीय दर्शक एक अजीब दोहरे मानदंड का साक्षी है। जब आतंकवाद या हिंसा दिखाई जाती है, तब यह तर्क बार-बार दोहराया जाता है कि 'आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता।' फिल्मों और वेब सीरीज में आतंकवादी की धार्मिक पहचान को जानबूझकर धुंधला किया जाता है, नाम बदले जाते हैं, पृष्ठभूमि छिपा दी जाती है, ताकि किसी विशेष समुदाय की भावनाएं आहत न हों किंतु जैसे ही विषय भ्रष्टाचार, शोषण या सत्ता का दुरुपयोग होता है, कैमरा अचानक जनेऊ, तिलक, पूजा-पाठ और उपनाम पर टिक जाता है। यह चयनात्मक संवेदनशीलता अपने आप में एक गंभीर सवाल खड़ा करती है।

'घूसखोर पंडित' शीर्षक यह स्पष्ट करता है कि यहाँ घूसखोरी किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत विकृति न मानकर एक पहचान की विशेषता के रूप में प्रस्तुत की जा रही है। यही वह बिंदु है जहाँ कला की स्वतंत्रता का तर्क कमजोर पड़ जाता है। क्या कोई फिल्मकार 'घूसखोर मौलाना' या 'घोटालेबाज पादरी' जैसे शीर्षक रखने का साहस कर सकता है? यदि उत्तर नहीं है तो इसका अर्थ यह है कि यह स्वतंत्रता नहीं, सुरक्षित लक्ष्य चुनने की रणनीति है। देखा जाए तो भारतीय सिनेमा में यह प्रवृत्ति अचानक नहीं आई। दशकों से पात्रों का निर्माण उनके उपनाम और जातीय पहचान के आधार पर किया जाता रहा है। ब्राह्मण या पंडित को अक्सर लालची, चालाक, षड्यंत्रकारी या सत्ता से चिपका हुआ दिखाया गया। राजपूत या ठाकुर को अत्याचारी जमींदार के रूप में सीमित कर दिया गया, जबकि उनके ऐतिहासिक योगदान, बलिदान और राष्ट्ररक्षा की भूमिका को हाशिये पर डाल दिया गया। बनिया पात्र को सूदखोर और अमानवीय दिखाने की परंपरा भी किसी से छिपी नहीं है। आज यह लगातार दोहराया गया पैटर्न बन चुका है, जिसे धीरे-धीरे समाज के अवचेतन में बैठाने का प्रयास हो रहा है। धार्मिक प्रतीकों का चित्रण भी इसी असंतुलन को दर्शाता है। मंदिरों को अक्सर अंधविश्वास, पाखंड और षड्यंत्र के केंद्र के रूप में दिखाया जाता है, जबकि मस्जिद या दरगाह को शांति, करुणा और आध्यात्मिकता का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत किया जाता है। यह तुलना स्वतः ही दर्शक के मन में एक वैचारिक झुकाव पैदा करती है। यह कहना कठिन नहीं कि यह कला का स्वाभाविक विकास न होकर एक खास मानसिक दिशा में सोच को मोड़ने का प्रयास है। कई वेब सीरीज में सवर्ण पात्रों को मानसिक रूप से विकृत, जन्मजात अपराधी या नैतिक रूप से दिवालिया दिखाया जाना इसी दिशा की ओर संकेत करता है। यह सिविल कॉन्फ्लिक्ट नैरेटिव का निर्माण है।

यह नैरेटिव केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं है। विश्वविद्यालय परिसरों में, खासकर जेएनयू, जादवपुर जैसे संस्थानों में, 'ब्राह्मण' या 'पंडित' शब्द को गाली और अपराध के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया जाना इसी मानसिकता का विस्तार है। यह एक ऐसा प्रयोग है, जिसमें हिंदू समाज को बाहरी शत्रु से नहीं, आंतरिक विभाजन के माध्यम से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। चिंताजनक पहलू यह है कि इस प्रक्रिया में बड़ी भूमिका उन्हीं लोगों की है, जो स्वयं इसी समाज से आते हैं। वैश्विक स्वीकृति, पुरस्कार और वैचारिक प्रमाणपत्र पाने की होड़ में अपनी ही जड़ों को कटघरे में खड़ा करना एक खतरनाक प्रवृत्ति बन चुकी है। यदि वैश्विक सिनेमा से इस सोच की तुलना की जाए तो अंतर और स्पष्ट हो जाता है। हॉलीवुड या यूरोप में अपराध को व्यक्ति की कमजोरी माना जाता है, उसकी नस्ल या धार्मिक पहचान को शीर्षक का हिस्सा नहीं बनाया जाता। भारत में यह इसलिए संभव है क्योंकि यहाँ का बहुसंख्यक समाज सहिष्णु है और प्रतिक्रिया में संयम बरतता है। अब इस स्थिति से निपटने के लिए सिर्फ भावनात्मक प्रतिक्रिया पर्याप्त नहीं है। जागरूकता के साथ-साथ ठोस नीतिगत कदम उठाने की आवश्यकता है।

## मेलों में मौत के झूले : खुशी के टिकट पर बिकती ज़िन्दगी

गौरतलब — डॉ. प्रियंका सौरभ

मेलों में झूले हमेशा से आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। बच्चों की हंसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें-सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है। लेकिन, जब यही झूले मौत का कारण बन जायें, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा अचानक नहीं हुआ।

हरियाणा के सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहां मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है जहाँ सुरक्षा सबसे आखिरी प्राथमिकता बन चुकी है। मेलों में झूले हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हँसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें—सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है। लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएँ, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढाँचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा अचानक नहीं हुआ। यह उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से 'चलने दो' कहकर नजरअंदाज किया जाता रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जाँच होती है या फिर कुछ कागजों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ 'मैनेज' कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है—ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन—लेकिन झूलों की तकनीकी जाँच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियाँ झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती? यह पहली बार नहीं है जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं—कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएँ घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है—जाँच के आदेश, मुआवजे की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक। सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहाँ सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है।

## आज का इतिहास

- स्वतंत्र देश बनने के लिए जमैका ने 1962 में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये।
- पोलैंड और रूस के बीच 1667 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- आस्ट्रिया ने 1788 में रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- आस्ट्रिया और फ्रांस ने 1801 में लुनेविल्लै शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने 1824 में ईसाई धर्म अपनाया।
- भारत में 1931 में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।
- लीबिया के तटीय शहर अल अघीला पर ब्रिटिश सेना ने 1941 में कब्जा किया।
- 1951 में स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरू किया गया।
- 'अपोलो 14 मिशन' 1971 में चांद से पृथ्वी पर लौटा।
- बीजू पटनायक 1973 में उड़ीसा की राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गये।
- रूसी अंतरिक्ष यान 'सोयुज 17' अंतरिक्ष से 29 दिन बाद 1975 में धरती पर लौटा।
- अफ्रीकी देश नाइजीरिया में 1979 में संविधान बदला गया।
- लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए 1991 में मतदान किया।
- भारतीय निर्देशक शेखर कपूर की फिल्म 'एलिजाबेथ' 09 फरवरी, 1999 को ऑस्कर के लिए नॉमिनेट की गयी।
- पाकिस्तान की विपक्ष पार्टी जमायती उलेमा इस्लामी ने 09 फरवरी, 2007 को जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी की लिस्ट से हटा दिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने 09 फरवरी, 2009 को ताज और उसके आसपास के अवैध निर्माण पर यूपी सरकार को नोटिस दी।

## किसने क्या कहा



किसानों के हित सर्वोपरि, ट्रेड डील से भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं

शिवराज सिंह
कृषि मंत्री



अब भारत को तोड़नेवाले टूट जायेंगे, यह 1947 का भारत नहीं है

डॉ. मोहन भागवत
संघ के सरसंघचालक

## अंकजाल - 8174

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*



*अंकजाल 8173 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सर्वव्यापक और न्यायकारी ईश्वर

ईश्वर का दंड एवं उपहार दोनों असाधारण हैं। इसलिए आस्तिक को सदा ध्यान रहेगा कि दंड से बचा जाए और उपहार प्राप्त किया जाए। यह प्रयोजन छुटपुट पूजा-अर्चना, जप-ध्यान से पूरा नहीं हो सकता। यह भावनाओं और क्रियाओं को उत्कृष्टता के सांचे में ढालने से ही पूरा होता है। न्यायनिष्ठ जज की तरह ईश्वर किसी के साथ पक्षपात नहीं करता। अपना गुणगान करने वाले के साथ यदि वह पक्षपात करने लगे, तब उसकी न्याय व्यवस्था का कोई मूल्य न रहेगा, सृष्टि की सारी व्यवस्था ही गड़बड़ा जाएगी। सबको अनुशासन में रखने वाला परमेर स्वयं नियम व्यवस्था में बंधा है। यदि वह उच्छृंखलता व अव्यवस्था बरतेगा तो फिर उसकी सृष्टि में पूरी तरह अंधेरा फैल जाएगा। फिर कोई उसे न तो न्यायकारी कहेगा और न समदर्शी। भगवान को हम सर्वव्यापक व न्यायकारी समझकर ईश्वर के दंड से डरें। उसका भक्त वत्सल ही नहीं, रौद्र रूप भी है, जो रुग्ण, मूक, बधिर, अंध, अपंगों की दशा देखकर सहज समझा जा सकता है। केवल बंशी बजाने वाले और रास रचाने वाले ईश्वर का ही ध्यान न रखें। उसका एक त्रिशूलधारी रूप भी है, जो दुरात्माओं का दमन व मर्दन करता है। न्यायनिष्ठ जज की तरह ईश्वर को भी भक्त-अभक्त, प्रशंसक-निंदक का भेद किए बिना व्यक्ति के शुभ-अशुभ कर्मों का दंड या पुरस्कार देना होता है।

## सुविचार

उस व्यक्ति को आलोचना करने का अधिकार है, जो सहायता करने की भावना रखता है

**अब्राहम लिंकन**

हमारी सबसे बड़ी महानता गिरने से बचने में नहीं है, बल्कि हर बार गिर कर उठने में निहित है

**कन्फ्यूशियस**

## खराब कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती

**मनोज कुमार मिश्र**

कचरा अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव-देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हो गए हैं। पर्यावरण के लिए घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रोनिक कचरा ज्यादा नुकसानदेह है। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कचरे में तमाम नए तरह के कूड़ा पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खास कर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी।

दिल्ली, मुंबई या दूसरे बड़े शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह से आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलूंग के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई, देहरादून आदि के कूड़े घर में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ी कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद ((शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन जीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं। घरों से हर निकलने वाले कूड़े प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग-अलग कूड़े की छंटाई शुरूवात में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब घरों को तोड़ने से होने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री-साईकिल कर दूसरी चीज बनाए जाने लगे हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरो का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगते हैं। इसी तरह इलेक्ट्रोनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उसके पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम जिन दुनियां के अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता के अंधी दौड़ में फंसे हुए है, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस-फूस के मकानों को तोड़ तक वापस कुछ और मिट्टी या बांस- फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थी। गांव में प्लास्टिक के थैलों और बोतलों आदि का उपयोग तो कुछ दशकों से शुरू हुआ है।

## राशिफल

**मेष** — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समय अच्छा चल रहा है।

**तुला** — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पायेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**वृष** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**वृश्चिक** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** — समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**धनु** — कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। समय ठीक है।

**सिंह** — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कुंभ** — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें।

**कन्या** — पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

## गेमिंग की लत और तबाह होती नौनिहालों की जिन्दगी

गौरतलब — डॉ. रमेश ठाकुर

क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़ कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं। ऐसे सवालों का उत्तर समाज के प्रत्येक वर्ग को सामूहिक स्तर पर खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गयी है, जिसका ताजा उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसा कर मौत को गले लगा लिया। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। तीनों बहनों ने मौत को जिस भयावह अंदाज में अपनाया, उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है।

पिछले ही सप्ताह भोपाल की छत्रसाल कॉलोनी के एक व्यवसायी के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने गेमिंग में फंसकर आत्महत्या की थी। घटना चचाओं में थी कि वैसा ही एक और मामला गाजियाबाद में घट गया। सिलसिलेवार रूप से एक ही जैसे मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। बीते 24 महीनों में करीब 180 ऐसी ही घटनाएं देशभर में रिपोर्ट की गई हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से 5 सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है। कौन-सी तरकीब अपनाई जाए, जिससे बच्चे गेमिंग के चुंगल से निकल कर अपने पारंपरिक देशी किस्म के खेलकूदों की ओर मुड़ जाएं। दरअसल, ऐसी जरूरत गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइट के बाद और ज्यादा महसूस होने लगी है। क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़ कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं। ऐसे सवालों का उत्तर समाज के प्रत्येक वर्ग को सामूहिक स्तर पर खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गई है जिसका ताजा उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसा कर मौत को गले लगा लिया। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। तीनों बहनों ने मौत को जिस भयावह अंदाज में अपनाया, उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है। मृतकों ने अपने पिता के नाम चिट्ठी लिखकर मौत की वजह भी बताई। आठ पन्नों के सुसाइट नोट में उन्होंने अपनी अधूरी चाहत की पूरी दास्तां विस्तार से लिखी। ऐसी-ऐसी वजहें लिखीं, जिन्हें पढ़-सुनकर समाज सोचने पर विवश हुआ है।

घटना की शुरुआती पड़ताल बताती है कि गेम की गिरफ्त में तीनों बहनें ऐसी जकड़ी कि निकल ही नहीं पाई, निकलने की तमाम नाकाम कोशिशें जरूर की। लेकिन दलदल में इतनी फंस चुकी थी, वहां से निकलना उनके लिए नामुकिन हो गया। अंत में तीनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर जीवनलीला समाप्त करना ही मुनासिब समझा। पुलिस घटना की तफ्तीश कर रही है। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नई-नई अचंभित करने वाली बातें सामने आ रही हैं। कुछ ऐसी भी बातें जिनपर एकाएक विश्वास करना मुश्किल है। पुलिस की थ्योरी और पड़ोसियों की मानें तो तीनों लड़कियां चौबीसों घंटे गेम में लगी रहती थीं। तीनों ही कोरियन लड़कों से शादी करने पर आमादा थी। गेमिंग के जरिए कोरियन कल्चर को उन्होंने अपने दिल-दिमाग में इस कदर बिठा लिया था कि कोरिया के बिना उनका जीवन बेकार है। उनकी हरकतों से परिवार भी बीते दो सालों से परेशान और चिंतित था। पिता ने तीनों से उनका मोबाइल भी छीन लिया, जिसके चलते उन्होंने लड़ना-झगड़ा शुरू कर दिया था। इसके अलावा लड़कियां रोजाना अपने परिवार पर कोरिया ले जाने का दबाव डालने लगी थीं। सुसाइड में तीनों बहनों ने दुखभरी इमोजी भी बनाई, जिसमें पिता चेतन कुमार को 'सॉरी पापा' लिखकर, अंत में अलविदा शब्द लिखा।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

नगर पंचायत चुनाव

# सियासी खींचतान तेज, समर्थन को लेकर महागठबंधन में मतभेद उजागर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : नगर पंचायत चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। अध्यक्ष पद को लेकर महागठबंधन के भीतर ही अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। कांग्रेस और माले ने झामुमो समर्थित अध्यक्ष पद की प्रत्याशी बिलासी टोपनो को समर्थन देने का ऐलान किया है, जिससे चुनावी माहौल और दिलचस्प हो गया है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष कामेश्वर यादव ने कहा कि कांग्रेस और माले ने आपसी सहमति से बिलासी टोपनो को समर्थन देने का फैसला लिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि महागठबंधन की सहयोगी पार्टी राजद भी इस निर्णय के साथ है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर राजद जिला अध्यक्ष से बातचीत हुई है और सहमति मिल चुकी है। हालांकि, कांग्रेस के इस दावे पर राजद ने कड़ा ऐतराज जताया है। जब इस बारे में राजद प्रदेश सचिव रंजीत यादव से पूछा गया तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कोई भ्रम में न रहे और न ही अफवाह फैलाए। उनके अनुसार, राजद नगर पंचायत चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ रही है और पार्टी समर्थित प्रत्याशी मिलियानी कुजूर को जिताने के लिए प्रतिबद्ध है। रंजीत यादव ने यह भी कहा कि यह चुनाव राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देश पर लातेहार में लड़ा जा रहा है और पार्टी किसी भी हाल में पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कांग्रेस के दावों को बेबुनियाद बताया। इस मौके पर प्रदेश सचिव मोहर सिंह यादव और संतोष यादव समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। कुल मिलाकर, समर्थन और दावों की इस रस्साकशी ने लातेहार नगर पंचायत चुनाव को और ज्यादा रोचक बना दिया है।

## नगर निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस ने दो नेताओं को किया निलम्बित

**गुमला** : शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान पार्टी अनुशासन बनाए रखने को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी, गुमला ने सख्त कदम उठाया है। पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं संगठनात्मक निर्देशों की अवहेलना के आरोप में जिला कांग्रेस कमिटी ने श्रीमती ज्योति कुजूर एवं सुश्री जसमनी लुगुन को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजनील तिग्गा द्वारा जारी पत्र के अनुसार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने 2 फरवरी 2026 को स्पष्ट निर्देश जारी किया था कि नगर निगम के महापौर एवं नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों का चयन जिला राजनीतिक मामलों की समिति से परामर्श एवं सर्वसम्मति से किया जाएगा। पार्टी केवल उन्हीं उम्मीदवारों का समर्थन करेगी, जिन्हें समिति की स्वीकृति प्राप्त हो। इसके बाद 5 फरवरी 2026 को प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने पुनः निर्देश जारी कर बताया कि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि जिन उम्मीदवारों को पार्टी का समर्थन प्राप्त नहीं है, उन्हें समय रहते नाम वापस लेने के निर्देश दिए जाएंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## वार्ड नम्बर 05 से प्रत्याशी मुख्तार आलम ने तेज किया जनसम्पर्क



पद रहे न रहे, समाज सेवा ही मेरा संकल्प : मुख्तार आलम

**गुमला** : नगर निकाय चुनाव की सुगबुगाहट के बीच वार्ड नंबर 05 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 5 से प्रत्याशी मुख्तार आलम ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्तार आलम ने स्पष्ट किया कि उनकी राजनीति का आधार केवल पद हासिल करना नहीं है। उन्होंने कहा मैं वार्ड पार्षद के पद पर रहूं या न रहूं, मैं पहले एक समाज सेवक हूं। समाज के बीच रहना और लोगों के सुख-दुख में शामिल होना मेरी प्रकृति है। मुख्तार आलम ने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह भविष्य में भी लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को उनसे जो भी सहयोग बन पड़ेगा, वे उसे निस्वार्थ भाव से करेंगे। वार्ड के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर संभव मदद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य वार्ड नंबर 5 को एक बेहतर और सुविधा संपन्न क्षेत्र बनाना है। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने भी मुख्तार आलम का स्वागत किया। क्षेत्र में उनके मिलनसार स्वभाव और सेवा भाव की चर्चा जोरों पर है।

## एक झलक

### सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना, नकद और जेवरात उड़ाये

**लातेहार** : सदर थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक बंद पड़े घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकद राशि और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अभ्याश कुमार, पिता लक्ष्मण राम, ग्राम कल्याणपुर, पोस्ट डेमू, थाना व जिला ने बताया कि घटना के समय परिवार के अधिकतर सदस्य मौसी की शादी में शामिल होने के लिए मनिका–बरवैया गए हुए थे। घर में केवल उनकी बड़ी भाभी मौजूद थीं, जो रात में दूसरे कमरे में सो रही थीं।सुबह जब उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की तो पाया कि दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया है। इस पर उन्होंने पड़ोसी को आवाज देकर बुलाया, जिसके बाद दरवाजा खुलवाया गया।घर के अंदर प्रवेश करने पर देखा गया कि मुख्य कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने घर से करीब 60 हजार रुपये नकद और लगभग 70 हजार रुपये मूल्य के सोने के जेवरात चोरी कर लिए हैं।

### भाजपा रायडीह मंडल ने वीबी जी–राम जी योजना पर आयोजित की कार्यशाला

**रायडीह** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रायडीह मंडल के तत्वाधान में मंडल अध्यक्ष कर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में वीबी जी–राम जी योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में गुमला जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ने योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना में पहले भ्रष्टाचार की घटनाएं होती थीं, जिसे रोकने के लिए अब कार्यस्थल पर मजदूरों की हाजरी सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही गांव की जरूरत के अनुसार किसी भी कार्य को योजना में शामिल करने का अधिकार भी स्थानीय लोगों को दिया गया है। सुरेश सिंह ने यह भी बताया कि पहले योजना में 100 दिनों की कार्य अवधि थी, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिनों कर दिया गया है, जो मजदूरों के हित में एक सकारात्मक बदलाव है। कार्यशाला में धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष युगल केश्वर पाण्डेय ने किया। मौके पर योगेंद्र सिंह, जगेश्वर सिंह, जगनारायण सिंह, गोविंद रजक, बालमोहन कुमार साहू, राम प्रसाद साहू, राजकिशोर साहू, प्रीत कुमार गुप्ता, श्याम सुंदर साहू सहित कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आरपीएफ ने शराब के साथ 01 को किया गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम** : आदित्यपुर और गम्हरिया के बीच शनिवार रात टाटा–छपरा एक्सप्रेस में गश्त के दौरान आदित्यपुर आरपीएफ टीम ने शराब की एक बड़ी खेप बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिससे रेलवे परिसर में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सका। आरपीएफ टीम ट्रेन में नियमित पेट्रोलिंग कर रही थी, इसी दौरान एक संदिग्ध पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। जांच में बैग से 180 एमएल की कुल 30 पैकेट शराब बरामद हुई।

## एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए गुमला में मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : आगामी एमडीए राउंड (10 से 25 फरवरी) को सफल बनाने के उद्देश्य से गुमला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित मैत्री फुटबॉल मैच ने यह संदेश दिया कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम भी है। यह आयोजन फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने में प्रभावी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो एवं सिविल सर्जन डॉ. शंभू नाथ चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मैच के दौरान स्टेडियम में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की व्यापक जनभागीदारी स्पष्ट हुई। मैच के दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच यह मुकाबला खेल के साथ-साथ फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का संदेश देने का प्रभावी माध्यम बना। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को फाइलेरिया रोग, उसके कारण, बचाव के उपायों तथा एमडीए कार्यक्रम के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार किसी टीम की जीत हर खिलाड़ी के योगदान से होती है, उसी तरह फाइलेरिया उन्मूलन भी तभी संभव है जब प्रत्येक पात्र व्यक्ति दवा का सेवन करे।

## मां वन शक्ति मंदिर के 10वें वार्षिकोत्सव पर भंडारा

# हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : एनएच-३९ पर रूद मूर्तिया गांव स्थित मां वन शक्ति मंदिर के 10वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर विशाल का भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने की। उन्होंने विधिवत रूप से भंडारे का उद्घाटन करते हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया। इस मौके पर विधायक प्रकाश राम ने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा और सौहार्द मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि भंडारे में हर वर्ग के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जो हमारी सामाजिक परंपरा की खूबसूरती को



दशार्ता है। भंडारे में लातेहार, चंदवा समेत आसपास के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां वन शक्ति के दर्शन किए और माता का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। वहीं मेसर्स मां चिंतपुर्णी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सुरेंद्र प्रसाद सिंह और लक्ष्मी प्रसाद सपत्नीक इस आयोजन के मुख्य यजमान थे। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों से लगातार यहां भंडारे का आयोजन किया जा रहा है और इस वर्ष मंदिर के स्थापना के दस वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम को विशेष रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। भंडारे से पूर्व विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नौ कन्याओं का पूजन करने के बाद भंडारे की शुरूआत हुई। कार्यक्रम के दौरान महेंद्र प्रसाद सिंह, लाल बिहारी प्रसाद, नवीन कुमार सिंह, विपिन बिहारी ठाकुर, रंजीत कुमार, गौरव दास, मनीष दास, आशीष साह, अनिल प्रसाद और सुधीर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीण मौजूद रहे।

## मयूरी ट्रस्ट ने मुरगू पंचायत में किया कृषक पाठशाला का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : मयूरी ट्रस्ट, गुमला (झारखंड) के तत्वावधान में मुरगू पंचायत के शिरोमणि कुमारी एवं पंचु उरांव के खेत में पंचायत क्षेत्र की महिला मंडल और किसान सदस्यों के साथ कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेनगुप्ता ने कहा कि किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कम भूमि में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से परंपरागत खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की अपील की। मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने किसानों को फूल बागवानी एवं औषधीय फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया।



उन्होंने कहा कि मयूरी ट्रस्ट द्वारा फूल एवं औषधीय फसलों के लिए बाजार व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए क्षेत्र के महिला मंडल एवं किसान सदस्यों को मयूरी ट्रस्ट के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मयूरी ट्रस्ट द्वारा संचालित चैताली कॉलेज में नए सत्र के लिए बीएड, डीएलएड, इंटर एवं बीए पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ वंशिका ने किसानों के खेतों में लगाए गए पौधों का निरीक्षण कर आवश्यक तकनीकी सुझाव दिए।

## महासदाशिव मंदिर मरदा की 08वीं वर्षगांठ भव्य व ऐतिहासिक होगी : विज्ञान कुमार सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रायडीह** : रायडीह प्रखंड के मरदा ग्राम स्थित महासदाशिव मंदिर की 8वीं वर्षगांठ को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में अंतिम तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष विज्ञान कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आगामी 19 एवं 20 फरवरी 2026 को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आयोजन की जानकारी प्रत्येक पंचायत तक पहुँचाने के लिए पर्चे (लीफलेट), बैनर एवं स्टिकर वितरित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों



को प्रचार सामग्री सौंपते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को आमंत्रण स्वरूप अक्षत भी वितरित किए गए। आयोजन के लिए दान स्वरूप प्राप्त होने वाली सामग्री—जैसे पत्तल, चावल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं—के सुचारु संग्रह के लिए प्रत्येक पंचायत में एक संग्रह केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसकी जिम्मेदारी मंदिर समिति द्वारा नामित सदस्यों को सौंपी गई, ताकि दान सामग्री का व्यवस्थित संकलन सुनिश्चित किया जा सके। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग पांच हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर 101 झंडों के साथ एक आकर्षक झांकी भी निकाली जाएगी। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देशभर से आचार्य एवं साधु-संतों का आगमन होगा। विशेष रूप से त्र्यंबकेश्वर (नासिक) से 11 आचार्य, बद्रीविशाल स्थित शंकराचार्य आश्रम से ब्रह्मचारी मुकुंदानंद महाराज, तथा विद्या आश्रम गुरुकुल, बनारस से 15 छात्र कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 15 हजार से अधिक दर्शकों के शामिल होने की संभावना है। प्रमुख आकर्षणों में प्रसिद्ध नागपुरी कलाकारों की प्रस्तुति, भव्य बनारस गंगा आरती, साधु-संतों के प्रवचन, 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन तथा हुलास ग्रुपह् व द्वारा विशेष कार्यक्रम शामिल हैं।

## कोडरमा जिला खो-खो संघ का गठन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा जिला खो खो संघ की वार्षिक आम बैठक सह नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड खो-खो एसोसिएशन के सचिव संतोष प्रसाद शामिल हुए।



सिमरनजीत सिंह अध्यक्ष, अमित कुमार सचिव और दीपक कुमार बने कोषाध्यक्ष

इस कार्यक्रम में आगामी सत्र के लिए सिमरनजीत सिंह को कोडरमा जिला खो-खो एसोसिएशन का अध्यक्ष, अमित कुमार को सचिव और दीपक कुमार को कोडरमा जिला खो-खो संघ का कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं अशोक बरनवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तौफीक हुसैन, अर्पणा गुप्ता और अभिषेक अमुखी को उपाध्यक्ष, अभिजीत आनंद, कुंदन कुमार राणा, सुनील कुमार साव, शुभम कुमार एवं आकाश सेठ को संयुक्त सचिव के तौर पर सर्वसम्मति से चयन किया गया। वहीं कौशल कुमार को तकनीकी अध्यक्ष, हर्ष कुमार, शरद अग्रवाल, अजय यादव, अंशु राज, मिथलेश कुमार, रोहित यादव, विल्सन पॉल को तकनीकी सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। वहीं श्याम सुंदर, यादव किशोर वैद्यनाथ, सागर राज, रामू कुमार, श्रवण कुमार को कार्यकारी सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के और से माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि आने वाले समय में खो खो खेल को नई ऊंचाई पर लेकर जाना है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले से खिलाड़ियों को भेजना है। उन्होंने कहा कि आगामी अप्रैल माह में कोडरमा खो खो लीग के दूसरे सत्र का आयोजन भी बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड खो खो संघ के सचिव संतोष प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों के विकास के लिए संगठन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

## गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीन दिवसीय स्पोर्ट्सफेस्ट-2026 का भव्य समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित वार्षिक तीन दिवसीय स्पोर्ट्सफेस्ट-2026 का समापन 7 फरवरी 2026 को भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस खेल महोत्सव में खेल भावना, टीम वर्क और उत्कृष्ट प्रदर्शन का उत्सव देखने को मिला। 05 फरवरी 2026 से शुरू हुए इस खेल महोत्सव में लड़कों एवं लड़कियों दोनों के लिए कई रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के निदेशक अभिजीत कुमार, प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल की उपस्थिति ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। समापन समारोह के अवसर पर विजेता टीमों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं छात्रों की उपस्थिति में ट्रॉफी और पदक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान निदेशक अभिजीत कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल छात्रों में अनुशासन, टीम वर्क और लचीलापन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बसिया में झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक

# आन्दोलनकारियों को सम्मान व अधिकार देने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, बसिया प्रखंड की बैठक तुकई गांव में वरीय झारखंड आंदोलनकारी अल्फ्रेड आइंद के आवासीय परिसर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान वरीय आंदोलनकारी अल्फ्रेड आइंद एवं भोलानाथ सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में आंदोलनकारियों ने सरकार से न्याय के साथ सम्मान एवं समाज में स्वाभिमानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। मांगों में झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, उनके बाल-बच्चों के लिए रोजगार व नियोजन



की गारंटी, जेल जाने की बाध्यता समाप्त करना, सभी आंदोलनकारियों को 50-50 हजार रुपये की सम्मान पेंशन देने की मांग शामिल रही। इसके अलावा निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, 5-5 लाख रुपये का समूह बीमा तथा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन जारी कर झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान देने की मांग भी की गई। मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों में आज भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अपने अस्तित्व, अस्मिता और बाल-बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक बार फिर आंदोलन की जरूरत है। सरकार को चाहिए कि वह आंदोलनकारियों को जीते जी न्याय, सम्मान, पहचान, सम्मान पेंशन और पूर्ण संवैधानिक अधिकार दे।

## आज भी गांव और गरीबों तक नहीं पहुंची आजादी की किरण : मुमताज अली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : 'हक और इंसाफ लोकतंत्र की जान है। घर-घर, हर व्यक्ति तक खुशहाली और तरक्की की किरण पहुंचना ही किसी मुल्क की असली पहचान होती है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज भी गांव और गरीब आजादी की रोशनी की उम्मीद में अंधेरे में जीने को मजबूर हैं।' यह बातें समाजवादी पार्टी के नेशनल स्टार कैंपेनर एवं नेशनल मदर टेरेसा फाउंडेशन के चीफ मुमताज अली ने संथाल परगना प्रमंडल के बरहरवा में आयोजित लोकतंत्र और संविधान बचाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आजादी की किरणें बड़े-बड़े घरानों में कैद कर ली गई हैं, जबकि गांव और गरीबों के हिस्से में अंधेरा आया है। यह किसी भी देश के



लिए बेहद भयावह स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव और गरीबों के घरों में अंधेरा कर उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के घर रोशन किए जा रहे हैं। मुमताज अली ने कहा कि देश को एक बार फिर आजादी से पहले जैसे हालातों की ओर धकेला जा रहा है, जैसा व्यवहार ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के साथ किया था। आज भी गांव भूख, गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, लाचारी और बीमारी से जूझ रहे हैं, जबकि देश की हुकूमत बड़े घरानों के महलों को सजाने-संवारने में लगी है।

## भवनाथपुर में महाशिवरात्रि को लेकर शिव पहाड़ी मंदिर परिसर में बैठक

# दो दिवसीय पूजा व भव्य मेला आयोजित करने का निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : शिव पहाड़ी निर्माण कमेटी के तत्वावधान में शिव पहाड़ी मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व को भव्य एवं श्रद्धापूर्वक मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के संरक्षक बबन साह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व पूरे धूमधाम, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक की शुरूआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद अध्यक्ष बबन साह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपरा का प्रतीक है। शिव पहाड़ी मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए इस पर्व का आयोजन सुव्यवस्थित और भव्य रूप से किया जाना आवश्यक है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी दो दिवसीय पूजा एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि के प्रथम दिन विधिवत पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी




संख्या में भाग लेंगे। वहीं मेला के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाहरी कलाकारों के साथ-साथ क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भक्ति गीत, लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। मेला परिसर में पर्याप्त रोशनी, पेयजल की व्यवस्था तथा स्वयंसेवकों की तैनाती करने का निर्णय लिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, प्रशासन से आवश्यक सहयोग लेने पर भी सहमति बनी। इस अवसर पर शिव पहाड़ी निर्माण कमेटी की नई कमेटी का गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से ब्रजेश गुप्ता को अध्यक्ष, अरुण साह एवं इंद्रजीत गुप्ता को उपाध्यक्ष, रामविजय साह को सचिव, चंद्रकेश्वर गुप्ता को सह सचिव, लालबहादुर साह को कोषाध्यक्ष तथा शकिंद्र साह को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं कमेटी के संरक्षक के रूप में बबन साह, सुरेश ठाकुर, सचिदानंद सिंह, भानु गुप्ता, महेंद्र पासवान, ओमप्रकाश आर्या एवं गुप्तेश्वर प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा कमेटी के सदस्यों के रूप में मोहन साह, संजय साह, सुमेर साह, विजय कुमार महतो, राकेश गुप्ता, पपन, आनंद गुप्ता, उपेंद्र साह, अतुल कुमार, शैलेश गुप्ता, शत्रुघ्न कुमार, शिव कुमार, पप्पू साह, रमेश कुमार, रवि गुप्ता एवं नंदन महतो को शामिल किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महाशिवरात्रि के आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक में चपरी, सरैया सहित आसपास के गांवों से दर्जनों युवा ग्रामीण भी उपस्थित रहे। युवाओं ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही और मेला को ऐतिहासिक बनाने का भरोसा दिलाया। युवाओं की भागीदारी से आयोजन को और अधिक ऊर्जा एवं उत्साह मिलने की उम्मीद जतायी गयी।

## एक झलक

### विश्रामपुर थाना प्रभारी ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाये इश्तहार

**मेदिनीनगर** : विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने बिहार राज्य गया जिले के छपरबंधा थाना क्षेत्र के चोरीताड़ गांव निवासी अभियुक्त निशान जी उर्फ दारा सिंह उर्फ अभिजीत सिंह पिता सुरेंद्र यादव के घर ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तहार चिपकाने का काम किया है। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बिश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने बताया कि बिश्रामपुर थाना कांड संख्या 35/23 (दिनांक 16/06/2023) में नामजद अप्राथमिकी अभियुक्त निशांत जी उर्फ दारा सिंह उर्फ अभिजीत सिंह 16 जून 2023 से फरार चल रहा है लंबे समय से गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर सख्त कदम उठाया है। अभियुक्त के घर पर ढोल नगाड़े बजाते हुए विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया उन्होंने बताया कि अभियुक्त पर धारा 147, 149, 392, 385, 435, 427 भादवि एवं सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत गंभीर आरोप हैं। उन्होंने बताया की न्यायालय के निर्देश पर अभियुक्त के घर इस्तेहार चिपकाया गया है। इस्तेहार चिपकाने के समय अभियुक्त के अन्य सदस्य व स्थानीय ग्रामीण गवाह के रूप में मौजूद थे। इस्तेहार चिपकाये जाने के बाद भी अगर आरोपी पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण नहीं करता है तो उसके विरुद्ध एक माह बाद कुर्की जब्त करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### पुलिस केन्द्र में दिवंगत हवलदार शिलास कुजुर को दी गयी अंतिम विदाई

**पश्चिमी सिंहभूम** : पुलिस केन्द्र चाईबासा में रविवार को लातेहार जिला बल के दिवंगत हवलदार शिलास कुजुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा लातेहार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस परिवार ने उन्हें सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। हवलदार शिलास कुजुर पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव एवं पोस्ट जगन्नाथपुर के निवासी थे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और मुड़दा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान उनके पार्थिव शरीर को पुलिस सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। इस अवसर पर शोक संतप्त परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग स्वरूप दस हजार रुपये प्रदान किये गये। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कीऔर परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में परिवारी संतोष कुमार और प्रतीक कुमार की उपस्थित रही। पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा के अध्यक्ष प्रदीप ओलिभर मिंज, सचिव तारा चांद महतो और पदाधिकारी अनुप लाकड़ा सहित कई पुलिस अधिकारी एवं कर्मी मौके पर मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि हवलदार शिलास कुजुर ने अपने सेवाकाल में कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया। उनके निधन से पुलिस विभाग को अपूरणीय क्षति पहुंची है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत हवलदार शिलास कुजुर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर निकाय चुनाव 2026

# पहले पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : नगर परिषद एवं नगरपालिका चुनाव को सफल, शांतिपूर्ण और स्वच्छ ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज के आदेशानुसार पीठासीन पदाधिकारियों और प्रथम मतदान पदाधिकारियों का चरणबद्ध प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रथम पाली में पीठासीन पदाधिकारियों तथा दूसरी पाली में प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि जैन के मार्गदर्शन में तथा जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में बाघीटांड स्थित अभियंत्रण महाविद्यालय के चार हॉल में संपन्न हुआ। उप विकास आयुक्त रवि जैन ने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान सामग्री प्राप्त करते समय मतपेटिका, मतदाता सूची और अन्य आवश्यक सामग्रियों का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण मतदान कराना पीठासीन पदाधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि पीठासीन पदाधिकारी मतदान दल के नेतृत्वकर्ता होते हैं। उनकी अभिरक्षा में ही मतपेटिका रहती है और मतदान के दौरान सुरक्षा, निष्पक्ष मतदान और



मतदान पश्चात मतपेटिका को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित जमा करना उनकी मुख्य जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी तिवारी, मनोज चौरसिया और राजेश्वर पाण्डेय ने मतदान से पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा विधिक एवं अविधिक लिफाफों के उपयोग और मतपेटिका खोलने-सील करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण संजय सुमन, रामचन्द्र ठाकुर, रविकांत रवि और विवेक रंजन ने कराया। वहीं, प्रथम मतदान पदाधिकारी के कार्यों, मतदाता सूची की चिह्नित प्रति, मतदाताओं की पहचान और वोटर लिस्ट में मार्किंग की प्रक्रिया की जानकारी नरेश यादव, उमेश सिन्हा और दिलीप वर्णवाल ने दी। प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं कोषांग के वरीय लिपिक प्रेम नारायण मेहता, शहनवाज आलम, महफूज आलम और अशोक कुमार की देखरेख में की गयीं। पीपीटी प्रस्तुति और मतपेटिका के हैंड्स-ऑन अभ्यास से प्रशिक्षणार्थी कर्मी संतुष्ट नजर आये।

## टेम्पू यूनियन ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी महेश सिंह को दिया समर्थन



**लातेहार** : नगर पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में जिला टेंपू यूनियन ने अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी महेश सिंह के समर्थन का ऐलान किया है। यह निर्णय रविवार को लातेहार में आयोजित यूनियन की एक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। यूनियन अध्यक्ष प्रवीण दास ने बैठक के बाद बताया कि नगर पंचायत चुनाव में टेंपू यूनियन पूरी मजबूती के साथ महेश सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करेगा। उन्होंने कहा कि महेश सिंह एक योग्य, जुझारू और जमीनी स्तर से जुड़े हुए व्यक्ति हैं, जो लंबे समय से समाज की समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। श्री दास ने यह भी कहा कि महेश सिंह क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं और आम लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। यूनियन का मानना है कि अगर वे अध्यक्ष चुने जाते हैं तो नगर पंचायत क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज होगी और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। खासकर परिवहन, रोजगार और आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद है। बैठक में महेंद्र दास, बसंत कुमार, संजय प्रसाद, रूपेश प्रसाद, सुनील प्रसाद और जीतन प्रसाद समेत यूनियन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। टेंपू यूनियन के इस समर्थन को नगर पंचायत चुनाव में एक अहम राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे चुनावी समीकरणों पर असर पड़ सकता है।

## भाकपा माले ने 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में की जिला स्तरीय बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : भाकपा माले जिला कमेटी गुमला के सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हाल ही में गुमला में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण और आगामी देशव्यापी आम हड़ताल की तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक में ऐक्टू के मजदूर नेता कामरेड महेंद्र जैक्सन ने कहा कि मजदूर संगठन बड़े पैमाने पर इस हड़ताल में शामिल होंगे। उन्होंने चार लेबर कोड रद्द करने, मनरेगा कानून बहाल करने, अमेरिकी भारत व्यापार समझौता रद्द करने जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया। बैठक में झामस नेता कामरेड विद्यानंद उरांव और किसान सभा के नेता कामरेड मुस्तकीम अंसारी ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने 12 फरवरी 2026 को भाकपा माले कार्यकर्ताओं, ट्रेड यूनियन और सभी मजदूरों के सड़कों पर उतरने की योजना पर सहमति जताई। गुमला जिला से बैठक में भाकपा माले के




जिला सचिव गजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष महेंद्र जैक्सन, उरांव किसान सभा के मुस्तकीम अंसारी, दक्षिणी छोटा नागपुर के झामस प्रभारी कामरेड मोहन दत्ता सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित अन्य कार्यकताओं में हुमायु साहू, सुषमा देवी, सविता कुमारी, विद्यासागर खेस, अजय लकड़ा, दर्शन उरांव, फूलो देवी, चेगडे उरांव, विरसाई उरांव, विरजानंद उरांव, टिबलू उरांव, भोला साहू, लक्ष्मण साहू, सुशीला उरांव आदि शामिल थे। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित नेताओं ने मजदूरों और किसान कार्यकताओं को आगामी हड़ताल में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## भवनाथपुर में आढ़तियों की तौल गड़बड़ी से ग्राहकों में नाराजगी

# प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर प्रखण्ड क्षेत्र में आढ़तियों द्वारा ग्राहकों के साथ तौल में गड़बड़ी कर ठगी किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला करमु होटल के समीप स्थित आढ़ती सतीश साह (पिता बेचू साह) के यहां उजागर हुआ। ग्राहक सुजीत सोनी ने बताया कि वे 62 किलो 325 ग्राम धान का कोड़ा बेचने पहुंचे थे। तौल के दौरान आढ़ती ने वजन घटाकर 59 किलो दिखाया। जब सुजीत ने विरोध किया और पत्रकारों को मौके पर बुलाया, तब आढ़ती ने मशीन में माइनस होने की बात स्वीकार की और बाद में सही वजन के अनुसार भुगतान किया। सुजीत ने कहा कि बाजार में पहले भी ऐसी शिकायतें सामने आती रही हैं।



इसी कारण उन्होंने इस बार अपना धान पहले से ही दूसरी जगह तौल कर लाया था, जिससे गड़बड़ी पकड़ में आई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले पंडरिया स्थित एक मदरसा में दान के धान को बेचने आए ग्राहक के साथ भी इसी तरह वजन कम दिखाने की कोशिश की गई थी। उस समय संबंधित आढ़ती ने माफी मांगकर मामला शांत कराया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से किसानों और ग्राहकों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से बाजार में तौल मशीनों की नियमित जांच कराने और दोषी आढ़तियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नंदीजी राम ने कहा कि यदि ऐसे मामले सामने आते हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों और आम ग्राहकों से अपील की कि वे घर से ही तौल कर बाजार में बेचने जाएं और यदि गड़बड़ी मिले तो शिकायत दर्ज कराएं, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

## भवनाथपुर में यूजीसी बिल समर्थन पर ओबीसी एससी-एसटी समाज की महत्त्वपूर्ण बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर के होटल कावेरी परिसर में ओबीसी, एससी और एसटी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जयप्रकाश यादव ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य यूजीसी बिल के समर्थन में समाज की एकजुटता प्रदर्शित करना और इसे शीघ्र लागू करने की मांग करना था। बैठक में उपस्थित ओबीसी एससी एसटी? समाज के प्रतिनिधियों ने विस्तार से चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया कि यूजीसी बिल सामाजिक न्याय, समान अवसर और शैक्षणिक अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाना है। सभी सदस्यों ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि बिल को बिना किसी देरी के लागू किया जाना चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए गोरखनाथ चौधरी, जयप्रकाश यादव, लालू राम, विजय महतो, दीपक कुमार, बृजेश गुप्ता, कुंदन ठाकुर, चंदन ठाकुर, राजकिशोर सिंह और श्याम विहारी यादव ने कहा कि यह बिल वंचित वर्गों के लिए शिक्षा और अवसरों के द्वार खोलने वाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में एक ठोस पहल है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 18 फरवरी को भवनाथपुर में एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा।

## सामाजिक समरसता में महिलाओं की भूमिका पर कार्यशाला आयोजित

# महिलाओं के सशक्तीकरण पर दिया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में रविवार को सामाजिक समरसता में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक परिवर्तन का सक्रिय भागीदार बनाना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं की सामाजिक,आर्थिक और शैक्षणिक उन्नति के बिना समग्र




विकास संभव नहीं है। मुख्य अतिथि ममता कुमारी ने कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं और उनके सशक्तिकरण से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने महिलाओं के लिए पुस्तकालय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रशासन को आवश्यक पहल करने पर बल दिया। कार्यशाला में महिला पर्यवेक्षिकाओं और अन्य वक्ताओं ने महिलाओं की भागीदारी, लैंगिक समानता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्याम लाल उरांव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौता भारत की सम्प्रभुता पर हमला : माकपा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कोडरमा** : जैसे जैसे भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का विवरण धीरे धीरे सामने आ रहा है, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तथाकथित अंतरिम समझौते में संयुक्त राज्य अमेरिका के सामने व्यापक रियायतें दे दी हैं। ये रियायतें भारत की अर्थव्यवस्था, कृषि और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। यह बात माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कही। अपने बयान में उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध आंशिक जानकारी के अनुसार भी, भारतीय सरकार ने अमेरिकी निर्यात जैसे फल, कपास, मेवे, सोयाबीन तेल और कुछ अन्य खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर कोई शुल्क (जीरो टैरिफ) न लगाने पर सहमति दी है। यह निर्णय देश भर के लाखों सेब उत्पादकों, कपास और सोयाबीन किसानों की आजीविका को गंभीर नुकसान पहुंचायेगा। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों के सेब उत्पादक पहले से ही न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ पूर्व में हुए व्यापार समझौतों के कारण संकट झेल रहे हैं। अमेरिका के साथ यह नया समझौता उनकी आजीविका को और बर्बाद कर देगा। कपास किसान जो पहले से ही बढ़ती लागत और गहराते कृषि संकट से दबे हुए हैं, उन्हें भी इसी प्रकार की तबाही का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्टों से यह भी संकेत मिलता है कि भारत सरकार ने खाद्य और कृषि उत्पादों पर नॉन-टैरिफ बैरियर्स को हटाने पर सहमति दी है।

## पूर्वी सिंहभूम जिला किसान सभा का 07वां जिला सम्मेलन सम्पन्न

# 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल का समर्थन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : रविवार को झारखंड राज्य किसान सभा, पूर्वी सिंहभूम जिला किसान सभा का सातवां जिला सम्मेलन कामरेड चितरंजन महतो नगर, श्यामसुंदर महतो मंच, गोलमुरी (जमशेदपुर) में दुर्गा मांझी, विद्याधर मारडी एवं गुरूपदो महतो की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा देश का सबसे बड़ा किसान संगठन है, जिसका आजादी के आंदोलन से लेकर अब तक किसान संघर्षों का गौरवशाली इतिहास




रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए चार लेबर कोड, बिजली विधेयक, मनरेगा को कमजोर करने की कोशिश, बीबीजी-रामजी विधेयक, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता तथा किसान विरोधी केंद्रीय बजट देश के किसानों पर सबसे बड़ा हमला है, जो किसानों के लिए मौत की घंटी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इन नीतियों से कृषि संकट और गहराएगा, किसान आत्महत्याएं बढ़ेंगी, कृषि लागत, महंगाई और बेरोजगारी में इजाफा होगा तथा निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। शून्य आयात शुल्क पर अमेरिकी कृषि उपज के लिए भारतीय बाजार खोलना और भारतीय कृषि उत्पादों पर अमेरिकी बाजार में 18 प्रतिशत टैरिफ भारतीय किसानों की कमर तोड़ने वाला कदम है। इन नीतियों के विरोध में 12 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में किसान बड़े पैमाने पर सड़कों पर उतरेंगे। जिला सचिव स्वपन महतो ने सम्मेलन में संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर जिले भर से आए किसान प्रतिनिधियों ने विस्तृत बहस में भाग लिया। इसके बाद नई जिला किसान काउंसिल का चुनाव किया गया।

## रितु सिंह को मिला एनसीसी महानिदेशक का बैच पुरस्कार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरोतिलैया** : मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति जब एक साथ चलें, तो साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर भी असाधारण पहचान बनती है। शहर की एनसीसी कैडेट रितु सिंह ने ऐसा ही कर दिखाया है। राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें एनसीसी महानिदेशक का प्रतिष्ठित बैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिले की एकमात्र 2025 बैच की कैडेट रितु सिंह को राष्ट्रीय कैडेट कोर में उत्कृष्ट योगदान के लिए एनसीसी महानिदेशक का बैच पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान एनसीसी समूह मुख्यालय, पटना में आयोजित भव्य समारोह में दिया गया।इस अवसर पर एनसीसी बिहार एवं झारखंड निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल ए.एस. बजाज ने रितु सिंह को बैच पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया।



### पहले भी मिल चुके हैं बड़े सम्मान

**इससे** पूर्व झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी रितु सिंह को ब्लेजर और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया था। राज्यपाल के साथ नाश्ता और रात्रि भोज में शामिल होना उनके लिए अविस्मरणीय क्षण रहा। इसके अलावा बिहार के राज्यपाल द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है, जो उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।

### गणतंत्र दिवस में निभायी अहम भूमिका

**रितु** सिंह 28 दिसंबर को दिल्ली रवाना हुई थीं, जहां उन्होंने 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह में सहभागिता की। यह अनुभव उनके जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय बन गया, जिसने उनके भीतर देशसेवा के जज्बे को और मजबूत किया।

### संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक कहानी

**माता-पिता** के असमय निधन के बावजूद रितु सिंह ने कभी हार नहीं मानी। उनके पिता स्वर्गीय संजय सिंह और माता स्वर्गीय रीता सिंह से मिली सीख और आशीर्वाद आज भी उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

# जनभागीदारी और मीडिया सहयोग फाइलेरिया उन्मूलन के लिए महत्त्वपूर्ण : डॉ. बिरेन्द्र कुमार सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर** : फाइलेरिया मुक्त झारखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान को सफल बनाने हेतु अंतर्विभागीय समन्वय, सामुदायिक सहभागिता एवं मीडिया सहयोग को विशेष महत्त्व दिया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को देवघर में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार तथा ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं पीरामल स्वास्थ्य सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं के समन्वय से एक मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी भी.बी.डी. डॉ. बिरेनाद्र कुमार सिंह ने झारखंड से फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं प्रभावी एमडीए इस लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीति है। उन्होंने जानकारी दी कि 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक राज्य के 11 जिलों – बोकारो, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, रामगढ़, रांची, साहिबगंज एवं लोहरदगा में दो दवाओं डी.ई.सी. एवं अल्बेंडाजोल, तथा 3 जिलों – कोडरमा, पाकुड़ एवं सिमडेगा में तीन दवाओं डी.ई.सी., अल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन के माध्यम से एमडीए अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्यकर्मी बूथों के माध्यम से तथा घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलायेंगे। 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जायेगी। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है तथा आशा कार्यकर्ता अथवा स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति में ही दवा सेवन अनिवार्य होगा। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि दवा सेवन के पश्चात कुछ व्यक्तियों में मितली, चक्कर अथवा हल्का



- झारखंड के 14 जिलों में 10 फरवरी से शुरू होगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान
- दवा से होनेवाले हल्के प्रतिकूल प्रभाव शुभ संकेत, शरीर में मौजूद फाइलेरिया परजीवियों के नष्ट होने का प्रमाण
- देवघर में मीडिया सहयोगियों के साथ फाइलेरिया उन्मूलन हेतु संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

बुखार जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं, जो प्रतिकूल प्रभाव नहीं बल्कि शुभ संकेत हैं। इसका अर्थ यह है कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी दवा के प्रभाव से नष्ट हो रहे हैं। ऐसे लक्षणों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर देवघर के सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनभागीदारी और मीडिया सहयोग के बिना फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करना सम्भव नहीं है। उन्होंने आगामी एमडीए अभियान में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए मीडिया से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने मीडिया से अपील की, कि वे सकारात्मक, तथ्यपरक एवं जागरूकता आधारित समाचारों के माध्यम से लोगों को दवा सेवन के लाभों के प्रति प्रेरित करें, भ्रांतियों को दूर करें तथा इस जनस्वास्थ्य अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन एक सामूहिक सामाजिक दायित्व है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी, डॉ. अभय कुमार यादव ने लिंफैटिक फाइलेरियासिस (हाथीपांव) जैसी गम्भीर बीमारी के उन्मूलन हेतु सामुदायिक जागरूकता एवं मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब तक आमजन तक रोग की रोकथाम, उपचार एवं एमडीए के महत्व की सही और समयबद्ध जानकारी नहीं पहुंचेगी, तब तक इस अभियान की सफलता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। विश्व स्वास्थ्य संगठन, के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. हसीब ने बताया कि फाइलेरिया एक गम्भीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है और दीर्घकालिक दिव्यांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। इससे प्रभावित व्यक्तियों को हाइड्रोसील, लिम्फेडेमा एवं दूधिया सफेद मूत्र जैसी गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय फाइलेरिया रोधी दवाओं का नियमित वार्षिक सेवन है। एमडीए कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन गतिविधियों की समीक्षा की जायेगी, ताकि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाये। राज्य सलाहकार बिनय कुमार ने मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाने में मीडिया का सहयोग सदैव प्राप्त होता रहा है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने समाचार पत्रों, चैनलों एवं डिजिटल माध्यमों के माध्यम से फाइलेरिया जैसी गम्भीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाएं, ताकि लोग एमडीए के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति में दवा का सेवन सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त पीरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि अविनाश ने रोगियों के अनुभव साझा किये, जिससे बीमारी के सामाजिक एवं मानवीय पहलुओं को समझने में सहायता मिली तथा मीडिया सहयोगियों को संवेदनशील रिपोर्टिंग के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधि अंकित चौहान द्वारा एमडीए के महत्व पर आधारित एक लघु वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें फाइलेरिया रोग की गंभीरता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में राज्य एवं जिला स्तर के भी.बी.डी. पदाधिकारी, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक झलक

### पूर्णिया में गुंडा परेड का आयोजन कर सख्ती दिखाने का प्रयास

**पूर्णिया** : पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार को पूर्णिया जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न थानों में दर्ज आपराधिक मामलों में संलिप्त अपराधियों और असामाजिक तत्वों को थाना परिसर में उपस्थित कराया गया और उनके आपराधिक रिकॉर्ड की समीक्षा की गई। गुंडा परेड का आयोजन चम्पानगर, रुपौली, जलालगढ़ सहित जिले के कई थाना क्षेत्रों में किया गया। इस दौरान थानाध्यक्षों ने अपराधियों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने का निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान ने निकाली भव्य शिव बारात और चैतन्य झांकी

**सारण** : विश्व में शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश प्रसारित करने के ध्येय से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शहर में एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रस्तुत की गई 12 ज्योतिर्लिंगों की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए नगर निगम क्षेत्र की सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा का शुभारंभ छपरा जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक राजेश प्रसाद ने शिव बाबा की पूजा–अर्चना और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और वैश्विक शांति का प्रतीक है। हमें समाज से कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लेना चाहिए। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों से होकर गुजरी। झांकियों में शिवलिंग, भारत माता और लक्ष्मी–नारायण के स्वरूपों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया।

### सारण में दिनदहाड़े लाखों रुपये के सोने के आभूषण और नकदी की लूट

**सारण** : जिले के मांझी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बाजार में आज दोपहर अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक लूट की घटना को अंजाम दिया। दो बाइकों पर सवार होकर आए पांच नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने 'गुप्ता ज्वेलर्स एंड बर्तन भंडार' से लाखों रुपये के स्वर्ण आभूषण और नकदी लूट ली। वारदात के दौरान अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड हवाई फायरिंग भी की, जिससे पूरे बाजार में अफरा–तफरी मच गई। घटना दोपहर लगभग 1 से 2 बजे के बीच की है। दुकान संचालक बृज बिहारी गुप्ता ग्राहकों को गहने दिखा रहे थे तभी अपराधी वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन अपराधी बोरा लेकर दुकान के भीतर घुसे और दुकानदार को गन पॉइंट पर ले लिया। दो अपराधी दुकान के बाहर हथियार लहराते हुए पहरा देते रहे और फायरिंग कर लोगों को डराया।

### मारवाड़ी युवा मंच ने गरीब और निसहायों को कराया भोजन

**सहरसा** : मारवाड़ी युवा मंच, सहरसा शाखा ने स्टेशन परिसर में गरीब और निसहाय लोगों को भोजन करवाया। इस सेवा कार्य में लगभग 300 लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और उनके चेहरे पर खुशी देखकर हमारा मन भी भर आया। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आदित्य मित्तल ने बताया कि इस कार्य में श्रवण मित्तल का विशेष सहयोग रहा,जिन्होंने नि:स्वार्थ भाव से इस कार्य को सफल बनाने में मदद की। उनकी इस महानता ने हमें सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है और हम उनके इस कार्य को हमेशा याद रखेंगे। मारवाड़ी युवा मंच, सहरसा शाखा उनकी इस महानता के लिए हृदय से आभारी है।उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों का भी धन्यवाद, जिन्होंने इस कार्य में अपना योगदान दिया और इस सेवा को सफल बनाया। आपका सहयोग और समर्पण हमें आगे भी ऐसे ही सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# प्रशांत किशोर ने बगहा से शुरू की बिहार नवनिर्माण यात्रा

एजेंसी

**पटना** : जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को बगहा से बिहार नवनिर्माण यात्रा की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन सुराज का उद्देश्य बिहार में एक मजबूत, ईमानदार और जवाबदेह राजनीतिक विकल्प खड़ा करना है। इसके लिए संगठन लगातार जनता के बीच जाकर जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भी जन सुराज जनता के बीच सक्रिय रूप से मौजूद है। बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत प्रत्येक जिले में संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पुराने



साथियों से मुलाकात करना, नए लोगों को संगठन से जोड़ना और संगठन के ढांचे को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा के दौरान वे संगठन के साथियों के साथ मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे और हर जिले में संगठन के पुनर्गठन पर काम किया जाएगा, ताकि जन सुराज को एक प्रभावी जनआंदोलन के रूप में स्थापित किया जा सके। इस दौरान प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अपील करते हुए कहा कि बिहार की महिलाओं को 2झ्र2 लाख रुपये की सहायता राशि शीघ्र दी जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बिहार सरकार द्वारा महिलाओं को 2 लाख रुपये देने का वादा किया गया था और जन सुराज संगठन घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करेगा कि हर महिला को यह राशि मिले। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस वादे को पूरा नहीं करती है, तो यह साफ हो जाएगा कि यह घोषणा केवल चुनावी लाभ के लिए की गई थी। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार अपने वादे से पीछे हटती है, तो जन सुराज जनता के साथ मिलकर इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगा। राजद-कांग्रेस गठबंधन में कथित दरार से जुड़े सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की जनता ने चुनाव के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों की भूमिका तय कर दी है। उन्होंने कहा कि जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सत्ता चलाने का जनादेश दिया है, राजद को विधानसभा में विपक्ष की भूमिका सौंपी है और जन सुराज को समाज के बीच रहकर जनता के मुद्दों पर काम करने की जिम्मेदारी दी है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ जनता द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को निभा रहा है और आगे भी बिहार के हित में अपना संघर्ष जारी रखेगा।

## रक्सौल के नागा मठिया में हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के रक्सौल शहर के नागा रोड स्थित बाबा मठिया परिसर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समग्र हिन्दू उत्थान समिति, स्वामी विवेकानंद बस्ती रक्सौल नगर के तत्वावधान में हिन्दू सम्मेलन सह हनुमान आराधना का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा बाबा मठिया परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ आचार्य उमेश तिवारी के संयोजन में विधि-विधानपूर्वक हनुमान जी के पूजन एवं पंचोपचार से हुआ। इसके उपरांत भजन मंडली द्वारा गणेश वंदना, सस्वर सुंदरकांड पाठ तथा भजनों की प्रस्तुति दी गई। द्वितीय सत्र में भारत माता के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी गई। इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष राकेश रंजन वर्मा ने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विभिन्न बस्तियों में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

## राधा-कृष्ण व भगवान शिव जी के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : साउथ रेलवे कॉलोनी स्थित श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर में राधा-कृष्ण एवं भगवान शिव जी की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना एवं सामाजिक समरसता का अनुपम संगम प्रस्तुत करेगा। मंदिर समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव की शुरूआत 9 फरवरी को प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह कलश यात्रा माँ काली मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर तपोवन मंदिर तक जाएगी। इस पावन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक वेश-भूषा में, सिर पर कलश धारण कर, भक्ति गीतों, शंखनाद और जयघोष के साथ नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर करेंगे। 10 फरवरी को भव्य नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राधा-कृष्ण एवं भगवान शिव जी की आकर्षक झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े, शंखध्वनि एवं धार्मिक नारे वातावरण को भक्तिमय बना देंगे। नगर भ्रमण का उद्देश्य जन-जन तक धार्मिक चेतना का प्रसार करना एवं सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को और अधिक सुदृढ़ करना है। महोत्सव के अंतर्गत 12 फरवरी को महाभोग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप महाभोग का वितरण किया जाएगा। यह आयोजन सेवा, समर्पण और समानता की भावना को सशक्त करेगा। समिति द्वारा स्वच्छता, गुणवत्ता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखते हुए महाभोग की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक संतोष की अनुभूति कर सकें। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष राम कुमार सिंह, सचिव उज्जवल आनंद, कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीश कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान वेद मंत्रोच्चार, विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं यज्ञ के साथ विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

## एसएनएस कॉलेज के वीरेन्द्र कुमार सिंह की सेवानिवृति पर प्रधानाचार्य ने दी भावभीनी विदाई

**सहरसा** : सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा के बीरेन्द्र प्रसाद सिंह सेवानिवृत होने के उपरांत भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार एवं कॉलेज आफ इंस्पेक्टर साइंस प्रो डॉ अशोक एवं महाविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार सिंह के द्वारा उन्हें सम्मानित किया। प्रो अशोक ने कहा कि सेवानिवृत्ति तो कार्यरत सभी शिक्षक एवं कर्मियों को एक दिन होना ही है। ये जहां भी रहे सदा स्वस्थ एवं दीघार्यु रहे। ईश्वर से हम यही कामना करते हैं। वित्त पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने कहा कि हम अपने स्तर से भरसक प्रयास करेंगे कि इनको सेवानिवृत्ति का सारा लाभ जल्द से जल्द मिले।

## नवादा में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, मुखिया सहित 10 घायल

एजेंसी

**नवादा** : नवादा जिले में घटित दो अलग -अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई तथा 10 घायल हो गए। नवादा के शाहपुर के पास रविवार को एक भीषण हादसा हुआ। मुंगेर से एक श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर लौट रहे नवादा जिले के हाजीपुर पंचायत के मुखिया, उप मुखिया और पूर्व वार्ड पार्षद सहित 10 लोग घायल हो गए। सदानंद कुमार के अनुसार, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो को एक ट्रक ने चकमा दिया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो की सीटें उखड़ गईं और चारों एयरबैग खुल गए। घायलों में बौद्ध चौधरी, अशोक चौधरी, रामदेव यादव सहित अन्य शामिल हैं। तीन की हालत नाजुक



है, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। दूसरी घटना नवादा जिले के जम्हारिया गांव के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों दोस्त बाइक से पूजा का सामान लेने घर से निकले थे। मृतकों में पकरीबरावां थेन के अटारी गांव के सतीश यादव (25 वर्ष) और रवि कुमार यादव (25 वर्ष) के रूप में की गई है। सतीश यादव की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी और महज एक महीने पहले ही पिता बने थे, जिसकी मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। वही, रवि कुमार परिवार का बड़ा बेटा और इकलौता सहारा था। वह खेती कर अपने परिवार का पेट पालता था।

## ढाका ने न्यू स्टार क्रिकेट कल्ब को और यंग इलेवन ने चकिया कल्ब को हराया

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सत्यदेव प्रसाद चौधरी स्मृति सीनियर डिवीजन जिला क्रिकेट लीग ग्रुप ए का मैच स्थानीय स्पोर्ट्स क्लब में ढाका क्रिकेट क्लब और न्यू स्टार क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ढाका की टीम ने 211 रन बनाए जिसमे अंकेश ने 44 निखिल 41 और रितेश ने 34 रन बनाए गेंदबाज आयुष सिंह 3 विकेट आशुतोष और मिस्बाहुल ने 2-2 विकेट लिए ।जवाब मे खेलने उतरी न्यू स्टार की टीम के आशुतोष के 67 और इंसान के 36 रन के बदौलत 158 रन सिमट गए ढाका की टीम 54 रन से जीत गई ढाका के तरफ से निखिल ने 4 और अंकेश ने 3 विकेट लिए मैन आफ द मैच ढाका के निखिल को इढरफ्अ के राष्ट्रीय महामंत्री संत कुमार ने दिए। इसकी जानकारी मधुरेन्द्र सिंह जिला क्रिकेट लीग प्रभारी ने मीडिया को दी। वही दूसरा मैच गांधी मैदान में यंग इलेवन और चकिया के बीच खेला गया टॉस जीतकर चकिया क्रिकेट क्लब पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया ।यंग इलेवन 170/10 विकेट पर सिमट गई ।चकिया के मनीष ने 3 विकेट और सूरज ने 2 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी चकिया की टीम 49 रन बनाकर आउट हो गई यंग इलेवन के टूना ने 6 विकेट और यूसुफ ने 2 विकेट लिए मैन आफ द मैच टूना को दिया गया।

## लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक एकेडमी के निदेशक ने अधिकारियों के साथ किया संवाद



एजेंसी

**भागलपुर** : भागलपुर के समीक्षा भवन में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक एकेडमी के निदेशक श्रीराम तारिणिकांती की अध्यक्षता में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारी से बारी-बारी से उन्होंने उनके विभाग के कार्य, बजट, कार्य करने का दृष्टिकोण एवं अपने अधीनस्थों तथा संबंधित विभागों से कार्य करने में सहयोग प्राप्त करने के लीडरशिप के संबंध में संवाद किए तथा उन्हें एक व्यापक दृष्टिकोण रखने के कई टिप्स दिए, जिससे कि उनके विभाग की उपलब्धि में निरंतर तेजी से बढ़ोतरी हो सके और निर्बाध रूप से कार्य चलता रहे। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी पदाधिकारी को एकेडमिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। लेकिन हमारे अधिनस्थ जो सहयोगी कर्मी हैं उनकी क्षमता वर्धन आपको करने की जरूरत है। उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने की जरूरत है। ताकि विभाग के सभी कर्मी और पदाधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि नन प्लान बजट से ज्यादा प्लान बजट जो प्रत्यक्ष रूप से विकास एवं आम जनों के कल्याण के लिए होता है।

## 10 अप्रैल से श्रीमद्भगवत कथा ज्ञान यज्ञ में आयेगी अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका

एजेंसी

**सहरसा** : आगामी 10 अप्रैल से शुरू हो रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर आज सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान की बैठक यज्ञ स्थल नलकूप पूरब बाजार में रविवार को आयोजित की गयी। बैठक संस्थान के सदस्य सागर कुमार नन्हें की अध्यक्षता एवं आचार्य डॉ नवनीत कुमार के संचालन मे संपन्न हुआ।श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को भव्य दिव्य बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। सागर कुमार ने कहा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के लिए वृंदावन से आचार्य एवं बटुक आएंगे। वही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा वाचन केलिए श्रीधाम वृंदावन से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका आ रही है। आचार्य डॉ नवनीत कुमार ने कहा महायज्ञ 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक चलेगा।17 अप्रैल को प्रतिमा विसर्जन के साथ महायज्ञ का समापन होगा। 10 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ सुबह 6 बजे प्रारम्भ होगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को भाव एवं दिव्या बनाने के लिए व्यापक ग्रह संपर्क अभियान मैं कार्यकर्ता लगे हुए हैं। बैठक मुख्य रूप से संस्थान केकोषाध्यक्ष प्रशांत सिंह राजू,बिटू गुप्ता, संजीव सिंह, सुजीत सान्याल, जिला परिषद प्रतिनिधि रजनीश कुमार, बंटी झा, विनीत सिंह, मनीषा चौपाल, रोहण सिन्हा गुलशन,प्रियांशु कुमार, इशन तोमर,आशीष कुमार, शिवम तिवारी, आर्यन सिंह,अभिषेक गुप्ता, ऋषव झा, विनय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## कारगिल शहीद नागेश्वर महतो के सम्मान में कारगिल मेला का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मुरी/सिल्ली** : बांसिया गांव मे कारगिल शहीद नागेश्वर महतो के सम्मान में कारगिल मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभ आरम्भ शहीद नागेश्वर महतो, शहीद रामदास महतो एवं अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि दे कर किया गया जिसमें आस पास के ग्रामीण लोग एक जुट हो कर टुसू एवं चौड़ल के साथ नाचते हुए मेले में पहुंचे। मेले में मनोरंजन के लिए नितेश कच्छप का रंगा रंग कार्यक्रम, बच्चों के लिए झूला ,मिक्की माउस की व्यवस्था थी। मेले मुख्य अतिथि विधायक अमित महतो,राहें प्रमुख नीलमणि देवी, राहें उप प्रमुख उमेश चंद्र महतो, बांसिया पंचायत समिति शांति राम महतो, प्रखंड अध्यक्ष पशुपति अहीर, विशेष अतिथि भूतपूर्व नौ सैनिक गौतम महतो, श्यामलाल महतो, शक्तिधर महतो, मेला अध्यक्ष विकाश साहू,कोषाध्य नंद किशोर मुंडा, सचिव यमुना प्रसाद सिंह, सदस्य हरिहर महतो, रणजीत साहू, मुकुंद सिंह मुंडा, मनोज महतो , अनुज कुमार साहू, राम लाल साहू, देवेंद्र सिंह, विकाश महतो , निर्मल बड़ाई समेत संपूर्ण ग्रामीण का सहयोग रहा।

## कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के कार्यक्रम में अव्यवस्था, पुलिस लाठीचार्ज से फैली दहशत

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : रक्सौल एयरपोर्ट मैदान में आयोजित अनिरुद्धाचार्य महाराज की श्रीमद्भागवत कथा समारोह में रविवार को उस वक्त अव्यवस्था फैल गई, जब अनिरुद्धाचार्य महाराज के आगमन के समय श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक बेकाबू हो गई। प्रवेश द्वार पर श्रद्धालुओं का दबाव इतना बढ़ गया कि सुरक्षा इंतजाम ध्वस्त होते नजर आए। कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं के अनुसार, जैसे ही अनिरुद्धाचार्य महाराज प्रवेश करने लगे, बड़ी संख्या में भक्त उनके दर्शन के लिए उसी गेट से अंदर घुसने लगे। देखते ही



देखते हालात बिगड़ गए और लोहे का गेट उखड़ गया। भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे वहां मौजूद श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दौरान दो-तीन महिलाएं जमीन पर गिर पड़ीं और उन्हें हल्की चोटें आईं। वहीं भीड़ के दबाव में दो मासूम बच्चे अपनी मां से बिछड़ गए। बच्चों को ढूंढती मां की चीख-पुकार ने माहौल को और भी संवेदनशील बना दिया। कथा पंडाल के भीतर हालात और भी चिंताजनक रहे। क्षमता से कहीं अधिक श्रद्धालु जमा हो गए, जिसके कारण कई लोग पास में खड़े ट्रकों पर चढ़कर कथा सुनने को मजबूर हुए। श्रद्धालुओं का कहना है कि इतनी बड़ी भीड़ को देखते हुए न तो पर्याप्त प्रवेश व्यवस्था थी और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। श्रद्धालुओं की मानें तो अगर समय रहते भीड़ प्रबंधन और वैकल्पिक प्रवेश व्यवस्था की जाती, तो इस तरह की स्थिति से बचा जा सकता था। घटना ने प्रशासनिक तैयारियों और आयोजन प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कलकत्ता पब्लिक के वार्षिक समारोह में दिखी झारखंडी संस्कृति की झलक

# विस अध्यक्ष ने की गुरु-शिष्य परम्परा को जीवंत करने की अपील

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी** : कोलकाता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी में शनिवार को वार्षिक महोत्सव 'धरोहर' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, महाधिवक्ता राजीव रंजन, वरीय अधिवक्ता बीएन झा और साईंनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति एसपी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**शिक्षक बच्चों के भविष्य के शिल्पकार : रवीन्द्र महतो**

**समारोह** को संबोधित करते हुए




विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि शिक्षक एक कलाकार की भांति अपने ज्ञान से बच्चों के भविष्य को गढ़ते हैं। उन्होंने अभिभावकों को नसीहत दी कि वे बच्चों पर अपनी इच्छाएं न थोपें, बल्कि उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने दें। उन्होंने शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि संस्थानों को गरीब व मेधावी छात्रों के लिए मंच उपलब्ध कराना चाहिए। राज्य सरकार की 'गुरुजी योजना' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे अब गरीब बच्चे भी विदेशों में उच्च शिक्षा पा रहे हैं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन**

**वार्षिकोत्सव** के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से झारखंड की समृद्ध कला और संस्कृति को जीवंत कर दिया। विद्यालय के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने कहा कि संस्थान में गुरु-शिष्य परंपरा को विशेष महत्व दिया जाता है। वहीं प्राचार्या प्रियंवदा झा और उपाध्यक्ष प्रभाष झा ने विद्यालय की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि यहाँ के छात्र आईआईटी और नीट जैसी परीक्षाओं में सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं।

**प्रतिभाशाली छात्र हुए सम्मानित**

**अतिथियों** ने शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामपाल चौधरी, टीपी झा, पूर्व प्रमुख लालू साहू, विकास कुमार, बीके सिंह, रितेश झा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## 90वें त्रिमूर्ति शिव जयन्ती महोत्सव पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

एजेंसी

**सहरसा** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र शांति अनुभूति भवन द्वारा दोपहर 3 बजे से आयोजित 90वें त्रिमूर्ति शिव जयन्ती महोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसे झंडी दिखाकर स्थानीय सेवाकेन्द्र प्रभारी स्नेहा बहन एवं एनसीसी कमांडिंग ऑफि सर कर्नल वी रविशंकर ने रवाना किया। शोभायात्रा में भोलेनाथ शिव बाबा की भव्य झांकी निकाली गई। झांकी का यह संदेश था कि शिव भोलेनाथ बाबा अभी सभी आत्माओं को मुक्ति जीवनमुक्ति का वर्सा देने के लिए सत्य ज्ञान दे रहे हैं। अभी ही वह समय है जब हम निराकार परमपिता परमात्मा शिव से सर्व प्राप्तियां व जन्म-जन्म की मनोकामनाएं पूरी करने का वरदान प्राप्त कर सकते हैं। पूरे रास्ते में भगवान शिव के संदेश के सुंदर-सुंदर गीत एवं संदेश-पत्र बांटते हुए सबको कार्यक्रम में आने का आह्वान किया गया। शोभायात्रा बनगांव रोड स्थित शांति अनुभूति भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस स्थानीय सेवाकेंद्र पर आकर सम्पन्न हुई।ओमप्रकाश खेमका, अजीत डोकानिया और कन्हैया सुरेका ने अपने अपने प्रतिष्ठानों पर शोभायात्रा एवं झाँकी का स्वागत किया।शोभायात्रा में मुख्य रूप से ओम प्रकाश भाई, इंजीनियर शशिरंजन भगत, डॉक्टर संजय भाई, शत्रुघ्न भाई, अवधेश भाई, मनोज भाई, सदानंद भाई, चन्द्रभूषण भाई, विशाल भाई, ऋषि भाई सहित सैकड़ों भाई-बहन शामिल थे।

# अंडर-19 विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का एलान, वैभव सूर्यवंशी समेत भारत के 03 खिलाड़ी शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया है। इस बीच रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अंडर-19 विश्वकप की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' की घोषणा कर दी। फाइनल मैच में ऐतिहासिक पारी खेलने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस टीम में जगह मिली है। 14 वर्षीय वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंदों पर 175 रनों की दमदार पारी खेलकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता था। उनके साथ कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे को सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह नहीं मिल सकी। कनिष्क ने पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अहम योगदान दिया, जबकि हेनिल ने 11 विकेट चटकाए, जिसमें अमेरिका के खिलाफ 5/16 का शानदार स्पेल शामिल रहा। उपविजेता इंग्लैंड के भी तीन खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली है। थॉमस रेव को टीम का कप्तान और विकेटकीपर नियुक्त किया गया है। रेव ने टूर्नामेंट में 66 की औसत से 330 रन बनाए, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में खेली गई मैच जिताऊ शतकीय पारी भी शामिल है। इंग्लैंड के ही मैनी लुम्सडेन और बेन मेस को बी जगह मिली है। मैनी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 16 विकेट लिए और बेन मेस 444 रनों के साथ प्रतियोगिता टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। श्रीलंका के वीरन चामुदिथा को सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने जापान के खिलाफ ऐतिहासिक 192 रन की पारी खेली थी, जिसमें 26 चौके और एक छक्का शामिल था। अफगानिस्तान के फैसल खान शिनोजादा और नूरिस्तानी उमरजई को अपनी टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद चुना गया है। फैसल ने आयरलैंड और भारत के खिलाफ शतक लगाया था, जबकि नूरिस्तानी उमरजई ने टूर्नामेंट में 14 विकेट लिए, जिसमें तंजानिया के खिलाफ 9 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ओलिवर पीक भी टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ शतक जमाए थे। पाकिस्तान के अली रजा और वेस्टइंडीज के स्पिनर विटेल लावेस को भी टीम में जगह मिली है। अली रजा ने 13.92 की औसत से 13 विकेट झटके, जबकि लावेस ने पांच मैचों में 10 विकेट लिए।



### अंडर-19 विश्व कप 2026 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट

**वैभव सूर्यवंशी (भारत)**, वीरन चामुदिथा (श्रीलंका), फैसल खान शिनोजादा (अफगानिस्तान), थॉमस रेव (विकेटकीपर/कप्तान, इंग्लैंड), ओलिवर पीक (ऑस्ट्रेलिया), बेन मेस (इंग्लैंड), कनिष्क चौहान (भारत), नूरिस्तानी उमरजई (अफगानिस्तान), विटेल लावेस (वेस्टइंडीज), अली रजा (पाकिस्तान), मैनी लुम्सडेन (इंग्लैंड), हेनिल पटेल (भारत)।

# टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की पहली जीत



नेपाल को 04 रन से हराया, बेथेल और ब्रूक ने फिफ्टी लगायी; लियम डॉसन को दो विकेट

एजेंसी

**मुम्बई :** विल जैक्स प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 18 बॉल पर नाबाद 39 रन की पारी खेली। साथ ही एक विकेट भी लिया। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में पहली जीत हासिल कर ली है। रविवार को इंग्लिश टीम ने ग्रुप सी के मैच में नेपाल को 4 रन से हराया। वानखेड़े मैदान पर सैम करन ने आखिरी ओवर में 10 रन डिफेंड किए। 185 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 180 रन ही बना सकी। लोकेश बम 39 रन बनाकर नाबाद लौटे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 44 रन बनाए। उन्होंने रोहित पौडेल (39 रन) के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। कुशल भुर्तेल ने 29 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से लियम डॉसन ने 2 विकेट झटके। ल्यूक वुड, जोफ्रा आर्चर, विल जैक्स और जोफ्रा आर्चर को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जैकब बेथेल ने 55 और हैरी ब्रूक ने 53 रन बनाए। नेपाल से दीपेंद्र सिंह ऐरी और नंदन यादन ने 2-2 विकेट लिए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**इंग्लैंड :** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक (कप्तान), सैम करन, विल जैक्स, लियम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, ल्यूक वुड।

**नेपाल :** कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख (विकेटकीपर), रोहित पौडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह ऐरी, आरिफ शेख, लोकेश बम, गुलशन झा, करण केसी, नंदन यादव, संदीप लामिछाने, शेर मल्ला।



## सिफर्ट के अर्द्धशतक से न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 05 विकेट से हराया



**चेन्नई :** टिम सिफर्ट के शानदार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट ग्रुप-डी पहले ही मैच में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 6 विकेट पर 182 रन बनाये थे। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को कीवी टीम ने 17.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम को जीत के लिए खास संघर्ष करना पड़ा। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में मुजीब उर रहमान ने फिन ऐलन को 1 और रचिन रविंद्र को खाता खोले बिन ही लगातार गेंदों पर आउट कर टीम को दबाव में ल दिया। इसके सिफर्ट और फिलिप्स के बीच तीसर विकेट के लिए 74 रन की अहम साझेदारी से टीम संभली। इन दोनों ने दबाव में भी आक्रामक रुख अपनाया। फिलिप्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं सिफर्ट ने 39 गेंदों में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 42 गेंदों में 65 रन की पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह मोहम्मद नबी का शिकार बने। अंत में डैरिल मिचेल ने 14 गेंदों में 25 रन और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 8 गेंद में 17 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम की ओर से बल्लेबाज गुलबदिन नायब ने अर्धशतक लगाया। जिससे अफगानिस्तान की टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। इस मेच में कीवी बल्लेबाजों को अपने अनुसार खेलने का अवसर नहीं मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने शुरूआत में ही दो विके खो दिये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 27 रन बनाये पर वह इसके बाद लॉकी फर्ग्युसन की धीमी गेंद पर पेवेलियन लौट गये। इसी ओवर में फर्ग्युसन ने इब्राहिम जादरान को अंतिम गेंद पर आउट कर दिया। जादरान ने 10 रन बनाये थे।

## स्पेन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लवलीना बरगोहाई ने जीता स्वर्ण पदक



एजेंसी

**गुवाहाटी :** भारत की स्टार मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बरगोहाईं ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया है। स्पेन में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान लवलीना बरगोहाईं का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। उन्होंने विभिन्न देशों से आई अनुभवी और मजबूत प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाजों को लगातार पराजित करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। हर मुकाबले में उनकी तकनीक, आक्रामकता और रणनीतिक समझ साफ नजर आई, जिसने दर्शकों और विशेषज्ञों को प्रभावित किया। फाइनल मुकाबले में लवलीना ने आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाते हुए निर्णायक जीत दर्ज की। उन्होंने पूरे मैच के दौरान नियंत्रण बनाए रखा और सटीक पंचों के जरिए प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। निर्णायकों ने सर्वसम्मति से उन्हें विजेता घोषित किया, जिसके साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया। लवलीना की इस जीत पर खेल जगत में खुशी की लहर है। भारतीय बॉक्सिंग संघ, खेल विशेषज्ञों और प्रशंसकों ने उन्हें इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाइयां दी हैं। इसे भारतीय बॉक्सिंग के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। गौरतलब है कि लवलीना बरगोहाईं पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल कर चुकी हैं और उनकी यह ताजा सफलता भारतीय खेल इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ती है। उनकी इस जीत से आने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों और ओलंपिक तैयारियों के लिए भी भारत की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं।

## एक झलक

### सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी में लगे वैभव

**समस्तीपुर :** अंडर-19 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के बाद अब उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी मैदान से बाहर आकर पढ़ाई में लग गये हैं। वैभव को दसवीं की परीक्षा देनी है। वह सीबीएसई की परीक्षा में शामिल होंगे। वैभव बिहार के समस्तीपुर के ताजपुर स्थित डॉ. मुक्तेश्वर सिन्हा मॉडेस्टी स्कूल के छात्र हैं। मैट्रिक परीक्षा की तैयारी लगभग पूरी हो गयी है। सीबीएसई द्वारा एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। वैभव ने परिक्षा फार्म पहले ही भर दिया था। स्कूल प्रशासन इस बात से उत्साहित है कि उनका छात्र देश का मान बढ़ाने के बाद अब पढ़ाई पर ध्यान दे रहा है। स्कूल प्रिंसिपल के अनुसार वैभव की पढ़ाई में सहायता की जा रही है जिसे वह पढ़ाई भी जारी रख सकें। सीबीएसई की 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होकर 11 मार्च तक चलेंगी। वैभव का परिवार भी परीक्षा को लेकर उतना ही गंभीर है। जितना कि उनके क्रिकेट करियर को लेकर। वहीं केट प्रशंसकों की निगाहें अब वैभव पर टिकी हैं। लोग यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि जिस प्रकार वह बल्लेबाजी में छाये रहते हैं उस प्रकार से पढ़ाई में आगे आ पायेंगे या नहीं। इससे उन खिलाड़ियों को भी प्रेरिणा मिलेगी जो पढ़ाई और खेल का तालमेलन बनाना चाहते हैं।

### आईसीसी से बातचीत के लिए हमारे सम्पर्क करने की खबरें गलत : पीसीबी प्रवक्ता

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन खबरों को गलत बताया है जिसमें कहा गया है कि उसने 15 फरवरी को भारतीय टीम के खिलाफ मैच के बहिष्कार के मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से संपर्क कर बातचीत के प्रयास किये हैं। पीसीब का कहना है कि वह इस मैच में नहीं खेलने के फैसले पर बना हुआ हे। वहीं इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौन रखा हुआ है और आईसीसी नियमों के अनुसार चल रही है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा टीम को भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति न देने के बाद, आईसीसी की ओर से पीसीबी और पाकिस्तान सरकार से अपने रुख पर पुनर्विचार करने की कई कोशिशें की गई हैं पर इस मामले में वह अपने अड़ियल रुख पर बना हुआ है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने कहा कि बोर्ड ने चर्चा के लिए आईसीसी से किसी भी तरीके से संपर्क नहीं किया है।





जकार्ता में एएससी फुटसल एशियन कप में विजयी ईरान की टीम के खिलाड़ी अवार्ड समारोह में उत्साहित नजर आये।

## नेशनल विंटर चैम्पियनशिप के आयोजन स्थल में बदलाव

**चमौली :** उत्तराखंड के औली में 12 से 16 फरवरी तक प्रस्तावित नेशनल विंटर चैम्पियनशिप के आयोजन स्थल में बदलाव किया है। औली के नंदा देवी स्कीइंग स्लोप पर तेजी से बर्फ पिघलने के चलते खेलों के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बनी थी। लगातार बदलती बर्फ की स्थिति को देखकर विंटर गेम संगठन ने वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया। इसके बाद देहरादून में हुई उच्च स्तरीय बैठक में आयोजन स्थल बदलने का फैसला हुआ। अब चैंपियनशिप का आयोजन गौरसो बुग्याल या औली रोपवे के 10 नंबर टावर के समीप करने की तैयारी है। आयोजन स्थल बदलने का निर्णय देहरादून में आयोजित बैठक में होगा। बैठक की अध्यक्षता विंटर गेम संगठन के जॉइंट सेक्रेटरी अजय भट्ट ने की।

## झारखंड ने जम्मू-कश्मीर को 05 विकेट से हराया

**सीनियर वूमेंस वनडे ट्रॉफी**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता





**गुवाहाटी :** गुवाहाटी स्थित एसीए क्रिकेट अकैडमी ग्राउंड में खेले जा रहे सीनियर वूमेंस वनडे ट्रॉफी मुकाबले में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जम्मू-कश्मीर को 5 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू-कश्मीर की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। टीम की ओर से चित्रा सिंह ने 47 रन, रुबिया सैयद ने 29 रन तथा सरला देवी ने नाबाद 23 रन की उपयोगी पारी खेली। झारखंड की ओर से आनंदित किशोर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में 32 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि वृष्टि ने 28 रन देकर 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड की टीम ने 47.2 ओवरों में 5 विकेट खोकर 183 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में कप्तान शशि माथुर की 87 रनों की शानदार पारी और प्रियंका लूथरा की नाबाद 57 रनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जम्मू-कश्मीर की ओर से संध्या ने 32 रन देकर 2 विकेट लिये।

## विश्वकप में तेजी से 500 रन बनानेवाले बल्लेबाजों में शामिल हुए सूर्यकुमार



एजेंसी

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्वकप के अपने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ खेली अपनी 84 रनों की नाबाद पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सूर्यकुमार ने 84 रनों की अपनी इस पारी के साथ टी20 विश्वकप कप में अपने 500 रन पूरे किये हैं। अब उनके नाम इस आईसीसी टूर्नामेंट में 18 पारियों में 564 रन हो गये हैं। इसके साथ ही सूर्यकुमार तेजी से 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गये हैं। सूर्या विश्व कप में 500 रन बनानेवाले छठे और सबसे कम पारियों में ये आंकड़ा हासिल करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं। इससे पहले ये आंकड़ा महेन्द्र सिंह धोनी और युवराज सिंह के अलावा विराट कोहली, रोहित शर्मा, गौतम गम्भीर के नाम है। वहीं सबसे तेजी से 500 रन का आंकड़ा विराट के नाम है। कोहली ने केवल 11 टी20 विश्व कप पारियों में 500 रन बनाये हैं। सूर्या इस सूची में रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के बाद तीसरे स्थान पर है। गंभीर और रोहित संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।

## शिखर धवन बने दिल्ली खेल महाकुम्भ के ब्रांड एंबेसडर



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और अर्जुन अवॉर्डी शिखर धवन को दिल्ली खेल महाकुंभ का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह खेल महाकुंभ दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल निदेशालय की एक पहल है। इस दूरदर्शी प्रतियोगिता का मकसद राजधानी में जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को मजबूत करना और प्रतिभा की पहचान करना है। दिल्ली खेल महाकुंभ का पहला एडिशन 13 फरवरी से राजधानी के 16 जगहों पर होगा, जिसमें हजारों युवा एथलीट बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, स्क्वैश और वॉलीबॉल में हिस्सा लेंगे। दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मामलों के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ को प्रतिभा और खेल के विकास के लिए एक बदलाव लाने वाले प्लेटफॉर्म के तौर पर देखा जा रहा है। शिखर धवन का ब्रांड एंबेसडर के तौर पर जुड़ना इस पहल को बहुत ज्यादा विश्वसनीयता और प्रेरणा देता है और यह जमीनी स्तर पर विकास, बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और भविष्य के खेल टैलेंट को पहचानने के हमारे मकसद के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। भारत के जाने-माने खेल चेहरों में से एक शिखर धवन लंबे समय से देश भर के युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा रहे हैं। वह अपने वेंचर दा वन स्पोर्ट्स के जरिए अपने खेलने के करियर के बाद भी भारत की खेल आकांक्षाओं को आकार देने में एक प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर शिखर धवन ने कहा कि मैं बहुत आभारी महसूस कर रहा हूं। इस सम्मान के लिए दिल्ली सरकार और शिक्षा एवं खेल निदेशालय को धन्यवाद देना चाहता हूं। दिल्ली खेल महाकुंभ इस क्षेत्र में खेल के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो प्रतिभा से भरा हुआ है और सही अवसर और एक्सपोजर की तलाश में है।

## विराट, रोहित पर कोच गम्भीर के दबाव बनाने की बातें गलत : सैकिया

एजेंसी

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के मुख्य कोच गौतम गंभीर से कोई मतभेद नहीं हैं। साथ ही कहा कि ये दोनो ही उस स्तर के खिलाड़ी हैं जिन्हें कोई भी दबाव बनाकर बाहर नहीं कर सकता है। इस प्रकार बोर्ड ने एक प्रकार से कोच गौतम गंभीर के रोहित शर्मा और विराट कोहली से मतभेदों की खबरों को खारिज कर दिया है। सैकिया ने कहा कि पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही है कि गंभीर इन दोनो को बाहर होने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो सही नहीं है। इससे पहले कई लोगों का आरोप था कि टी20 विश्वकप 2024 जीतने के बाद रोहित और विराट ने इस प्रारुप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट को भी छोड़ दिया। अब दोनों केवल एकदिवसीय ही खेलते हैं और इसमें भी उनपर दबाव बनाया जा रहा है। सैकिया ने कहा कि लोगों की अपनी धारणा हो सकती है पर गंभीर क्या कोई भी विराट और रोहित जैसे खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बना सकता है। उन्होंने कहा, ऐसी धारणा हो सकती है पर विराट हमेशा टीम में हैं। गंभीर भी टीम में हैं।

**आरपीसी मीडिया कप 2026**

# गंगा और भैरवी का दमदार प्रदर्शन, जीत के साथ दोनों टीमें क्वार्टरफाइनल में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** रांची स्थित जे के क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर खेले जा रहे आरपीसी मीडिया कप 2026 में प्रतियोगिता ने अब रोमांचक मोड़ ले लिया है। टूर्नामेंट के मुकाबले दिन-ब-दिन और अधिक प्रतिस्पर्धी होते जा रहे हैं। इसी क्रम में खेले गए पहले और दूसरे मैच में गंगा और भैरवी की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली।





**पहला मैच : अजय बनाम गंगा**

**दिन** का पहला मुकाबला अजय और गंगा के बीच खेला गया। टॉस के बाद अजय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाए। अजय की ओर से राकेश सिंह ने 31 रनों की उपयोगी पारी खेली, जबकि सूरज प्रकाश ने 22 और तारकेश्वर महतो ने 21 रन का योगदान दिया। हालांकि मध्यक्रम से अपेक्षित बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में असफल रही। गंगा की ओर से गेंदबाजी में समीर सृजन ने किफायती प्रदर्शन करते हुए 1 विकेट के बदले 17 रन दिए, जबकि संतोष सिंह ने 1/20 का आंकड़ा दर्ज किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गंगा की टीम ने शानदार और आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय दिया। गंगा ने 12.5 ओवर में मात्र 2 विकेट खोकर 116 रन बनाते हुए मुकाबला 8 विकेट से अपने नाम कर लिया। ओम प्रकाश झा ने 34 रन बनाए, वहीं संतोष कुमार सिंह ने 29 रनों की सधी हुई पारी खेली। संतोष कुमार सिंह को उनके हरफनमौला योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**दूसरा मैच : कोनार बनाम भैरवी**

**दिन** का दूसरा मुकाबला कोनार और भैरवी के बीच खेला गया, जिसमें दर्शकों को बल्लेबाजों का शानदार खेल देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोनार की टीम ने 16 ओवर में 141 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम ऑलआउट हो गयी। कोनार की ओर से सुशील सिंह ने 48 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि राकेश कुमार ने 17 रन जोड़े। भैरवी की गेंदबाजी में विक्की कुमार पासवान ने घातक प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट 23 रन देकर झटके, वहीं संजय सिंह ने 2/34 विकेट हासिल किए। जवाब में भैरवी की टीम ने लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया। भैरवी ने 15.3 ओवर में सिर्फ 1 विकेट खोकर 142 रन बनाते हुए मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। नवल किशोर ने नाबाद 67 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि विक्की पासवान ने 51 रन बनाकर जीत को आसान बना दिया। इस मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विक्की पासवान को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इन जीतों के साथ ही गंगा और भैरवी की टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंच चुकी हैं, जिससे टूर्नामेंट का रोमांच अब और भी बढ़ गया है। दर्शकों को आने वाले मुकाबलों में कड़े संघर्ष और रोमांचक क्रिकेट की पूरी उम्मीद है।

# इस सप्ताह शेयर बाजार की निगाहें मुद्रास्फीति और तिमाही नतीजों पर रहेंगी



**नयी दिल्ली :** विश्लेषकों का मानना है कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। 12 फरवरी को खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े आने वाले हैं, जो बाजार को महंगाई और आरबीआई की मौद्रिक नीतियों के बारे में संकेत देंगे। इसके एक दिन बाद 13 फरवरी को विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े जारी होंगे, जो विदेशी निवेशकों के रुझान और रुपये की स्थिति पर असर डाल सकते हैं। इस सप्ताह कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और आयशर मोटर्स के परिणाम निवेशकों की रुचि का केंद्र होंगे। बाजार के जानकारों के अनुसार, इन नतीजों से न केवल इन कंपनियों के शेयर बल्कि व्यापक बाजार पर भी असर दिखाई देगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और नैस्डैक कंपोजिट के हालिया प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस (कमोडिटी) बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी महत्वपूर्ण रहेगा। भारत और अमेरिका ने हाल ही में एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति जताई है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी होगी। यह कदम द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही बाजार में सकारात्मक संकेत दे सकता है। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जायेगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार सुदृढ़ीकरण चरण में प्रवेश कर चुका है। अब निवेशकों का ध्यान पूंजीगत व्यय और वास्तविक खर्च पर केंद्रित है।

## शीर्ष आठ कम्पनियों का बाजार पूंजीकरण 4.55 लाख करोड़ बढ़ा

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी देखी गई जिससे निवेशकों के बीच उत्साह का माहौल बना। इस तेजी के पीछे बड़ी कंपनियों के मजबूत प्रदर्शन को मुख्य कारण माना जा रहा है। शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। लाभ में रहने वाली इन आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 4,55,336.36 करोड़ रुपये बढ़ा।इस सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,41,887.97 करोड़ रुपये बढ़कर 19,63,358.79 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा एलआईसी का मूल्यांकन 64,926.1 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल 52,516.39 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 52,476.97 करोड़ रुपये बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, इस तेजी के बावजूद टीसीएस और इंफोसिस के शेयर पीछे रहे। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 88,172.8 करोड़ रुपये घटकर 10,64,242.35 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 63,462.66 करोड़ रुपये घटकर 6,26,067.95 करोड़ रुपये रह गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का क्रम रहा।

## एक झलक

### एएआई ने सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ किया समझौता

**नयी दिल्ली :** एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने हाल ही में लांच हुई देश की पहली सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ एग्रीमेंट (एमओयू) साइन किया है। इसके तहत भारत टैक्सी देश के कई एयरपोर्ट्स पर कैब सेवाएं देगी। एएआई के चेयरमैन विपिन कुमार ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इस समझौते का मकसद एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को सही किराया, तय दरों और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना है। भारत टैक्सी, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित एक ड्राइवर-ओनर्ड सेवा है, जिसमें टैक्सी चालक स्वयं कोऑपरेटिव के सदस्य होते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इस पहल से एयरपोर्ट पर कैब सेवाओं में पारदर्शिता, किराए की स्पष्टता और यात्री-अनुकूल अनुभव सुनिश्चित होगा। साथ ही, ड्राइवरों को भी संगठित प्लेटफॉर्म के जरिए स्थिर और सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। एएआई का कहना है कि यह साझेदारी यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ समावेशी परिवहन मॉडल को बढ़ावा देगी। आने वाले समय में इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से विभिन्न एयरपोर्ट्स पर लागू किया जायेगा।

### भारत-यूएस समझौते के बाद रूस से तेल आयात में कटौती की सम्भावना

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क हटाने का कार्यकारी आदेश जारी किया। इसके पीछे भारत की रूस से तेल आयात कम करने की प्रतिबद्धता मुख्य कारण मानी जा रही है। इस समझौते के तहत भारत धीरे-धीरे रूस से कच्चे तेल की खरीद घटाएगा, जिससे अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ तालमेल बैठ सके। सूत्रों के अनुसार अधिकांश भारतीय तेल शोधनशालाएं जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स रूस से तेल की नई खरीद धीरे-धीरे रोकेंगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले कुछ हफ्तों में अपनी रूस से खरीदी गई खेप पूरी करने के बाद आयात बंद कर सकती है। नायरा एनर्जी की स्थिति अलग है। रोसनेफ्ट में उसकी 49.13 फीसदी हिस्सेदारी और यूरोपीय एवं ब्रिटिश प्रतिबंधों के कारण कंपनी के पास अन्य विकल्प सीमित हैं। इसलिए नायरा रूस से तेल की खरीद जारी रख सकती है और उसे संभावित छूट भी मिल सकती है। दिसंबर 2025 में भारत का रूस से आयात औसतन 12 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो जनवरी 2026 में घटकर 11 लाख बैरल हो गया। आने वाले महीनों में यह 10 लाख बैरल से नीचे जाने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के साथ समझौते के बाद यह आयात और घटकर लगभग आधा हो सकता है। भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 90 फीसदी आयात के जरिए पूरा करता है। रूस के अलावा अमेरिका और वेनेजुएला जैसे देश विकल्प के रूप में मौजूद हैं, जिससे भविष्य में तेल आपूर्ति स्थिर बनाये रखना संभव होगा।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के एमएसएमई सेक्टर के लिए वरदान : खंडेलवाल



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से भारत के एमएसएमई क्षेत्र को अमेरिकी बाजार में व्यापार के व्यापक और नए अवसर प्राप्त होंगे। कैट महामंत्री ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी, निर्णायक और सशक्त नेतृत्व में हुआ यह समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि ये समझौता विश्व पटल पर भारत को एक आत्मविश्वासी, प्रतिस्पर्धी और भरोसेमंद व्यापारिक भागीदार के रूप में स्थापित करता है। खंडेलवाल ने कहा कि इस व्यापार समझौते से वस्त्र और परिधान, लेदर और फुटवियर, जेम्स एंड ज्वेलरी, जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो और एयरक्राफ्ट पार्ट्स, केमिकल्स, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, होम डेकोर, हैंडीक्राफ्ट तथा चुनिंदा इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे प्रमुख भारतीय क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्?होंने कहा कि बेहतर बाजार पहुंच और टैरिफ में युक्तिसंगत कमी से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता और मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह समझौता एमएसएमई क्षेत्र को एक मजबूत और समयोचित प्रोत्साहन प्रदान करता है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। खंडेलवाल ने बताया कि निर्यात के बढ़े हुए अवसर एमएसएमई को उत्पादन बढ़ाने, वैश्विक स्तर पर विस्तार करने और विशेष रूप से युवाओं एवं महिलाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में सक्षम बनायेंगे। इसके साथ ही, यह मेक इन इंडिया पहल को मजबूती देते हुए भारतीय उद्यमों को वैश्विक वैल्यू चेन से और गहराई से जोड़ेगा। खंडेलवाल ने यह भी कहा कि इस समझौते में संवेदनशील कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों सहित भारत के मूल राष्ट्रीय हितों की पूरी तरह सुरक्षा की गई है, जो सरकार की संतुलित और किसान-केंद्रित व्यापार नीति को दर्शाता है। कैट महामंत्री ने कहा कि कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता निर्यात को गति देने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक पहल है।

## सन फार्मा ऑर्गेनिक ग्रोथ पर कायम, अधिग्रहण में रखेगा अनुशासित रुख

**नयी दिल्ली :** दवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सन फार्मा ने स्पष्ट किया है कि उसका मुख्य ध्यान खुद की मेहनत और संसाधनों से विकास (ऑर्गेनिक ग्रोथ) पर रहेगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह रणनीति शेयरधारकों के लिए निवेश को आकर्षक बनाये रखने के उद्देश्य से अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी बड़े अधिग्रहणों में जल्दबाजी नहीं करेगी। अधिग्रहण पर विचार केवल तब किया जाएगा जब इससे कंपनी की दीर्घकालिक रणनीतिक क्षमता मजबूत हो। अधिकारी ने अमेरिका को कंपनी की रणनीति का प्रमुख केंद्र बताया, खासकर नई और आधुनिक दवाओं के क्षेत्र में। इसके साथ ही कंपनी वैश्विक स्तर पर इन दवाओं की पहुंच बढ़ाने पर जोर दे रही है। भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए कंपनी छोटे और रणनीतिक अधिग्रहण (टेक-इन्स) पर ध्यान दे रही है।

## टाइटन हरमू रोड में वैलेंटाइंस डे विशेष ऑफर




**रांची :** हरमू रोड स्थित टाइटन स्टोर में ग्राहकों के लिए वैलेंटाइंस डे के अवसर पर आकर्षक और प्यार से जुड़े विशेष ऑफर्स की शुरूआत की गयी है। स्टोर मैनेजर बबन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वैलेंटाइंस डे विशेष ऑफर सीमित अवधि के लिए लागू किया गया है, जिसके तहत टाइटन की आधुनिक एवं स्टाइलिश घड़ियों पर 30% तक की छूट दी जा रही है। बेशकीमती घड़ियों में शुमार टाइटन नेबुला रेंज पर ग्राहकों के लिए मुफ़्त गोल्ड कॉइन का विशेष वैलेंटाइंस ऑफर उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही टाइटन स्किन परफ्यूम्स पर भी 20% तक का आकर्षक डिस्काउंट दिया जा रहा है। युवाओं के पसंदीदा ब्रांड फास्ट्रैक की एनालॉग एवं स्मार्ट वॉचेस पर 40% तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा टाइटन आई प्लस में ग्राहकों के लिए वैलेंटाइंस डे के विशेष ऑफर्स उपलब्ध हैं। यहां 2 इंटरनेशनल ब्रांड फ्रेम्स पर सीधी 20% की छूट दी जा रही है। साथ ही 2 स्पेक्ट्स ऑर्डर बुक करने पर टाइटन या फास्ट्रैक फ्रेम्स पर एक के साथ एक मुफ़्त ऑफर भी लागू है।

ग्राहकों की आंखों की सटीक जांच के लिए यहां 20 स्टेप्स जीरो एरर आई टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है।

**वैलेंटाइंस डे ऑफर पर**

**स्टोर** संचालक सुजीत सिंह ने कहा इस वैलेंटाइंस डे, गिफ्ट ऐसा हो जो दिल और समय दोनों में बस जाये। और टाइटन अपनों के लिए हमेशा खास है।

उन्होंने आगे बताया कि वैलेंटाइंस डे से जुड़े सभी ऑफर्स की विशेष जानकारी के लिए ग्राहक 9386120137 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सीबीडीटी ने 'आयकर अधिनियम 2025' के नियमों पर हितधारकों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली :** आयकर व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता लाने के उद्देश्य से, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 'आयकर अधिनियम 2025' के प्रस्तावित नियमों एवं प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। सीबीडीटी ने रविवार को स्पष्ट किया है कि सुझाव मुख्य रूप से निम्नलिखित चार मानकों के आधार पर दिए जाने चाहिए। इनमें सरल भाषा, मुकदमेबाजी में कमी, अनुपालन के बोझ में कमी और अनावश्यक नियमों की पहचान है। उल्लेखनीय है कि आयकर अधिनियम, 2025 को अगस्त 2025 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिल चुकी है। यह नया कानून 1 अप्रैल, 2026 से पूरे देश में लागू हो जायेगा। अंतिम अधिसूचना जारी करने से पहले सरकार चाहती है कि करदाता और विशेषज्ञ अपने इनपुट साझा करें ताकि नियमों को अधिक व्यावहारिक बनाया जा सके। हितधारकों की सुविधा के लिए आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर एक विशेष यूटिलिटी शुरू की गयी है।

हितधारक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना नाम और मोबाइल नंबर दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद ओटीपी आधारित सत्यापन के जरिए अपने सुझाव पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। सुझाव देते समय संबंधित नियम, उप-नियम या फॉर्म संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। प्राप्त होने वाले सभी सुझावों का विश्लेषण विशेषज्ञों की समिति द्वारा किया जायेगा, जिसके बाद ही आयकर नियम, 2026 को अंतिम रूप दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 1962 के पुराने नियमों की जगह आधुनिक और डिजिटल-फ्रेंडली नियम लाना है।

## टाटा मोटर्स अगले हफ्तों में बढ़ा सकती है वाहनों की कीमतें

**नयी दिल्ली :** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कंपनी अपने वाहनों की कीमतें आने वाले हफ्तों में बढ़ा सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग एक साल से जिंसों और अन्य कीमती धातुओं की बढ़ती लागत कंपनी पर दबाव बना रही है। अधिकारी के अनुसार इस लागत वृद्धि का असर टीएमपीवीएल के राजस्व में लगभग दो प्रतिशत से अधिक देखने को मिला है। इस बीच मारुति सुजुकी इंडिया मूल्य वृद्धि के लिए स्थिति की समीक्षा कर रही है, जबकि हुंडई मोटर इंडिया ने जनवरी में अपने वेंयू मॉडल की कीमतें पहले ही बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी आने वाले हफ्तों में संभावित मूल्य वृद्धि की घोषणा कर सकती है लेकिन उन्होंने अभी विस्तृत संख्या या प्रतिशत साझा नहीं किया है। विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ती कच्चे माल की कीमतों के कारण ऑटोमोबाइल क्षेत्र में मूल्य समायोजन की संभावना बढ़ रही है और टाटा मोटर्स इसका पालन करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

## घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना व चांदी ने लगायी छलांग



**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख है। सोना आज 2,660 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 10,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। कीमत में इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,600 रुपये से लेकर 1,56,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,43,550 रुपये से लेकर 1,43,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 2,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो आज की तेजी के बावजूद सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,980 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 2,650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी इस सप्ताह जबरदस्त कमजोरी दर्ज की गई है। इस सप्ताह के कारोबार में ये चमकीली धातु पिछले सप्ताह की तुलना में 65,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक टूट गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,56,750 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मिली नयी ऊंचाई...**

उन्होंने द्विपक्षीय डिजिटल परिषद के माध्यम से दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग में हुई निरन्तर प्रगति की सराहना की और फिनटेक सहयोग को बढ़ाने के लिए यूपीआई और पे-नेट के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय और विश्वविद्यालयीय आदान-प्रदान के माध्यम से युवाओं के बीच सम्बन्धों को मजबूत करने का आह्वान किया। इसी बीच भारत के नालंदा विश्वविद्यालय और मलाया विश्वविद्यालय तथा मलेशिया के आईआईटी मद्रास और एडवांस्ड सेमीकंडक्टर अकादमी के बीच चल रहे सहयोग का स्वागत किया गया।

मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारत के पहले वाणिज्य दूतावास के खुलने से वाणिज्यिक और जन-सम्बन्धों को मजबूती मिलेगी। दोनों नेताओं ने वैश्विक शासन सुधार, हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और भारत-आसियान साझेदारी में वृद्धि सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा किये। प्रधानमंत्री ने एआईटीआईजीए की समीक्षा को जल्द से जल्द पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने 2025 में आसियान की सफल अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को बधाई भी दी। पीएम अनवर इब्राहिम ने 2026 में ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले और लाल किले विस्फोट की कड़ी निंदा के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को धन्यवाद दिया और आतंकवाद विरोधी प्रयासों में निरंतर घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा को 'दो पुराने मित्रों का मिलन' बताते हुए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

**मोदी ने मलेशिया में उद्योग जगत के शीर्ष लोगों के साथ की बैठक...**

प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते बी2बी सर्म्पकों और भारतीय विकास गाथा में मलेशियाई कम्पनियों की गहरी रुचि की सराहना की। उन्होंने भारत में हाल के वर्षों में किये गये सुधारों और पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कदमों से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिला है और एक स्थिर, प्रभावी व पूर्वानुमेय कारोबारी तथा नीतिगत वातावरण तैयार हुआ है।

प्रधानमंत्री ने मलेशियाई उद्योग जगत को भारत में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया ; विशेषकर अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में। इस संदर्भ में उन्होंने 07 फरवरी 2026 को कुआलालंपुर में आयोजित 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम की बैठक की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इसके विचार-विमर्श से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सम्बन्ध और गहरे होंगे।

बैठक के दौरान उद्योग जगत के नेताओं ने विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में भारत सरकार द्वारा किये गये सुधारों की सराहना की और भारत की विकास यात्रा पर मजबूत विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने भारत में अपने निवेश पोर्टफोलियो के विस्तार और भारतीय कम्पनियों के साथ संयुक्त उपक्रमों की सम्भावनाओं को लेकर गहरी रुचि भी जतायी।

**मलेशिया में खुलेगा भारतीय महा वाणिज्यिक दूतावास...**

डिजिटल और वित्तीय क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की एनपीसीआई इंटरनेशनल लिमिटेड और मलेशिया की पेनेट एसडीएन बीएचडी के बीच सीमा-पार भुगतान को लेकर समझौता किया गया, जिससे दोनों देशों के नागरिकों, पर्यटकों, छात्रों और कारोबारियों को तेज, सुरक्षित और किफायती डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के तहत आयुर्वेद से जुड़े शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को भी आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है।

**सिंधु समझौता सस्पेंड होते ही एक्शन में मोदी सरकार...**

यह प्रोजेक्ट चिनाब नदी पर बिजली उत्पादन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

एनएचपीसी के टेंडर के अनुसार, इस परियोजना के लिए बोली 12 मार्च से शुरू होगी और 20 मार्च तक चलेगी। बोली की वैधता अवधि 180 दिन रखी गयी है। वहीं, निर्माण कार्य को पूरा करने की समयसीमा 3285 दिन तय की गयी है। सावलकोट हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से कुल 1856 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। माना जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ देश की पावर ग्रिड को भी मजबूत करेगा। सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच इस प्रोजेक्ट को भारत की रणनीतिक और आर्थिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। चिनाब नदी पर यह परियोजना भारत के जल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

**11 साल बाद बढ़ी सरकारी वकीलों की फीस...**

सरकारी वकीलों की फीस में यह संशोधन अक्टूबर 2015 के बाद पहली बार किया गया है। कानून मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह बढ़ोतरी केवल नियमित अपील और अंतिम सुनवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य प्रकार के मामलों, विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों के साथ बैठकों (कॉन्फ्रेंस) और सलाह-मशविरा करने की फीस में भी संशोधन किया गया है। इसके अलावा, दिल्ली और राज्यों की राजधानियों में पेश होने वाले वकीलों की फीस में भी बढ़ोतरी की गयी है।

कानून मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि महंगाई, कानूनी पेशे से जुड़े बढ़ते खर्च और योग्य पेशेवरों को बनाए रखने की जरूरत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अधिकारी के अनुसार, लम्बे समय से सरकारी वकीलों की ओर से फीस बढ़ाने की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है।

पूर्व केन्द्रीय विधि सचिव और वर्तमान में विधि आयोग की सदस्य सचिव अंजू राठी राणा ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि केन्द्र सरकार के वकीलों के लिए फीस संशोधन की अधिसूचना अब लागू हो गयी है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया था और यह एक दशक से अधिक समय से लम्बित मामला था। उन्होंने कहा कि अदालतों में केन्द्र सरकार का प्रभावी प्रतिनिधित्व करने के लिए योग्य और प्रतिभाशाली वकीलों को बनाये रखना जरूरी है और यह फीस वृद्धि उसी दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस फैसले से देशभर में सरकारी वकीलों में संतोष और उत्साह का माहौल है।

**रेल मंत्री ने बंगाल के लिए प्रमुख रेल अवसंरचना परियोजनाओं का किया अनावरण...**

ने पश्चिम बंगाल को गुजरात से जोड़ने वाले पूर्व-पश्चिम फ्रेट कॉरिडोर को भी स्वीकृति दी है। इसके अतिरिक्त, उत्तर बंगाल के 'चिकन-नेक' क्षेत्र में सुरक्षित और संरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के लिए एक भूमिगत रेल कॉरिडोर के निर्माण की पहल भी की जा रही है।

श्री वैष्णव ने कहा कि केन्द्र सरकार पश्चिम बंगाल के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है, लेकिन राज्य सरकार के सहयोग के अभाव और उदासीनता के कारण कई पहलें बाधित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि सम्पर्क सुधार के लिए पश्चिम बंगाल में 17 रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं, जिनके शीघ्र पूर्ण होने के लिए राज्य सरकार का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकार से जनता के हित में रेलवे परियोजनाओं के लिए सहयोग करने का आग्रह किया।

सिउरी में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्घाटन रेल अवसंरचना को मजबूत करने, सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने और पश्चिम बंगाल तथा आसपास के क्षेत्रों में क्षेत्रीय सम्पर्क सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सिउरी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इससे अत्यधिक लाभ होगा, क्योंकि ये सुविधाएं दैनिक आवागमन को सुगम बनायेंगी, लम्बे समय से चली आ रही यातायात समस्याओं को कम करेंगी और यात्रा समय में कमी लायेंगी। सिउरी रेलवे स्टेशन के निकट लेवल क्रॉसिंग संख्या 22बी/टी के स्थान पर निर्मित नया रोड ओवर ब्रिज 42 करोड़ की लागत से पूरा किया गया है। यह पुल लेवल क्रॉसिंग पर लम्बे इंतजार को समाप्त करेगा तथा सिउरी और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए तेज, सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करेगा। इससे सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, सिउरी स्टेशन के आसपास भीड़भाड़ कम होगी तथा छात्रों, कर्मचारियों और स्थानीय यात्रियों की आवाजाही में सुधार होगा। यह पुल आपातकालीन परिस्थितियों में एम्बुलेंस और अन्य आपात वाहनों की निर्बाध आवाजाही भी सुनिश्चित करेगा।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण अवसंरचना परियोजना कुमारपुर में बाराचक एवं हीरापुर यार्ड लाइन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 1एसपीएल/ई के स्थान पर निर्मित रोड ओवर ब्रिज है, जिसे 55 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यह पुल जीटी रोड कॉरिडोर पर स्थित है और आसनसोल शहर, पश्चिम बर्द्धमान जिले के बड़े हिस्से तथा झारखंड को जोड़ने वाला एक महत्त्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग है। इससे राज्य के भीतर और पड़ोसी राज्यों के साथ व्यापार एवं यातायात को गति मिलेगी, सुरक्षा में सुधार होगा तथा आसनसोल के आसपास की भीड़भाड़ कम होगी।

इसी अवसर पर आसनसोल और बोकारो स्टील सिटी के बीच नयी रेल सेवा को हरी झंडी दिखायी गयी, जिससे देश के दो प्रमुख इस्पात केन्द्रों के बीच संपर्क और सुदृढ़ हुआ। यह सेवा औद्योगिक श्रमिकों, दैनिक यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए लाभकारी होगी। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्द्धमान और पुरुलिया जिलों तथा झारखंड के बोकारो जिले से होकर चलने वाली यह ट्रेन अन्तर-राज्यीय और अन्तःराज्यीय सम्पर्क को बढ़ायेगी तथा क्षेत्रीय आर्थिक एवं सामाजिक विकास को समर्थन देगी। उद्घाटन के दिन आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू उद्घाटन विशेष ट्रेन 08फरवरी 2026 को 17:00 बजे आसनसोल से रवाना होकर 21:45 बजे बोकारो स्टील सिटी पहुंची। 63592/63591 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू यात्री ट्रेन की नियमित सेवा 10 फरवरी 2026 से प्रारम्भ होगी। यह ट्रेन 08 कोच की मेमू रेक के साथ सप्ताह में 06 दिन (रविवार को छोड़ कर) चलेगी। नियमित सेवा में 63592 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू सुबह 07:00 बजे आसनसोल से चल कर 11:15 बजे बोकारो स्टील सिटी पहुंचेगी। वापसी दिशा में 63591 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू 15:40 बजे बोकारो स्टील सिटी से चल कर 19:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बर्नपुर, दामोदर, मधुकुंडा, मुराडीह, रामकनाली, बेरो, जयचंडी पहाड़, गारधरूबेश्वर, अनारा, बगलिया, कुस्तौर, छर्रह, पुरुलिया, गौरीनाथधाम, चास रोड, गरजाईपुर, दामरुघुटु, पुंडाग और राधागांव स्टेशनों पर रुकेगी।

रोड ओवर ब्रिज के उद्घाटन/समर्पण तथा आसनसोल-बोकारो रेल सेवा के शुभारम्भ के अवसर पर आसनसोल स्टेशन पर सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो उपस्थित थे, जबकि कुमारपुर में विधायक अजय कुमार पोद्दार एवं माननीय विधायक श्रीमती अग्निमित्रा पॉल उपस्थित रहीं। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवस्कर ने सिउरी कार्यक्रमस्थल पर गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

## एक झलक

### जनरल को गोली मारने का आरोपी दुबई से गिरफ्तार

**मास्को :** रूस की मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंसी जीआरयू के डिप्टी हेड लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव पर गोली चलाने के आरोपी को दुबई में हिरासत में लिया गया है। बाद में उसे रूस को सौंप दिया गया। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने कहा कि आरोपी रूसी नागरिक है और उसका नाम ल्युबोमिर कोरबा है। उसे फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के शक में दुबई में पकड़ा गया। जांच एजेंसियों के मुताबिक, शुक्रवार को मॉस्को के एक अपार्टमेंट ब्लॉक में अलेक्सेयेव को कई गोलियां मारी गई थीं। रूसी मीडिया के अनुसार, गोली लगने के बाद उनकी सर्जरी की गई। इस मामले पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यूक्रेन पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह हमला शांति वार्ता को नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया गया। हालांकि, यूक्रेन ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उसका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है।

### बलूच लिबरेशन आर्मी ने मुनीर सेना को दी बड़ी चोट!

**नयी दिल्ली :** बलूचिस्तान में जारी संघर्ष के बीच बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ऑपरेशन हेरोफ 2 अभियान के तहत बड़े पैमाने पर हमले करने का दावा किया है। संगठन के अनुसार 31 जनवरी सुबह 5 बजे से शुरू होकर 6 फरवरी शाम 4 बजे तक चले छह दिन के इस अभियान में उसके लड़ाकों ने 14 शहरों में 76 से अधिक हमले किए। बीएलए की तरफ से एक बयान में बताया गया है कि इनमें कई हमले एक साथ और समन्वित तरीके से अंजाम दिए गए। बीएलए ने कहा कि इस अभियान में उसकी प्रमुख इकाइयों - मजीद ब्रिगेड, फतेह स्क्वाड, स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशंस स्क्वाड, खुफिया विंग जिराब और मीडिया विंग हक्कल ने हिस्सा लिया।

### ट्रम्प की दो टूक, जून तक समझौता कर लें यूक्रेन-रूस

**वाशिंगटन :** अमेरिका ने यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए जून तक की डेडलाइन दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों पक्षों पर दबाव डालकर इस समय सीमा तक समझौता करवाना चाहता है। जेलेंस्की के अनुसार, ह्यअगर समय पर समझौता नहीं हुआ, तब वे दोनों देशों पर और अधिक दबाव डाल सकते हैं। इसका नतीजा बुरा हो सकता है।' ट्रम्प प्रशासन इस मामले में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जेलेंस्की ने बताया कि अमेरिका ने अगले दौर की त्रिपक्षीय बातचीत को पहली बार अमेरिका में आयोजित करने का सुझाव दिया है। यूक्रेन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। इससे पहले अबू धाबी में हुई त्रिपक्षीय बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हो सका था। दोनों पक्ष अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।

### इमरान व उनकी पत्नी बुशरा को 17-17 साल की सजा

**तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में अदालत ने सुनाया फैसला**

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की राजनीति से बड़ी खबर आ रही है जहाँ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की परेशानी बढ़ गई हैं। तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में अदालत ने दोनों को 17-17 साल की लंबी सजा सुनाई है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बनी स्पेशल कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। जज ने दोनों को अलग-अलग धाराओं में कुल 17 साल की सजा दी है। साथ ही, उन पर 1 करोड़ 64 लाख पाकिस्तानी रुपये का भारी जुर्माना लगा दिया है। हालांकि, बुशरा बीबी के महिला होने के नाते सजा में थोड़ी नरमी की बात कही जा रही है, लेकिन सजा फिर भी काफी सख्त है। दरअसल पूरा मामला 2021 का है, जब सऊदी अरब की सरकार ने इमरान को कुछ महंगे तोहफे दिए थे।

# किसानों के हित सर्वोपरि, ट्रेड डील से भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं : शिवराज

एजेंसी

**भोपाल :** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह डील पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, समझौते में झुकने की नहीं। इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। किसानों के हित सर्वोपरि हैं, उन पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को अपने भोपाल स्थित आवास पर भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतुलित रणनीति अपनाकर सकारात्मक संवाद करते हुए यह ट्रेड डील की गई है। डिप्लोमेसी मतलब राष्ट्र प्रथम, डेवलपमेंट यानी विकसित भारत की दिशा में भारतीय कदम बढ़ाने लिए ट्रेड डील बड़ा आधार है। भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। यह डील हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है। यूपीए की सरकार में भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी और अब हम तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। हमारे वो सारे कृषि उत्पाद, जो हमारे



किसानों की मूल ताकत है, उन सबको इस समझौते से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील अपने आप में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयाँ और गति देने वाली है। यह समझौता केवल व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का एक उत्तम उदाहरण है। यह ट्रेड डील हमारे किसानों को न केवल पूरी तरह से सुरक्षित रखती है, बल्कि हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है। चौहान ने कहा कि अगर कृषि और कृषि उत्पादों को देखें, तो भारतीय किसानों को नुकसान हो, ऐसा कोई भी उत्पाद सम्मिलित नहीं किया गया है। सभी ऐसी वस्तुओं को समझौते के बाहर रखा गया है। सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूँ, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, इथेनॉल, तंबाकू जैसे उत्पादों पर कोई टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। सबसे ज्यादा चिंता इसी बात की थी कि हमारे प्रमुख अनाज सुरक्षित रहने चाहिए, वो सब के सब सुरक्षित रखे गए हैं। प्रमुख अनाज, प्रमुख फल, हमारे डेयरी उत्पाद उनके लिए कोई द्वार अमेरिका के लिए नहीं खोला गया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय किसानों के कई कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा, लेकिन अमेरिकी किसानों के कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में यह छूट नहीं दी गई है। भारत के कृषि और डेयरी के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कृषि क्षेत्र में कई उत्पादों पर जो टैरिफ था, उसे अमेरिका ने 50 परसेंट से घटाकर शून्य किया है। इनमें मसाले प्रमुख हैं, हमारे मसालों का बड़ी मात्रा में निर्यात होता है। इसके अलावा चाय, कॉफी, नारियल, नारियल का तेल, सुपारी, काजू, वनस्पति मोम, एवोकाडो, केला, अमरूद, आम, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम तथा जौ जैसे कुछ अनाज भी इसमें सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि डब्बा बंद सब्जियां भी भारत नहीं आएंगे। वर्ष 2024-25 में 4.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने के साथ भारत ने वैश्विक निर्यातक के रूप में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी है और हमारे मसाला निर्यात में 88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# आर्मेनिया ने सीडीएस चौहान को दिखाये भारत से खरीदे हथियार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत से खरीदे गए हथियारों का आर्मेनिया ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शन किया है। भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल अनिल चौहान इस समय आर्मेनिया दौरे पर हैं। उनके सामने आर्मेनियाई और भारतीय हथियारों के अलग-अलग यूएवी और आर्मेनिया में बनाए गए हवाई बमों के लिए सुधार मॉड्यूल भी दिखाए गए। प्रदर्शित किये गए हथियारों में भारत से मिले आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, पिनाका मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम और सेल्फ प्रोपेल्ड हॉवित्जर हैं।

इससे पहले भारत ने साल 2020 में 350 करोड़ रुपये का सौदा हासिल करके दुश्मन के खतरनाक हथियारों को खोजने में माहिर चार स्वाति वेपन लोकेटिंग राडार (डब्ल्यूएलआर) की आपूर्ति की थी। भारतीय सेना के लिए डिजाइन किए गए इन रडार का उपयोग दुश्मन की तोपों के गोले, मोर्टार और रॉकेट को ट्रैक करने के लिए किया जाता है। दुश्मन के लॉन्चरों पर निगाह रखने के लिए भारत ने इस रडार को पाकिस्तान और चीन की सीमा पर लगाया है। 50 किलोमीटर की रेंज में एक साथ कई दिशाओं से आ रहे गोले और रॉकेट की सही दिशा बताने में ये राडार माहिर है। इसके बाद आर्मेनिया ने रूस निर्मित सुखोई-30 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए भी भारत से मदद मांगी है। भारत को सितंबर, 2022 में आर्मेनिया से मिसाइल, रॉकेट और गोला-बारूद के लिए 245 मिलियन डॉलर का ऑर्डर मिला था। इन सौदों में मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम, एंटी टैंक रॉकेट और गोला-बारूद का अधिग्रहण शामिल था। आर्मेनियाई सेना ने अन्य प्रणालियों के साथ पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) की छह रेजिमेंट की खरीद के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत सौदे के तहत आर्मेनिया को टैंक रोधी रॉकेटों के साथ-साथ गोला-बारूद की एक श्रृंखला की भी आपूर्ति करेगा। भारत में बना मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम वेरिएंट के आधार पर 75 किमी. तक की रेंज में फायर करने में सक्षम है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने रिपब्लिक ऑफ आर्मेनिया के रक्षा मंत्री करेन ब्रूटियन के साथ बैठक की। इस बातचीत में दोनों देशों के बीच आपसी फायदे के खास सुरक्षा और क्षेत्रीय मामलों में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।



### भारत और आर्मेनिया में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक सहयोग मजबूत करने पर हुई वार्ता

**हाल** के वर्षों में आर्मेनिया के साथ भारत के रक्षा संबंध और भी गहरे हुए हैं। आर्मेनिया ने साल 2022 में पहले विदेशी खरीदार के तौर पर भारत को 720 मिलियन डॉलर में 15 आकाश मिसाइल प्रणालियों का ऑर्डर दिया था। यह आकाश-1एस प्रणाली लड़ाकू विमानों, निर्देशित मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई खतरों के खिलाफ विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करती है। डीआरडीओ निर्मित यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों का 30 किलोमीटर पहले ही पता लगाकर उसे नीचे ला सकती है। आकाश मीडियम रेंज की हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसे डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन, भारत डायनामिक्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने तैयार किया है। चीन के साथ तनाव की शुरूआत के समय से ही पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत ने स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर रखा है। भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट 155 मिमी/52 कैलिबर टोड गन की उपयोगिता अपने पड़ोसी अजरबैजान से आत्मरक्षा में लगे आर्मेनिया को भी पसंद आई है। इसलिए नवंबर, 2022 में आर्मेनिया ने आर्टिलरी गन की आपूर्ति के लिए भारत को 155.5 मिलियन डॉलर का ऑर्डर दिया था, जो 155 मिमी हथियार प्रणाली के लिए किसी स्थानीय कंपनी को दिया गया पहला ऑर्डर था। भारत से 06 एडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) खरीदने के बाद आर्मेनिया ने मार्च, 2024 में 84 गन के दूसरे बड़े बैच का ऑर्डर दिया है।

# समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है : डॉ. मोहन भागवत

### स्वातंत्र्यवीर सावरकर को भारत रत्न मिला, तो उस सम्मान का सम्मान ही बढ़ेगा

एजेंसी

**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई विरोध नहीं है। यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न मिला तो उस सम्मान का सम्मान ही बढ़ेगा।

संघ प्रमुख डॉ. भागवत आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित 'नए क्षितिज' कार्यक्रम के दूसरे दिन के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई



विरोध नहीं है। यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उसके लिए संघर्ष की स्थिति पैदा न हो। उत्तराखंड राज्य ने समान नागरिक संहिता के संबंध में पहले प्रस्ताव किया, फिर लोगों के सुझाव मांगे, तीन लाख सुझाव आए। उसके बाद उन्होंने कानून बनाया। कानून बन जाना पर्याप्त नहीं है। कानून का पालन होना चाहिए। इस सबके बावजूद हम विविधता में एकता के पक्षधर हैं। हम एक समाज है, हमें अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक मानकर विचार नहीं करना चाहिए। अलग-अलग होने पर हम सब अल्पसंख्यक ही हैं।

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि बुद्ध ने अपने धर्म को भी सनातन धर्म ही कहा है। हिन्दू अपने आप में कोई धर्म नहीं है। सनातन धर्म की दो शाखाएं-वैदिक धर्म और बौद्ध धर्म हैं। आज जो इस्लाम का स्वरूप दिख रहा है, वह मोहम्मद साहब का इस्लाम नहीं है। आज जो ईसाइयत है, वह ईसा मसीह की ईसाइयत नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने डीटीसी को 1,200 करोड़ के अनुदान को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के हजारों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देने के अलावा आधुनिक तकनीक से यातायात को सुगम बनाने के लिए 1,200 करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। इस राशि का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए 1,200 करोड़ रुपये के अनुदान में से 1,100 करोड़ रुपये सीधे तौर पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, पेंशन और अन्य देयताओं के लिए आवंटित किए गए हैं।

## केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के प्रति संवेदनशील : मनोहर




■ नवोत्थान और वैश्विक भारत की प्रतिष्ठापना का है केन्द्रीय बजट : मनोहर लाल

एजेंसी

**रायपुर :** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल रविवार को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए संवेदनशील है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल आज राजधानी रायपुर में पत्रकार वार्ता के माध्यम से बजट संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने केन्द्र सरकार के बजट को नवोत्थान और वैश्विक भारत की प्रतिष्ठापना वाहक बताया और कहा कि इस बार के बजट में सिर्फ आँकड़े ही नहीं हैं, बल्कि विकसित भारत-2047 का विजन भी सामने रखा गया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर ने बजट प्रावधानों की सराहना की और इसे केवल एक वार्षिक वित्तीय विवरण न मानकर देश के अगले 25 वर्षों के विकास का मार्गदर्शक 'विजन डॉक्यूमेंट' बताया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण तथ्य साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष का बजट पहली बार 'कर्तव्य भवन' (वित्त मंत्रालय का नया परिसर) में तैयार किया गया।

# भाजपा अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ने 500 नयी ईवी बसों को दिखायी हरी झंडी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित एक भव्य समारोह में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 500 नई इलेक्ट्रिक (ईवी) बसों तथा दिल्लीझपानीपत के बीच अंतरराज्यीय ई-बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर एक मजबूत और निर्णायक सरकार का गठन किया है। सरकार के एक




वर्ष पूरे होने के अवसर पर दिल्ली को 500 नई इलेक्ट्रिक बसों का उपहार मिलना एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों की दिल्ली को साकार करने के लिए निरंतर समर्पण भाव से कार्य कर रही हैं।

नितिन नवीन ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बड़े-बड़े वादे और घोषणाएं कीं, लेकिन परिणाम धरातल पर नजर नहीं आए। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार ने अपने काम से यह सिद्ध किया है कि यह परिणाम देने वाली सरकार है। जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन, डिजिटल पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही बीते एक वर्ष में स्पष्ट रूप से देखने को मिली है।

### 03 मंजिला बिल्डिंग गिरी, 02 की मौत

**कोटा :** राजस्थान के कोटा में शनिवार रात करीब 9 बजे एक 3 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। मलबे में स्टूडेंट्स समेत कई लोग दब गए। हादसे में एक कोचिंग स्टूडेंट समेत 2 लोगों की की मौत हो गई, जबकि 8 घायल हॉस्पिटल में भर्ती है। 5 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। तलवंडी में इमारत गिरने की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हालात यह थे कि मलबे में दबे लोग चीख रहे थे, हमें बचा लो। किसी का हाथ बाहर दिख रहा था तो किसी का पैर। एसडीआरएफ की टीम देर रात तक मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटी रही।

## तृप्ति का ग्लैमरस फोटोशूट वायरल

**मुम्बई :** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी बीते कुछ वर्षों में अपनी शानदार अदाकारी और स्क्रीन प्रेजेंस के चलते इंडस्ट्री की उभरती हुई सितारों की सूची में शुमार हो चुकी हैं। फिल्म 'कला' और 'एनिमल' के बाद तृप्ति को नई पहचान मिली और उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। इसी बीच वह अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें वह पहली बार अभिनेता शाहिद कपूर के साथ दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़ी उम्मीदों और उत्साह के बीच तृप्ति ने हाल ही में एक ग्लैमरस फोटोशूट करवाया जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा कीं। जैसे ही तस्वीरें सामने आईं, फैंस ने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफों की बौछार कर दी। तृप्ति के आत्मविश्वास भरे लुक और स्टाइल ने सभी का ध्यान खींचा और कई यूजर्स ने उन्हें 'नेक्स्ट बिग थिंग' तक कहा। फोटोशूट के बाद अब फैंस की उत्सुकता फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर और बढ़ गई है। फिल्म में तृप्ति और शाहिद की जोड़ी को लेकर काफी चर्चा है और माना जा रहा है कि यह उनके करियर का एक और महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है।



# जो योगी होता है, उसके हृदय में सिवाय ईश्वर प्राप्ति के और कोई इच्छा नहीं होती : स्वामी अमरानन्द



कृष्ण बिहारी मिश्र

**रांची :** रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम में रविवारीय सत्संग को सम्बोधित करते हुए अतिवरिष्ठ संन्यासी स्वामी अमरानन्द गिरि ने कहा कि जो सही मायनों में संन्यासी या योगी होता है, उसके हृदय में किसी प्रकार की इच्छा/चाहत नहीं होती, सिवाय ईश्वर प्राप्ति के, वो अपने अंदर की सारी बुराइयों जैसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, वैमनस्यता आदि को भस्मीभूत कर चुका होता है। वो सिर्फ अपनों के लिए ही नहीं, बल्कि उसके द्वारा की गई प्रार्थना में सभी के कल्याण की भावना छिपी होती हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवद्गीता में कहते हैं कि ऐसे संन्यासी/योगी अपने अंदर की सारी बुराइयों को निरग्नि में क्रियायोग के द्वारा भस्मीभूत कर देते हैं। स्वामी अमरानन्द गिरि के शब्दों में केवल योगी ही अपनी सारी इच्छाओं से स्वयं को मुक्त कर सकते हैं। ब्रह्मानन्द को प्राप्त कर सकते हैं। परमसुख को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सुंदर भाव को केवल प्रेम से ही पाया जा सकता है, जैसा कि परमहंस योगानन्द जी कहा करते थे कि केवल प्रेम ही उनके स्थान को भर सकता है।

स्वामी अमरानन्द गिरि ने कहा कि जीवन में प्रेम, ज्ञान और शुद्धता का विशेष महत्व है। जीवन को जितना



सरल बनाये रखेंगे, आप उतने ही आनन्द में रहेगे और जीवन को जितना आप जटिल बनायेंगे, उतना ही आप आनन्द से दूर होते चले जायेंगे। यदि अपने जीवन को सरल बनाना है, आनन्दमय बनाना है तो आप गुरु/ईश्वर की शरण में जाये, उनका अनुसरण करें, आध्यात्मिक पथ को अपनाये, इससे आप शत प्रतिशत आनन्द का अनुभव करेंगे।

स्वामी अमरानन्द ने कहा कि कोई भी कर्म करें, उस कर्म को लेकर उसके परिणाम या फल की चिन्ता न करें। इसका त्याग करना सीखें। यही सही मायने में प्रत्याहार है। उन्होंने कहा कि जब आप योगदा से जुड़ते हैं। आश्रम में आते हैं, तो आप सही पथ को चुनते हैं। यहां आने से आप ध्यान के माध्यम से ईश्वर की ओर कदम बढ़ाते हैं। यहां आपका हृदय शुद्ध होता है। यही हृदय की शुद्धता आपको ईश्वर के निकट ले जाती है, क्योंकि बिना हृदय को शुद्ध किये ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि मन को कभी दुख, ईर्ष्या, अहंकार आदि से प्रदूषित नहीं होने दीजिये। इन सारे विकारों से मन को आप मुक्त रखें। मन को इन विकारों से मुक्त करना संभव है। योगदा की तकनीकें आपको इनसे मुक्त रहने में मार्ग पप्रदर्शित करेंगी। बेकार की बातों में मन को लगाने से अच्छा है कि अच्छी किताबें पढ़े, गुरुजी की पाठमालाओं में रुचि दिखायें। उन्होंने कहा कि आप हमेशा ईश्वर को प्रथम स्थान में रखिये, जीवन का उद्देश्य ईश्वर की प्राप्ति ही हैं और बाकी सारी चीजें बेकार हैं।

स्वामी अमरानन्द ने कहा कि वर्तमान में वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। उस वंदे मातरम में बंकिमचंद्र चटर्जी ने उस दिव्य शक्ति का आह्वान किया है। वो दुर्गा है। वो वंदे मातरम् के माध्यम से मां की आराधना कर रहे हैं, प्रार्थना कर रहे हैं कि वो सारी अविद्या से सभी को मुक्त करें, इससे अच्छी राष्ट्र की आराधना और क्या हो सकती है?

उन्होंने बार-बार कहा कि जब आप किसी से घृणा कर रहे होते हैं तो आप स्वयं को विनाश की ओर ले जा रहे होते हैं और जैसे ही प्रेम करना सीखते हैं आप स्वयं को आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर कर रहे होते हैं। एक स्वच्छ व सुंदर मस्तिष्क ही जीवन के उद्देश्यों को पूरा कर सकता है। हमेशा ईश्वर प्राप्ति के लिए स्वयं को एक्टिव रखें, इस कार्य में कभी आलस्य को जन्म लेने न दें।

**(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही24 के सम्पादक हैं।)**